2 फरीदाबाद
बिजली के तारों से आएदिन हो रहे हादसों से भी सबक नहीं लेता निगम

6 अभिमत
सावधान! जनसंख्या विस्फोट के मुहाने पर भारत

9 देश/विदेश
अल्वा ने धनखड़ को दी बधाई, ममता पर परोक्ष रूप से साधा निशाना

12 कसौटी
निगमायुक्त की ताजा कार्रवाई ने चौटाला राज की याद ताजा करवा दी

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 180
फरीदाबाद, रविवार, 07 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बजरंग, दीपक पुनिया और साक्षी ने मारा गोल्ड पर हाथ

पेज - 11

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 32.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### पटना के मनेर में नाव पर सिलेंडर ब्लास्ट, चार की मौत



**पटना।** पटना के मनेर के रामपुर घाट पर सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि नाव पर खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जज उत्तम आनंद के हत्यारों को उम्र कैद

**धनबाद।** धनबाद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में दोनों दोषियों लखन और राहुल वर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी है। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को सजा सुनाते हुए कहा कि यह ज्यूडीशियल सिस्टम पर हमला है। साथ ही आम जनता से जुड़ा हुआ है। इसलिए दोषियों को यह सजा अपनी अंतिम सांस तक काटनी होगी। साथ ही आरोपियों को 25 हजार रुपये का फाइन भी लगाया है।

### होटल में मिली ताइवान के एमडीओ की लाश

**ताइवान।** ताइवान डिफेंस मिनिस्ट्री के रिसर्च डिपार्टमेंट के डिप्टी हेड ओ यांग ली-हिंग शनिवार सुबह एक होटल के कमरे में मृत पाए गए। अधिकारियों के मुताबिक यांग ली-हिंग की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई। सेंट्रल न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, ताइवान डिफेंस मिनिस्ट्री के रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट के डिप्टी हेड ली-हिंग कई मिसाइल प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे थे।

### उधमपुर में मिनी बस खाई में गिरी, आठ छात्र घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के मसोरा के पास एक मिनी बस फिसल कर खाई में गिर गई। हादसे में आठ छात्रों के घायल होने की खबर है। उन्हें पास के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बस बरमीन गांव से उधमपुर जा रही थी।

### इंडियन म्यूजियम में सीआइएसएफ जवान ने की फायरिंग

**कोलकाता।** कोलकाता के इंडियन म्यूजियम में शनिवार को सीआइएसएफ के जवान ने अपने साथियों पर फायरिंग की। इस घटना में दो लोग घायल हो गए हैं। सीआइएसएफ जवान ने कथित तौर पर एके-47 राइफल से फायरिंग की है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर दी। आरोपी जवान अंदर ही था, जिसे काफी मशक्कत के बाद काबू कर लिया गया।

### दो वर्ष पुराने मामले में अदालत में पेश हुए भगवंत मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दो साल पहले उनके खिलाफ दर्ज हुए दंगा के एक मामले में शनिवार को यहां एक स्थानीय अदालत में पेश हुए। यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेशी के दौरान मान का प्रतिनिधित्व पूर्व महाधिवक्ता अनमोल रतन सिद्धू ने किया। अदालत में पेश होने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री मान ने कहा कि उनकी पार्टी (आम आदमी पार्टी) ने बिजली दरों में कमी की मांग को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन किया था।

भारत की महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

# सेमीफाइनल में इंग्लैंड को चार रन से हराया, मंधाना-राणा बनीं स्टार

**एजेंसी।** बर्मिंघम



**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स में इतिहास रच दिया है। भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को चार रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स में पहली बार महिला क्रिकेट को शामिल किया गया और भारतीय टीम ने पहले प्रयास में फाइनल में जगह बना ली है।

टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 160 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने 32 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। जेमाइमा रोड्रिगेज ने 31 गेंदों पर 44 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर 160 रन बना सकी। कप्तान नैट शिवर ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत की ओर से स्नेह राणा ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए।

**मंधाना और शेफाली ने भारतीय टीम को तेज शुरुआत दी**

मंधाना और शेफाली ने भारतीय टीम को तेज शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट की साझेदारी में 7.5 ओवर में 76 रन जोड़े। फ्रेया कैंप ने शेफाली का विकेट लिया। मंधाना को नताली स्किवर ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद भारतीय पारी कुछ धीमी हो गई। भारत के 100 रन 13 ओवर में पूरे हुए। कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हुईं। जेमाइमा भी शुरुआत में धीमी खेलीं, लेकिन बाद में उन्होंने रफ्तार बढ़ाने में सफलता हासिल की। दीप्ति शर्मा ने 20 गेंद पर 22 रन बनाए।

टीम इंडिया ने पिछले साल सीमित ओवरों की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था। इंग्लिश टीम तीन मैचों की टी-20 सीरीज में भारतीय टीम को 2-1 से हराने में सफल रही थी। बता दें कि कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला क्रिकेट को पहली बार शामिल किया गया है।

**भारतीय दर्शकों के लिए एक बड़ा बदलाव किया**

**भारत** और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मैच भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे खेला जाना था, लेकिन अब इसके समय में बदलाव हो गया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले सेमीफाइनल का समय भी बदल गया है। भारत ने टी20 क्रिकेट में केवल एक दिन-रात का खेल खेला है और वह बारबाडोस के खिलाफ चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में खेला गया था। इसके बाद हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम के अंतिम चार में पहुंचने के साथ ही आयोजकों ने भारतीय दर्शकों के लिए एक बड़ा बदलाव किया है।

**इंडिया प्लेइंग इलेवन :** शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमाइमा रोड्रिगेज, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), तानिया भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, स्नेह राणा, मेघना सिंह, रेणुका सिंह।

**इंग्लैंड प्लेइंग इलेवन :** डेनियल व्यॉट, सोफिया डंकले, एलिसे केप्से, नताली शिवर (कप्तान), एमी जोन्स (विकेटकीपर), माइया बाउचियर, कैथरीन ब्रंट, सोफी एक्लेस्टन, फ्रेया केंप, इजी वॉन्ग, सारा ग्लेन।

जो भी टीम सेमीफाइनल हारेगी, वह रविवार को ब्रॉन्ज मेडल के लिए मैच खेलेगी। यदि टीम इंडिया यह मैच जीत जाती है तो वह इन गेम्स के इतिहास में महिला क्रिकेट का पहला मेडल पक्का कर लेगी।

### बिहार के भूजल में मिली यूरेनियम की उच्च सांद्रता



**पटना।** बिहार के कुछ जिलों में भूजल में यूरेनियम की उच्च सांद्रता मिलने से प्रशासन चिंतित है। राज्य के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 10 जिलों से पानी के 100 नमूनों को केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) के लखनऊ केंद्र पर वैज्ञानिक विश्लेषण के लिए भेजा गया है। सीजीडब्ल्यूबी (मध्य-पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्रीय निदेशक ठाकुर ब्रह्मानंद सिंह का कहना है कि पेयजल में यूरेनियम का मिलना लोगों के स्वास्थ्य के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है।

देश का उपराष्ट्रपति भी एनडीए का

# जगदीप धनखड़ होंगे 14वें उपराष्ट्रपति

**कुल 725 में से 528 वोट मिले, मार्गरेट अल्वा 182 पर सिमटीं**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जगदीप** धनखड़ देश के 14वें उपराष्ट्रपति होंगे। उपराष्ट्रपति के लिए शनिवार शाम पांच बजे वोटिंग खत्म हुई। संसद में दोनों सदनों को मिलाकर फिलहाल 780 सदस्य (राज्यसभा में 8 सीटें खाली) हैं, लेकिन 725 (92.94 फीसद) सदस्यों ने ही वोट किया। इस लिहाज से बहुमत का आंकड़ा 363 था। काउंटिंग में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) के कैंडिडेट जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले, जबकि विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले। वहीं, 15 वोट निरस्त कर दिए गए।

ममता ने अपने 36 सांसदों को वोटिंग से दूर रहने की बात कही थी, लेकिन टीएमसी सांसद शिशिर अधिकारी और दिव्येंदु अधिकारी ने ममता के फैसले के खिलाफ वोट किया। आंकड़ों के हिसाब से धनखड़ की जीत के लिए एनडीए के ही वोट काफी रहे। इनके दोनों सदनों में 394 सांसद हैं, यह बहुमत के आंकड़े 363 से ज्यादा है। सपा और शिवसेना के दो, जबकि बसपा के एक सांसद ने वोट नहीं किया। वहीं, भाजपा सांसद सनी देओल और संजय धोत्रे ने वोट नहीं किया। शनिवार को वोटिंग की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई थी। शाम छह बजे से काउंटिंग शुरू हुई, साढ़े सात बजे बाद रिजल्ट आया। सुबह 10 बजे मतदान स्टार्ट हुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने शुरुआत में ही वोट डाला। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित दूसरे सांसदों ने भी मतदान किया।



**725 सांसदों ने वोटिंग में लिया हिस्सा**

**बता** दें, अभी लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 245 में से आठ सीटें खाली हैं। यानी निर्वाचन मंडल 788 के बजाय 780 सांसदों का है। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव से दूर रहने की बात कही है। संसद के दोनों सदनों में कुल 36 सांसद हैं। 725 सांसदों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। इस हिसाब से बहुमत का आंकड़ा 363 रहा।

**पीएम नरेंद्र मोदी धनखड़ को शुभकामनाएं देने पहुंचेंगे**

**धनखड़** का दिल्ली में स्थायी निवास नहीं होने के कारण केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के सरकारी निवास पर जीत के बाद जश्न मनाना शुरू किया। पीएम नरेंद्र मोदी भी 11 अकबर रोड धनखड़ को शुभकामनाएं देने पहुंचेंगे। वोटिंग से पहले शुक्रवार को भी बिहार, राजस्थान और कई अन्य राज्यों के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने धनखड़ से यहां मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। चुनाव से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार देर शाम नागौर एमपी हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी ने भी धनखड़ को समर्थन दिया था। बेनीवाल ने कहा कि उनके एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ से पारिवारिक संबंध हैं और वो किसान के बेटे हैं। वहीं, इससे पहले बसपा सुप्रीमो मायावती और तेलगुदेशम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू के अलावा बीजेडी और वाईएसआर कांग्रेस ने भी उपराष्ट्रपति चुनाव में उन्हें समर्थन देने का ऐलान कर दिया था।

## गुजरात में केजरीवाल ने व्यापारियों से छापा राज खत्म करने का वादा किया

**एजेंसी।** जामनगर



**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी गुजरात में आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता में आई तो सरकार का मार्गदर्शन करने के लिए व्यापारियों की एक सलाहकार समिति गठित करेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मूल्य वर्धित कर (वैट) से संबंधित छूट का भी वादा किया और कहा कि पार्टी की सरकार छापे राज पर विराम लगाएगी। वह यहां व्यापारियों के एक समूह से मिल रहे थे। केजरीवाल शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर भाजपा शासित गुजरात पहुंचे, जहां इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं।

उन्होंने कहा, मैं यहां चंदा लेने नहीं आया हूं, मुझे चंदा नहीं चाहिए। मैं यहां व्यापारियों और उद्योगपतियों को गुजरात के विकास में भागीदार बनाने आया हूं। उन्होंने कहा, जब आप यहां सरकार बनाएगी तो आपको (उसमें) भागीदार माना जाएगा। आप आदेश देंगे और सरकार उस आदेश को लागू करेगी। केजरीवाल ने व्यापारी समुदाय को गारंटी को लेकर भरोसा दिलाते हुए कहा कि अगर आप सत्ता में आती है तो सरकार का मार्गदर्शन करने के लिए पार्टी एक सलाहकार निकाय बनाएगी।

उन्होंने कहा, (राज्य में) विभिन्न प्रकार के व्यवसाय हैं, विभिन्न उद्योग हैं, और विभिन्न समस्याएं हर दिन सामने आती हैं। इसलिए हम हर क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ एक सलाहकार निकाय बनाएंगे। आप लोग सरकार को बताएंगे कि क्या करना है, और सरकार वैसा करेगी। आपका निर्णय सरकार पर बाध्यकारी होगा।

आप की अन्य गारंटियों में व्यापारिक समुदाय के बीच डर के माहौल को दूर करने और उनके साथ सम्मान के साथ व्यवहार करने की प्रतिबद्धता भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि गुजरात में आम आदमी की सरकार छापे राज या सरकारी एजेंसियों द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न को समाप्त करेगी। केजरीवाल ने कहा कि आप सरकार मूल्य वर्धित कर (वैट) का बकाया माफ करने की योजना पेश करेगी और छह महीने के भीतर वैट की वापसी के लिए तंत्र विकसित करेगी।

## चंद्रशेखर राव नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करेंगे

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि राज्यों के प्रति केंद्र के भेदभावपूर्ण रुख के खिलाफ वह सात अगस्त को होने वाली नीति आयोग की शासी परिषद की सातवीं बैठक का बहिष्कार करेंगे। मोदी को लिखे अपने पत्र में राव ने कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में तभी विकसित हो सकता है, जब राज्य विकसित हों। उन्होंने कहा कि मजबूत और आर्थिक रूप से जीवंत राज्य ही भारत को एक मजबूत देश बना सकते हैं। राव ने पत्र में बैठक का बहिष्कार करने के कई कारण बताते हुए कहा, इन तथ्यों को देखते हुए, मुझे सात अगस्त को होने वाली नीति आयोग की शासी परिषद की सातवीं बैठक में भाग लेना उपयोगी नहीं लगता।

### उद्योगपति मिश्रा के बेटे को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के एक अधिकारी को कथित तौर पर 25 लाख रुपये की रिश्वत देने के मामले में जाने-माने उद्योगपति और उड़ीसा स्टीवडोर्स लिमिटेड (ओएसएल) के प्रबंध निदेशक महिमानंद मिश्रा के बेटे चर्चित मिश्रा को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

## पति की पिटाई से आजिज एनआरआई महिला ने अमेरिका में सुसाइड किया

**एजेंसी।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के न्यूयॉर्क में एक भारतीय मूल की महिला ने सुसाइड कर लिया। पंजाबी महिला मनदीप कौर (30 साल) ने मरने से पहले एक वीडियो में बताया कि वह रोज-रोज मार खाकर थक गई है। अब उसमें और मार खाने की हिम्मत नहीं बची। इसलिए वह आत्महत्या करने जा रही है। महिला ने तीन अगस्त को आत्महत्या कर ली। वीडियो में रोते हुए महिला ने कहा, 'मैं इतने दिनों तक सब झेलती रही क्योंकि मुझे लगा कि मेरा पति सुधर जाएगा, लेकिन अब आठ साल हो गए हैं। मैंने अपना बेस्ट करने की कोशिश की। अब मैं रोज-रोज मार नहीं झेल पाऊंगी। पापा, मैं मरने जा रही हूं। मुझे माफ कर देना।'

मनदीप कौर ने अपने पति पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया। उनकी चार और दो साल की दो बेटियां हैं, लेकिन पति को बेटा चाहिए था। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पति का एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर था।

### रेप मामले में अतुल राय बरी, लेकिन जेल में रहेंगे



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की घोसी लोकसभा क्षेत्र से बसपा सांसद अतुल राय रेप के तीन साल पुराने मुकदमे से बरी हो गए। इस संबंध में वाराणसी की कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सियाराम चौरसिया की अदालत ने अपना फैसला सुनाया। सांसद अतुल राय के एडवोकेट अनुज यादव ने बताया, कोर्ट ने हमारे मुवक्किल को बरी कर दिया है। अतुल के खिलाफ ये मुकदमा एक मई 2019 को बलिया की रहने वाली पीड़िता ने लंका थाने में दर्ज कराया था। वो वाराणसी के यूपी कॉलेज की पूर्व छात्रा थी। न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बीते साल अगस्त में रेप पीड़िता और उसके गवाह ने सुप्रीम कोर्ट के सामने खुद को आग लगा कर जान दे दी थी। एडवोकेट अनुज यादव ने बताया, पीड़िता और गवाह की आत्महत्या के बाद एक और मुकदमा लखनऊ में लिखवाया गया था, जिसमें अदालत ने उन्हें आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोपी बनाया गया है। अब उस मुकदमे में भी सांसद की बेल के लिए प्रयास किया जाएगा। इसीलिए केस में बरी होने पर भी अभी अतुल राय को जेल में ही रहना होगा।




## पहले एसएसएलवी मिशन के साथ इतिहास रचने को तैयार इसरो

**एजेंसी।** चेन्नई

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने पहले लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान मिशन के साथ रविवार को एक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और एक छात्र उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा।

इस ऐतिहासिक मिशन को यहां से लगभग 135 किलोमीटर दूर श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र से अंजाम दिया जाएगा। अपने भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी), भूस्थैतिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) के माध्यम से सफल अभियानों को अंजाम देने में एक खास जगह बनाने के बाद इसरो लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) से पहला प्रक्षेपण करेगा, जिसका उपयोग पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों को स्थापित करने के लिए किया जाएगा।

इसरो के वैज्ञानिक ऐसे छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए पिछले कुछ समय से लघु प्रक्षेपण यान विकसित करने में लगे हुए हैं, जिनका वजन 500 किलोग्राम तक है और जिन्हें पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जा सकता है।

## एचडीएफसीएल ने एचडीएफसी बैंक में विलय के लिए किया आवेदन

**विलय के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से सैद्धांतिक मंजूरी मिली**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**एचडीएफसी** लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि एचडीएफसी इंवेस्टमेंट्स लिमिटेड और एचडीएफसी होल्डिंग्स लिमिटेड का एचडीएफसी बैंक में विलय करने के लिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष एक आवेदन दाखिल किया गया है। यह आवेदन एचडीएफसी बैंक का उसकी मूल कंपनी हाउसिंग डेवलपमेट फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचडीएफसी लिमिटेड) में प्रस्तावित विलय का हिस्सा है।

एचडीएफसी ने शेयर बाजारों को बताया कि संयुक्त कंपनी बनाने की योजना के लिए उसे एनसीएलटी, प्रतिस्पर्धा आयोग समेत विभिन्न सांविधिक एवं नियामक संस्थानों, शेयरधारकों, कर्जदाताओं से मंजूरी लेनी होगी। एचडीएफसी बैंक को इस विलय के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है। यह भारत के कॉरपोरेट इतिहास में संभवतया सबसे बड़ा विलय होने जा रहा है।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- पर्वतीया कालोनी के केडी स्कूल में नेत्र जांच शिविर: सुबह: 9 बजे।
- डबुआ स्थित अपोलो क्लीनिक में स्वास्थ्य जांच शिविर: सुबह 10 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन शिविर: सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**रिटायरमेंट** के लिए बचत और उसका बेहतरीन रिटर्न वाले विकल्प में निवेश जरूरी है। रिटायरमेंट प्लान के लिए सिर्फ ईपीएफ योगदान पर निर्भरता सही नहीं है। रिटायरमेंट के बाद आपको हर महीने कितने पैसे की जरूरत पड़ेगी, सबसे पहले इसका आंकलन करना होगा। आप सामान के मौजूदा मूल्यों के आधार पर मासिक खर्च को निकालें। फिर 6 फीसदी की दर से सालाना महंगाई मानते हुए इसे बढ़ा दें। इससे आपको उस मासिक खर्च के बारे में पता चल जाएगा जिसकी जरूरत आपको रिटायरमेंट के बाद होगी।

### यूटीलिटी न्यूज

## मानव सेवा समिति करेगी कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, ड्राइंग कंपटीशन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करेगी। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व चेयरमैन अरुण बजाज ने कहा है कि 12 अगस्त को मानव भवन पर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 के बच्चों का तिरंगा हमारी आन-बान-शान विषय पर ड्राइंग कंपटीशन व 13 अगस्त को तिरंगा रैली निकाली जाएगी। जिसकी पूरी प्रबंध व्यवस्था समिति का महिला सेल व युवा मंडल संभालेंगे। समिति के महासचिव सुरेंद्र जग्गा व मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने कहा है कि समिति के कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 के मुख्य द्वार को तिरंगा के रंगों के अनुसार सुंदर साज सज्जा व बड़े-बड़े फ्लेक्स बोर्ड, बैनर लगाकर तिरंगा सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा।

### क्विक न्यूज

## अस्पताल को मिली एनएबीएच से मान्यता

**फरीदाबाद।** मरीजों को प्रदान की जा रही बेहतरीन सेवाओं और गुणवत्ता के लिए सुप्रीम अस्पताल को नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से मान्यता मिली है। इसे अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड के नाम से भी जाना जाता है। एनएबीएच से मान्यता मिलने पर अस्पताल के चेयरमैन प्रेम सिंह राणा ने इसे अस्पताल के कुशल चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ की मेहनत का फल बताते हुए ऐसे ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्च स्थान बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड मानक भारत में अस्पताल की गुणवत्ता के लिए उ%चतम बेंचमार्क मानक है। वहीं वाइस चेयरमैन दिग्विजय सिंह राणा, चिकित्सा निदेशक दीपक नटराजन, उप चिकित्सा अधीक्षक विवेक रिछारिया तथा गुणवत्ता प्रमुख डॉ. गरिमा चौहान ने ये मान्यता मिलने पर अपनी पूरी टीम को उनके प्रयासों और टीम समन्वय के लिए बधाई दी।

# बेखबर की खबर : तो अम्मा की आहट से ही... दवाखानों में मच गया हड़कंप?




वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास

**आज** के युग में दवाखानों और शिक्षा के मंदिर से ज्यादा कमाई का जरिया और कहीं पर नहीं रह गया है। पहले शहर में एक आध ही बड़ा दवाखाना होता था, लेकिन पिछले करीब डेढ़ दशक के दौरान शहर में एक से बढ़कर एक बड़े दवाखानों के खुलने का सिलसिला शुरू हो गया था। फिलहाल शहर में एक से बढ़कर एक कई नामचीन दवाखाने चल रहे हैं।

अच्छी कमाई होने के कारण कई धन्नासेठों ने भी इनमें अपनी सफेद या काली कमाई लगाई हुई है। इन्हें मुनाफा देने के लिए समाजसेवा का मुखौटा पहने कई दवाखाने लोगों के घर तक बिकवा डालते हैं। कोरोना की दूसरी लहर में इन दवाखानों की असलियत लोगों के सामने आ ही गई थी। लेकिन लगता है, अब इन दवाखानों का बुरा समय शुरू हो गया है। पिछले दिनों आयकर विभाग की नजर इन पर पड़ गई। एक साथ कई दवाखानों में शिकंजा कसने पर काफी कुछ पकड़ में आया है। अब आने वाले कुछ दिनों में अम्मा के विशाल दवाखाने का शुभारम्भ देश के मुखिया करने जा रहे हैं। अम्मा के दवाखाने में बेहद कम दाम में लोगों का इलाज होगा। यह बात का पता चलते ही शहर के पुराने दवाखानों में बुरी तरह हड़कंप मचा हुआ है।



### पुलिस कहां ले जाए पानी?

**पिछले** कई सालों से बरसात से पहले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए धनवान निगम और जिले के बड़े साहबों द्वारा कई तरह की योजनाएं बनाई जाती हैं। बैठकों के दौर के बाद बरसात में जलभराव न होने देने के बड़े-बड़े दावे भी किये जाते हैं। जिले के बड़े साहब के लिए यह बरसात पहली थी। लेकिन उन्हें धनवान निगम और अन्य विभागों की कारगुजारियों का नहीं पता था। हां उन्हें इतना जरूर पता चला था कि बरसात में यहां जलभराव होता है। ऐसे में उन्होंने भी जलभराव रोकने का उपाय तलाशना शुरू कर दिया। काफी माथापच्ची के बाद उन्हें ख्याल आया कि पुलिस तो अच्छे-अच्छों को बंद कर देती है, फिर पानी क्या चीज है। सो उन्होंने धनवान निगम और विभागों के साथ पुलिस को भी जलभराव रोकने की टीम में शामिल कर लिया, लेकिन बरसात शुरू होते ही हर साल की तरह इस बार भी पूरी की पूरी योजना धराशाई हो गई। निकासी न होने से शहरभर की सड़कों पर पानी भर गया। अब पुलिस भी क्या करें, पानी कोई मुजरिम तो है, जिसे हवालात में बंदकर रोक दिया जाए।

### फरमानों की परवाह नहीं

**जब** से बड़े साहब ने धनवान निगम की जिम्मेदारी ली है, तब से आएदिन कोई न कोई अभियान चलाते आ रहे हैं। कभी शहर में सफाई तो कभी दानवों के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन धनवान निगम के सिपाहियों की वजह से कोई भी अभियान आज तक कामयाब नहीं हुआ है। क्योंकि धनवान निगम के छोटे बड़े सिपाही बड़े साहब के फरमान एक कान से सुनते है और दूसरे से निकाल देते हैं। सरकार के आदेश के बावजूद भी जब शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक का चलन नहीं रूका तो बड़े साहब ने अभियान चलाने का फैसला ले लिया। पिछले दिनों बड़े साहब ने 45 टीमों का गठन कर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दे दिये। लेकिन इन टीमों ने साहब के फरमान को ताक पर रख दिया और मस्ती में व्यस्त हो गए।

# बिजली के तारों से आएदिन हो रहे हादसों से भी सबक नहीं लेता निगम

## बिजली निगम की लापरवाही से तारों के जाल से हो सकता है कोई बड़ा जी का जंजाल

राजेश दास। फरीदाबाद

**बिजली** निगम के अधिकारियों की लापरवाही से शहर में जगह-जगह बिजली के खंभों अथवा मकानों की दीवारों को छूते हुए बिजली की तारों के भयानक जाल बने हुए हैं। लेकिन लाख दावों के बाद भी बिजली निगम तारों को दुरूस्त नहीं कर रहा है। जिसे देखकर स्पष्ट है कि बिजली निगम के अधिकारियों को बड़े हादसे का इंतजार हैं। आम दिनों में इन तारों के जाल की वजह से आएदिन आग लगने की घटनाएं होती रही हैं। लेकिन बरसात के दिनों में तारों के जाल और ज्यादा खतरनाक साबित होने लगते हैं। बिजली निगम की इस लापरवाही का खामिया बरसात के दिनों आवारा पशुओं और पैदल चलने वाले लोगों को उठाना पड़ता है। इसके अलावा बिजली निगम की तरफ स्ट्रीट लाइट ऑन ऑफ करने के स्वीच तक नहीं लगाए जाते। लाइटों की नंगी तारे खंभे पर लटकी आम देखी जा सकता है। बिजली की नंगी तारों की चपेट में आकर आए दिन आवारा पशुओं की जान तक जाती रही है। निगम की इस लापरवाही से शहर के पॉश इलाके भी अछूते नहीं हैं। पॉश इलकों में भी बिजली की तारों की जाल आम देखा जा सकता है। समय रहते यदि इस ओर ध्यान दिया गया तो कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



सेक्टर-19 में जलभराव के बीच भयानक स्थिति में खड़ा बिजली का एक खंभा।




सेक्टर-15 की मार्केट के पीछे बना बिजली के तारों का घना जाल।

### लापरवाही से बनते हैं तारों के जाल

**बिजली** निगम के कर्मचारी तारों में होने वाले फाल्ट की मरम्मत करते समय या फिर कनेक्शन जोड़ते समय बेहद लापरवाही बरतते हैं। कर्मचारियों की इसी लापरवाही के कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में लगे बिजली के खम्भों पर तारों के खतरनाक जाल बने हुए आम देखे जा सकते हैं। शहर के प्रत्येक बिजली के खम्भे पर एक साथ दर्जनों बिजली की तारें आपस में उलझी रहती है। लापरवाही से लगाई गई इन तारों से अक्सर चिंगारियां निकलती रहती हैं। जिससे आए दिन आग लगने की घटनाएं तो होती ही रहती हैं। साथ ही कई बार इनकी वजह से फाल्ट हो जाने पर बिजली गुल हो जाती है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ तारों के इस खतरनाक जाल की वजह से बरसात आते ही इन खम्बों पर बिजली का तेज करंट दौड़ने लगता है। जिसकी वजह से अक्सर हादसा होने का डर लगा रहता है। बिजली के खम्बों पर इस तरह के जाल जिले के किसी भी हिस्से में आम देखे जा सकते हैं। लोगों द्वारा शिकायत करने पर भी इन्हें दुरूस्त नहीं किया जाता।

### पॉश सेक्टर में भी बदहाली

**बिजली** निगम की लापरवाही कालोनियों तक ही सीमित नहीं है। शहर के पॉश इलाकों में शामिल कई सेक्टर और ग्रेटर फरीदाबाद समेत अन्य कई इलाके बिजली निगम की इस लापरवाही से अछूते नहीं है। इन सेक्टरों में बिजली की तारों के जाल के अलावा तारों को काफी नीचे तक लटके हुए आम देखा जा सकता है। कई सेक्टरों में स्ट्रीट लाइटों के ज्यादातर खंभे लोहे के हैं। इन खंभों में नंगी तारों को झूलता हुआ आम देखा जा सकता है। बरसात आने की स्थिति में नंगी तारों की वजह से खंभे में तेज करंट दौड़ने लगता है। जिससे कभी भी किसी की जान जा सकती है। इसी तरह सेक्टर 15 की मार्केट में रोज हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इस मार्केट के पिछले हिस्से में बिजली की तारों का सबसे बड़ा और भयानक जाल बना हुआ है। ऐसे में यदि शॉट सर्किट की वजह से किसी तार में आग लग गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लेकिन बिजली निगम को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। निगम को यहां बड़े हादसे का इंतजार है।



बिजली ट्रांसफार्मर से झूलती बिजली की नंगी तार।

### हादसे का इंतजार



**सामाजिक** कार्यकर्ता धर्मपाल कुकरेजा का कहना है कि खंभों से लटके इन बिजली के नंगे तारों से स्ट्रीट लाइट जलाने वाले लोगों की जान को हमेशा खतरा बना रहता है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस समस्या को लेकर लोग समय-समय पर शिकायत करते रहते हैं। ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए हादसों को रोकने के लिए निगम को तारों को दुरुस्त करने का इंतजाम करना चाहिए।

### स्ट्रीट लाइटों के स्विच गायब

**शहर** के विभिन्न इलाकों में नगर निगम द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइटों को जलाने अथवा बंद करने के लिए स्विच करीब 50 प्रतिशत से ज्यादा खंभों पर अब मौजूद नहीं है। ज्यादातर खंभों पर बिजली निगम द्वारा स्विच कभी लगाए ही नहीं गए।

जबकि अनेक खंभों पर लगाए गए स्विच खराब होने की स्थिति में बदला ही नहीं जाता। बिजली की नंगी तारों से जुगाड़ के जरिये स्ट्रीट लाइटों को जलाने की व्यवस्था की गई है। ज्यादातर स्ट्रीट लाइटों को जलाने और बंद करने के काम आसपास के लोगों द्वारा ही किया जाता है।

ऐसे में नंगे तारों को टच करने के दौरान कभी भी कोई व्यक्ति बिजली के तेज करंट की चपेट में आ सकता है। स्ट्रीट लाइटों की इस तरह की नंगे तारों को एनआईटी, बल्लभगढ़, ओल्ड फरीदाबाद, सराय ख्वाजा, नहरपार की विभिन्न कालोनियों और ग्रामीण इलाकों में देखा जा सकता है। इतनी भयानक स्थिति होने के बावजूद बिजली निगम इन स्ट्रीट लाइटों के स्वीच लगवाने के लिए तैयार नहीं है। स्थानीय लोग समय समय पर स्वीच लगाने की मांग को लेकर अधिकारियों से शिकायत भी करते रहते हैं। लेकिन कोई ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है।

# संपदा कार्यालय की मनमानी से लोग परेशान

## फिएवा ने विधायक नरेंद्र गुप्ता को परेशानियों को लेकर ज्ञापन सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता को ज्ञापन देते फिएवा के सदस्य।

**सेक्टर** 12 संपदा कार्यालय, एचएसवीपी के कारण प्लॉट धारकों एवं रियल एस्टेट कारोबारियों को इस विभाग में हरियाणा सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं लागू किए जाने के बावजूद बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर फिएवा के प्रतिनिधि मंडल ने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की।

फिएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने कहा कि प्रदेश भर के सभी सरकारी कार्यालयों में आम आदमी को वहां सुबह 9:00 से शाम 5:00 बजे तक कार्य समय के दौरान आने-जाने की सुविधा दी जाती है, लेकिन एचएसवीपी सेक्टर-12 फरीदाबाद में आम आदमी के लिए पब्लिक डीलिंग का समय प्रात: 9:00 से दोपहर 1:30 बजे तक सीमित रखा गया है। जबकि अधिकारियों से मिलने का समय 11:30 से 1:30 बजे तक का निश्चित कर रखा है। लेकिन इस दौरान वहां पर कर्मचारी पूरा समय उपलब्ध रहते हैं। अधिकारियों द्वारा कई-कई बार चक्कर लगाने के बाद भी छोटे-छोटे कार्यों के लिए कोई तय समय सीमा निश्चित नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा बनाए गए पीपीएम सिस्टम की खामियों का खामियाजा प्लाट धारकों और रियल एस्टेट कारोबारियों को भुगतना पड़ रहा है। छोटी-छोटी विभागीय त्रुटियों को दूर करवाने के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। उसके बावजूद भी इन कार्यों के लिए मेल बनाकर मुख्यालय पंचकूला भेज दी जाती है।

# मानव रचना डेंटल कॉलेज में स्माइल रैली निकाली

## स्कूलों में हुए कैंप में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




मानव रचना डेंटल कालेज में आयोजित स्माइल रैली में भाग लेते छात्र एवं छात्राएं।

**ऑर्थोडॉन्टिक्स** और डेंटोफेशियल ऑर्थोपेडिक्स विभाग, मानव रचना डेंटल कॉलेज, फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज ने इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के तहत दिल्ली के ऑर्थोडॉन्टिक स्टडी ग्रुप के सहयोग से एक स्माइल रैली का आयोजन किया।

यह रैली ऑर्थोडॉन्टिक्स के बारे में प्रासंगिक जानकारी साझा करने और डी2सीएलाइनर्स के प्रति सतर्करहने के लिए एक जन जागरुकता की पहल थी। डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एम्आरईआई); डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक, एमआरईआई; डॉ अरुणदीप सिंह, प्राचार्य, एमआरडीसी; डॉ कामेश्वर सिंह, रजिस्ट्रार, एमआरयू; डॉ. पुनीत बत्रा, निदेशक पीजी स्टडीज, एमआरडीसी, अन्य वरिष्ठ सदस्य, संकाय सदस्य और छात्र रैली के दौरान उपस्थित थे।

डॉ. प्रशांत भल्ला ने कार्यक्रम को शुरू किया। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने कहा, दंत स्वास्थ्य और उपयोग किए जाने वाले उपकरण कम लोकप्रिय हैं, और इसके बारे में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। इस तरह के शिविर और रैलियां जनता के बीच जागरुकता पैदा करने में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं जिससे एक स्वस्थ समाज का विकास हो सकता है। मानव रचना डेंटल कॉलेज ऐसे विषयों के बारे में जागरूकता फैलाने और गोद लिए गए गांवों और कैंपस ओपीडी में मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर आयोजित करने में हमेशा आगे रहा है। डॉ. प्रशांत भल्ला ने ऑर्थोडॉन्टिक जागरूकता पैम्फलेट का विमोचन किया, जिसके बाद छात्रों के लिए की गई डी2सी एलाइनर्स के रूढ़िवादी जागरुकता और खतरे विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मानव रचना डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुणदीप सिंह ने जागरूकता का समर्थन किया। उन्होंने कहा, मौखिक रूप से स्वच्छ पीढ़ी के लिए लोगों की मूल समझ और विश्वास को बढ़ाया जाना चाहिए।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




सियासत हो रही है आज सड़कों की, बधाई हो
नहीं परवाह जनता को है मुद्दों की, बधाई हो
हमारे गाँव - देहातों के बेटे बेटियाँ प्यारे
खिलाड़ी कर रहे बरसात पदकों की बधाई हो

# पुलेला ने एमवीएन में किया बैडमिंटन अकादमी का शुभारंभ

## एमवीएन स्कूल सेक्टर-88 ने बैडमिंटन गुरुकुल अकादमी हैदराबाद के साथ मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर-88 स्थित एमवीएन स्कूल में गुरुकुल बैडमिंटन एकेडमी के उद्घाटन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी.गोपीचन्द को स्मृति चिन्ह भेंट करते चेयरमैन तरूण शर्मा और निदेशक कान्ता शर्मा।

**सेक्टर-88** का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान मॉडर्न विद्या निकेतन (एमवीएन ) स्कुल, महान बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद द्वारा शुरू किये गए बैडमिंटन गुरुकुल अकादमी, हैदराबाद के साथ जुड़कर एक बहुत ही शानदार पहल का हिस्सा बन गया है। पुलेला गोपीचंद भारत की राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच और बैडमिंटन गुरुकुल के संस्थापक और संरक्षक भी हैं। स्कूल परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दोनों पक्षों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य छात्रों को बैडमिंटन में उकृष्टता प्राप्त करने में मदद करना है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलेला गोपीचंद उपस्थित रहे। इसके अलावा बैडमिंटन गुरुकुल अकादमी की सह-संस्थापक और एमडी सुप्रिया, एमवीएन सोसाइटी के चेयरमैन वरुण शर्मा और एमवीएन सोसाइटी की मैनेजिंग डायरेक्टर कांता शर्मा भी उपस्थित थीं। आयोजन के दौरान, छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों को बैडमिंटन के महान खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद के साथ बातचीत करने का अवसर मिला, जिन्होंने खेल की बारीकियों पर चर्चा की। उन्होंने लोगों से बात करते हुए बताया कि उन्होंने बैडमिंटन गुरुकुल की शुरुआत फिजिकल लिटरेसी को बढ़ावा देने और एक संगठित और व्यवस्थित तरीके से गुणवत्तापूर्ण कोचिंग के माध्यम से सकारात्मक खेल की दिशा में आगे बढ़ने के लिए किया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पुलेला गोपीचंद ने कहा, 'भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक जीत के साथ खुद को एक सुपरपॉवर के रूप में स्थापित किया है। इस तथ्य की पुष्टि इस बात से होती है कि हमारे चैंपियन ने मई 2022 में थॉमस कप फाइनल में 3-0 से जीत के साथ 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को पीछे कर दिया था।'

उन्होंने आगे कहा कि, 'यह सही समय है जब हम युवाओं को खेल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें। मुझे एमवीएन के साथ जुड़कर खुशी हो रही है, जो फिजिकल लिटरेसी को बढ़ावा देने के लिए यह शिक्षा और खेल पर समान रूप से ध्यान देता है। मुझे उम्मीद है कि एमवीएन स्कूल और बैडमिंटन गुरुकुल अकादमी, हैदराबाद के बीच साझेदारी भविष्य के बैडमिंटन चैंपियन को सशक्त बनाएगी।' एमवीएन सोसाइटी के चेयरमैन वरुण शर्मा ने नए एसोसिएशन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसे प्रतिभा और अनुभव का संगम बताते हुए कहा, मैं गोपीचंद का आभारी हूं कि उन्होंने अपनी आभा और उपलब्धियों के साथ संस्थान की विरासत को समृद्ध करने के लिए एमवीएन परिवार के साथ जुड़ने की सहमति दी।

# ग्राम सभा का किया आयोजन



गांव सरूरपुर में ग्रामीणों को जल ही जीवन मिशन के तहत संबोधित करते विभाग के सलाहकार सत्यनारायण नेहरा।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शनिवार** को जिला फरीदाबाद की ग्राम पंचायत सरूरपुर में हर घर जल उत्सव के कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत सुरूरपुर में कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार व ग्राम सचिव रेणु व पंचकुला से एसआईएसए के राज्य सलाहकार राजू नायर ने भाग लिया

इस मौके पर विभाग के जिला सलाहकार सत्यनारायण नेहरा ने ग्रामीणों को जल जीवन मिशन हर घर जल, हर घर नल योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पानी की शुद्धता और गुणवत्ता, पानी की रसायनिक व जीवाणु जांच, वर्षा जल संचय, पानी बचाने के अन्य छोटे-छोटे तरीके जिससे पानी को बचाया जा सके पर विस्तार से जानकारी दी। जल संकट को देखते हुए बूंद-बूंद पानी को बचाने का आह्वान किया। ग्रामीणों से पीने के पानी की उपलब्धता, पीने के पानी के कनेक्शनों की स्थिति आपूर्ति, पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है कि नहीं आदि की जानकारी ली गई।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 07 अगस्त, 2022



# अग्निशमन : पांच माह से नहीं मिल रही 23 ड्राइवरों को तनख्वाह

कविता। फरीदाबाद

**नगर** निगम मुख्यालय में तैनात 23 ड्राईवरों को वर्ष 2018 में अग्निशमन विभाग में ड्यूटी के लिए भेजा गया था, लेकिन नगर निगम के द्वारा ही ड्राईवरों की तनख्वाह भेजी जा रही थी। लेकिन मार्च 2022 के बाद पिछले पांच माह से निगम मुख्यालय द्वार ड्राईवरों की तनख्वाह नहीं भेजी गई है। तनख्वाह न मिलने के कारण काम कर रहे ड्राईवरों को अब घर चलाना मुश्किल हो गया है। एक माह पहले ड्राईवरों ने तनख्वाह के लिए निगमायुक्त को पत्र लिखा, जिसका जबाव नहीं मिला। परेशान ड्राईवरों ने अग्निशमन के एडीएफओ सत्यवान सामरीवाल से शनिवार को मुलाकात की है। जिस पर उन्होंने परेशानी का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ड्राईवरों ने बताया कि अब कौशल पोर्टल पर भी ब्योरा मांगा जा रहा है, लेकिन वह दुविधा में है कि नगर निगम से दिया जाएगा या अग्निशमन विभाग से? दो दिन पहले भी ठेके व अन्य नए कर्मचारियों की ट्रेनिंग का लेटर विभाग के पास आया है।

### वेतन न मिलने से ड्राइवरों को अब घर चलाना हुआ मुश्किल



सेक्टर 15 स्थित फायर स्टेशन।

लेकिन अग्निशमन ने उन्हें ट्रेनिंग के लिए नहीं भेजा। जिससे लगता है कि विभाग उन्हें कर्मचारी ही नहीं मान रहा है।

**यह है पूरा मामला :** नगर निगम में भर्ती किए गए 23 ड्राइवरों ने बताया कि 18 अप्रैल 2018 को उन्हें अग्निशमन में ड्राईवर के पद पर भर्ती किया था। उनका वेतन नगर निगम द्वारा ही भेजा जा रहा था। लेकिन मार्च 2022 के बाद उनके खातों में निगम ने वेतन डालना बंद कर दिया। उन्होंने करीब एक महीने पहले निगमायुक्त के दफ्तर में गुहार लगाई, लेकिन अब तक भी कोई जबाब नहीं मिला है। जिस पर उन्होंने शनिवार को एडीएफओ सत्यवान से बात की है।

**सौतेला व्यवहार :** ड्राइवरों ने बताया कि गत 4 अगस्त 2022 को चंडीगढ़ फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट से एक पत्र जारी किया गया। जिसमें लिखा गया कि 24 मई 2018 से लगे सभी फायर कर्मचारियों चाहे वह किसी भी पद है या फिर ठेकेदारी में, सभी की डिटेल दो दिन के भीतर मेल से भेजे, उनकी ट्रेनिंग करवाई जाएगी। लेकिन इन 23 ड्राईवरों से अग्निशमन विभाग ने किसी भी तरह की कोई डिटेल नहीं मांगी। ड्राईवरों का कहना है कि उन्होंने विभाग में इमानदारी से काम किया है, जहां निगम की ड्यूटी 8 घंटे की होती है, कोरोना काल से लेकर अब तक वह 24-24 घंटे की ड्यूटी दे रहे हैं, लेकिन विभाग उनके संग सौतेला व्यवहार क्यों कर रहा है, यह समझ नहीं आ रहा है। दोनों विभागों के बीच वे पीस रहे हैं। उनका घर चलाना भी मुश्किल हो गया है।

# पत्नी से प्रेम संबंधों के चलते की सब्जी विक्रेता की गोली मारकर हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिलपत** इलाके में दो दिन पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति एक सब्जी विक्रेता के पेट में गोली मारकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को इलाज के बीके अस्पताल पहुंचा दिया था। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा ने इस हत्या के मामले में संज्ञान लेते हुए सभी क्राइम ब्रांचों को तुरंत कार्रवाई कर अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने हरकेश नगर तिलपत में हुए ब्लाइंड मर्डर का मात्र 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोमबीर (32) उत्तर प्रदेश के संभल जिले के गांव बाघऊ का मूल निवासी है। वह वर्तमान में गांव तिलपत के हरकेश नगर में पिछले करीब दो साल से रह रहा है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना पल्ला के हत्या के मुकदमे में आईएमटी बल्लभगढ़ के चंदावली ऐरिया से गिरफ्तार किया है।

### आरोपी थाना पल्ला क्षेत्र में हुई सब्जी विक्रेता की हत्या में चंदावली से काबू किया

आरोपी ने मृतक को दो अगस्त की रात को देसी कट्टे से गोली मार दी थी। जिसे ईआरवी टीम ने मौके पर पहुंच कर घरवालों के साथ बीके अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जिसकी पांच अगस्त को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। मुकदमे में पुलिस द्वारा हत्या की धारा लगा दी गई है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि मृतक नीरज के साथ आरोपी की पत्नी का अफेयर था। जो कई बार मना करने के बाद भी नीरज नहीं माना। जिसको लेकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी पिछले तीन महीने से अपने गांव गया था। जो अभी दो अगस्त को फरीदाबाद आया था।



मृतक नीरज और आरोपी दोनों एक साथ सब्जी की रेहड़ी लगाते थे।

अपने गांव से आते समय किसी व्यक्ति से देसी कट्टा व दो जिंदा राउंड 2000 रुपये में वारदात को अंजाम देने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी दो अगस्त की रात को अपने साथ पिस्तौल लेकर हरकेश नगर सब्जी मंडी में नीरज के अकेले होने का इंतजार कर रहा था। आरोपी ने मौका देखकर करीब 10.30 बजे अकेला देखकर बृजवासी मिष्ठान के पास नीरज को पीछे से गोली मार दी। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर देसी कट्टा, रोंद व मामले में पूर्ण जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 15 को : सीजेएम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीजेएम** कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने बताया कि अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 अगस्त को जिला फरीदाबाद में 15 जजों की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें 15 जजों की अदालतों में 138 एनआईएक्ट के लिए एक अदालत, ट्रैफिक चालान व सिविल क्रिमिनल केसों के लिए 7 अदालतों, समरी केसों के लिए दो अदालतों, लेबर कोर्ट केसों के लिए एक अदालत, फैमिली मैटर के लिए एक,सिविल इल्क्ट्रीकल केसों के लिए दो,मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसों की सुनवाई के लिए एक, प्रमानैन्ट लोक अदालत एक और एमसीएफ लेबर कोर्ट केसों के लिए एक राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालतों में केसों का निपटान आपसी सहमति से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वादी अदालत में समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करवा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने अपील की कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत लगवाएं। इससे शीघ्र निस्तारण हो सके।



सीजेएम सुकिर्ती गोयल।

# देशभर में बिजली कर्मचारी करेंगे विरोध-प्रदर्शन : लाम्बा



यूनियन कार्यालय में सर्कल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा।

**फरीदाबाद।** केन्द्र सरकार ने हितधारकों से विमर्श किए बिना एकतरफा ढंग से इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 संसद में पेश किया तो लाखों बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर देशभर में काम छोड़ सड़कों पर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

यह जानकारी इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने शनिवार को आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन की यूनियन कार्यालय में आयोजित सर्कल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि किसान, गरीब उपभोक्ता व कर्मचारी विरोधी और कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए चालू सत्र में पेश किए जाने वाले बिजली अमेंडमेंट बिल 2022 के खिलाफ 10 अगस्त को देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों व कर्मचारियों के तीखे विरोध के बावजूद कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किए गए बिजली संशोधन बिल के के खिलाफ जनमत तैयार करने के लिए देश के चारों कोनों से नवम्बर महीने में (पावर सेक्टर बचाओ-देश बचाओ के नारे के साथ बिजली क्रांति यात्रा शुरू की जाएगी), यात्रा दिसंबर के प्रथम सप्ताह में दिल्ली पहुंचेगी और दिल्ली में विशाल रैली आयोजित की जाएगी। सर्कल कार्यकारिणी की बैठक में पारित किए प्रस्ताव में 13 अगस्त को बिजली मंत्री के सिरसा ऑफिस पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुटे

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज खजानी वूमैनस वोकेशनल इस्ट्रीटयूट की छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लेकर और चेहरे पर तिरंगा बनाकर देशभक्त का संदेश दिया।

इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर संजय चौधरी ने कहा कि हर घर तिरंगा देश की अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है। अत: हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का सम्मान करें तथा समाज में तिरंगे के इतिहास को भी साझा करें ताकि प्रत्येक नागरिक गौरव की अनुभूति कर सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता से ही देश के प्रति आमजन की भावना मजबूत होती है। उन्होनें कहा इस अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सभी देशवासी विभिन्न प्रकार के देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# दूसरे दिन भी जारी रही एनएचएम कर्मियों की हड़ताल





बीके अस्पताल में नारेबाजी कर विरोध प्रकट करते एनएचएम के कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दूसरे** दिन भी नेशनल हेल्थ मिशन के तहत लगे कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। जिससे शहर के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सभी डिस्पेंसरियों में कामकाज प्रभावित रहा, तो वही दूसरी तरफ 102 एंबुलेंस कंट्रोल रूम दूसरे दिन भी बंद रहा। कर्मचारियों ने एकजुट होकर बीके अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। वहीं 700 कर्मचारियों के दो दिनों से हड़ताल पर होने के कारण जिला सिविल सर्जन ने उन्हें वापस नौकरी पर लेने के लिए सभी इंचार्जों को पत्र लिखा है, ताकि हड़ताल की वजह से उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो सके।

वहीं कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल को दो दिन ओर जारी रखने के लिए कहा है। जिसमें रविवार को वह हड़ताल करेंगे और सोमवार को डायरेक्टर के दफ्तर का घेराव चंडीगढ़ जाकर करेंगे। वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों के न होने से सिविल अस्पतालों समेत डिस्पेंसरियों में कार्य ठप रहा। जिससे यहां आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। डिलीवरी हट सेंटरों पर ताला लगा होने से वहां आई गर्भवती महिलाओं को वापस लौटने को मजबूर होना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) के तहत शहर में 700 से भी अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इसमें चिकित्सक, नर्स, लैब टेक्नीशियन, एम्बुलैंस चालक व ईएमटी अन्य कर्मचारी शामिल है। एनएचएम यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन स्वास्थ्य कर्मचारियों को निकाल दिया, जिन्हें वापस नौकरी पर लेने और वेतन बढ़ोत्तरी की मांग के साथ ही उन्होंने सभी को पक्का करने की मांग का मुद्दा उठाया है।

# कालोनी में विकास कार्यों की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को फरीदाबाद की राजीव कालोनी में बांके बिहारी चौक के पास पंचायती राज विभाग द्वारा एचजीवीवी स्कीम के तहत बनाई गई इंटरलॉकिंग टाइलों से बनाई गई स्कूलों वाली गली व उसके साथ वाली गली का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सरकार आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के श्रृंखला में विकास कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन करने का प्रयास कर रही है। भू-जल स्तर को बनाए रखने और साथ ही गंदे पानी को शुद्ध करके पार्कों, उद्योग तथा अन्य कृषि क्षेत्रों में उपयोग में लाया जा रहा है।

भारत सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने राजीव कालोनी में लगभग 95 लाख रुपये की धनराशि से बनी दो गलियों का उद्घाटन किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की 135 करोड़ की आबादी में 65 प्रतिशत युवाओं की आबादी है। सरकार युवाओं के रोजगार के लिए बेहतर नीतियां बनाकर उन्हें क्रियान्वित करने का प्रयास कर रही है। ताकि देश में कोई भी बेरोजगार युवा ना रहे।



कार्यों का शुभारंभ करते केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर व विधायक नीरज शर्मा।

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर को जेवर एयरपोर्ट के को जोड़ने वाले एक्सप्रेस वे के बनने से क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। फरीदाबाद शहर आने वाले समय में विकास की नई दौड़ में शामिल होने जा रहा है। जिससे विकास कार्यों और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में फरीदाबाद को विश्व में अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मथुरा एक्सप्रेस वे के बाद दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इसके बाद फरीदाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक एक नया एक्सप्रेस में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक्सप्रेस वे 31 किलोमीटर लंबा होगा और छह लेन का बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केजीपी से फरीदाबाद के लिए भी दूरी अब कुछ मिनटों के रह जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के नए आयाम स्थापित किए हैं और आने वाले समय में जमकर विकास होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को रोजगार मिलेगा और बड़े-बड़े उद्योग इस क्षेत्र में स्थापित होंगे। इस अवसर पर एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा, जजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर सतीश फोगाट, मुकेश डागर, वीरेंद्र डागर, पंचायती राज विभाग के सबडिविजनल अभियंता रामपाल, निवर्तमान पार्षद पति मुकेश डागर, विकास शुक्ला, संजू चपराना व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रावल अकादमी ने 8 विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** पाली स्थित आरपीसीए ग्राउंड में छठां ऑल इंडिया रविन्द्र फागना क्वार्टर फाईनल का अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच खेला गया। यह मैच रावल क्रिकेट अकादमी और डब्ल्यूसीएल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर डब्ल्यूसीएल अकादमी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और खुल गेंदबाजी की। मैच में डब्ल्यूसीएल की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर 29 ओवर में 61 रन बनाए और टीम आउट हो गई। जिसमें तनुभव ने 10 रन और युवराज ने सात रन लिए। राव के गेदबाज लक्ष्य डागर अरहाल खाल,ने 2-2 और कुशाग्र वरदान और निखिल ने 1-1 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए रावल के बल्लेबाजों ने 8 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 62 रन बनाते हुए यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। जिसमें बल्लेबाज भव्य त्यागी ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। वहीं कृष्णकांत ने 13 रन बनाए। डब्ल्यूसीएल के गेंदबाज उत्कर्ष और तरूण ने 1-1 विकेट लिया। अंत में मैन ऑफ द मैच कुशाग्र पुरी को दिया गया।

# कैसे पढ़ें : 900 बच्चों के लिए मात्र दस कमरे



बाहर बैठकर पढाई करने को मजबूर विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बरसाती** मौसम में जहां एक तरफ सांप नेवले निकलने का डर रहता है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी स्कूलों में पानी तक भर जाता है। लेकिन ऐसे में यदि स्कूलों में बच्चों की कक्षाएं बाहर लगती हो, तो उनकी पढ़ाई पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

कुछ ऐसा ही बडखल विधानसभा क्षेत्र में मौजूद सेक्टर-21डी के सीनियर सेकंडरी स्कूल को सिंगल शिफ्ट किए जाने के बाद अव्यवस्था देखने को मिल रही है। स्कूल में बैठने के लिए पर्याप्त कमरे नहीं है। इस कारण स्टूडेंट्स को बरामदे में पढ़ाया जा रहा है। स्थिति उस वक्त और बिगड़ जाती है, तब बारिश होने पर कमरों में पानी चला जाता है। इसको लेकर जहां पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं पैरंट्स में भी रोष है।

जानकारी के मुताबिक जिले में कुछ ऐसे स्कूलों को डबल शिफ्ट में किया गया था, जिनमें पर्याप्त कमरे नहीं हैं और उन स्कूलों में स्टूडेंट्स अधिक हैं। ऐसे में अव्यवस्था तो बनती है , साथ ही पढ़ाई पर असर पड़ता है। ऐसे स्कूलों में सेक्टर-21डी का सीनियर सेकंडरी स्कूल भी शामिल है। एक-सवा साल पहले इस स्कूल को विधायक सीमा त्रिखा के कहने पर तत्तकालीन शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने डबल शिफ्ट किया था। इससे स्कूल में स्टूडेंट्स को बैठने में आसानी हुई और स्टूडेंट्स और टीचर्स के बीच पढ़ाई का बेहतर माहौल बना।


# संक्षिप्त समाचार

## मेगा इवेंट : नाटक पात्र विद्रोही का मंचन



**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव में हो रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट के तहत शुक्रवार शाम नाटक पात्र विद्रोही का मंचन किया गया। सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कंवेंशन सेंटर में आयोजित इस नाटक में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नाटक का निर्देशन पृथ्वी साहनी ने किया। संभार्य फाउंडेशन, सर्वोदय फाउंडेशन व नगर निगम फरीदाबाद मिलकर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 दिवसीय मेगा इवेंट का आयोजन कर रहे हैं। नाटक में जात-पात का भेदभाव न करने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश बड़े ही अनोखे ढंग से दिया गया। नाटक में पृथ्वी साहनी, सर्वेश डागर, नरेश ठाकुर, रूपाली शर्मा, अजय कुमार, रोबिन कुमार, कुलदीप सिंह, वरुण पासी व नेहा प्रजापति ने अभिनय किया। अभिषेक राजपूत ने लाइटिंग, आकाश शर्मा व कुलदीप ने संगीत में सहयोग दिया। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि 2 जून से शुरू हुआ यह इवेंट 15 अगस्त तक चलेगा। इवेंट में आज रविवार को नाटक लुकाछिपी की मंचन होगा। मौके पर रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सिंह सोरोत, रविंद्र फौजदार, पुरुषोत्तम सैनी, विमल खंडेलवाल, सुनीता, राजकुमार गोगा आदि मौजूद रहे।

## भागवत महान ग्रंथ है : बबली



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 भूमिया बाबा मन्दिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा कथा श्रवण व्यास श्रद्धेय कृष्ण गोपालदास शास्त्री का पूजन कर भगवान परशुरामजी की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा श्रीमद्भागवत महान ग्रंथ है। कथा में होराम, मिथलेश, नानकचंद, रूपचन्द, कल्लू आढती, विकास, कर्ण पाराशर इंजिनियर, राजू दादा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोप में फरार शराब तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के निर्देश पर क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव की टीम ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम योगेश उर्फ भोला है। आरोपी बल्लभगढ़ के आजाद नगर में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ के तिगांव रोड लड़कियों के सरकारी स्कूल के पास से थाना शहर बल्लभगढ़ मे दर्ज हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से वारदात में प्रयोंग डंडा को बरामद कर लिया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित मीटिंग में मौजूद डीसीपी एसीपी एवं सभी थाना प्रबंधक को निर्देश हुए देते हुए कहा कि सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज, क्राइम यूनिट अपने-अपने एरिया में मौजूद होटल, गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार, माल, धर्मशाला को निरंतर चेक करेंगे। संदिग्ध वाहन और व्यक्ति को अच्छे से चेक किया जाए। पुलिस आयुक्त ने सभी फरीदाबाद शहर वासियों से अपील की है कि शहर को सुरक्षित रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करें। किसी भी व्यक्ति को कोई भी संदिग्ध वाहन/वस्तु/व्यक्ति के बारे में पता लगता है अथवा सूचना मिलती है तो तुरंत इस बारे में पुलिस को 112 नंबर पर या 9999150000 व्हाट्सएप नंबर पर एवं नजदीकी थाना में सूचना दें।

## डीएवी कॉलेज ने निकाली तिरंगा साइकिल रैली



**फरीदाबाद।** डीएव शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद की यूथ रेडक्रॉस इकाई, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य विभागों के छात्र-छात्राओं ने शनिवार 6 अगस्त को एनआईटी क्षेत्र में तिरंगा साइकिल रैली आयोजित की। इस साइकिल रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से शुरू हुई और ईएसआई हॉस्पिटल की तरफ से दशहरा ग्राउंड होते हुए आगे बीके अस्पताल के सामने सर्किल से केएल मेहता रोड होते हुए वापस डीएवी शताब्दी महाविद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस रैली में यूथ रेडक्रॉस डीएवी यूनिट के छात्र छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस वॉलंटियर्स छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। उनका साथ देने के लिए प्राध्यापक गण भी साईकल से पहुंचे। इस रैली में कुल 80 प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यान्यवन और आयोजन डीएवी महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. नीरज सिंह ने किया। एनसीसी गर्ल्स यूनिट की इंचार्ज कैप्टेन सुनीता डुडेजा, एनएसएस की कविता शर्मा खेल विभाग के प्रो. डॉ. नरेंद्र दुग्गल, पत्रकारिता विभाग से वीरेंद्र सिंह, मैनेजमेंट विभाग से विभागाध्यक्ष अंकिता महिंद्रा और उनके साथ ओमिता जौहर, स्मृति आदि रहे। महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ सविता भगत ने बताया कि इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में डीएवी 15 अगस्त तक लगभग प्रतिदिन कोई न कोई कार्यक्रम कराएगा।

## नाइट डोमिनेशन में पुलिस ने चेक किए 4506 वाहन

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार पांच अगस्त की रात्रि पुलिस कमिश्नरेट फरीदाबाद द्वारा 10 बजे रात्री से 4 बजे प्रात: नाईट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कमिश्नर द्वारा नाइट डोमिनेशन के दौरान रात के समय चलने वाले सभी वाहनों की चेकिंग करने तथा किसी भी संदिग्ध और अपराधी किस्म के व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। फरीदाबाद पुलिस द्वारा नाइट डोमिनेशन के दौरान कुल 4506 छोटे-बड़े वाहनों को चेक किया गया। जिसमें 1602 टू व्हीलर, 1106 कार व 1062 लाइट व्हीकल और 736 हैवी व्हीकल चेक किए गये। चेकिंग के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट व अन्य कानून के तहत 141 हलके व भारी वाहनों के ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की गई। नाइट डोमिनेशन के दौरान की गई चेकिंग में 123 वाहन चालकों के चालान किए गए तथा लापरवाही करने पर 14 मुकदमें भी दर्ज कर 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चार वाहन को इम्पाउंड किया है। पुलिस ने अभियान के तहत होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड इत्यादि 299 सार्वजनिक स्थानों को चैक संदिग्ध पाए जाने वाले 417 लोगों के पर्चे अजनबी (स्ट्रेंजर रोल) काट कर उचित कानूनी कार्रवाई की गई। इसके अलावा पुलिस ने 1 देसी पिस्तौल, 11070/ रुपये नकद तथा 56 बोतल देसी शराब बरामद किए हैं।

## छात्राओं का योगाभ्यास एवम् प्रशिक्षण कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत अगस्त माह के प्रथम शनिवार को योग प्रशिक्षण एवम् योग अभ्यास कार्यक्रम का संयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में किया गया। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य ने योग प्रशिक्षण और योग अभ्यास में सम्मिलित सभी अध्यापकों और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी स्वस्थ, फिट एवम एक्टिव रहें। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा सभी विद्यालयों को प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को योग प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा योगाभ्यास कर के योग से जोड़ने का निर्देश दिया गया है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि हमें प्रतिदिन तीस मिनट का योग अवश्य करना चाहिए। योग में अद्भुत शक्ति है। योग करने से एकाग्रता, संयम और संतोष की अनुभूत होती है। योग जीवन पद्धति है।

# स्वच्छता में गुरुग्राम को टॉप-10 शहरों में लाना हमारा लक्ष्य : नवीन गोयल

### नवीन गोयल ने झाड़सा बांध पर की सफाई अभियान की शुरुआत

### सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ने का भी लोगों से किया आग्रह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के पटेल नगर स्थित झाड़सा बंध पर पौधारोपण करते लोग।

**स्वच्छता** के मामले में हमें गुरुग्राम को देश के टॉप10 शहरों लाना है। यह हमारा लक्ष्य है। यह लक्ष्य गुरुग्राम के हर व्यक्ति के सहयोग के बिना संभव नहीं है। इसलिए यहां का हर नागरिक अपने आसपास सफाई का ध्यान रखे। सफाई खुद भी रखें और दूसरों को भी प्रेरित करें। व्यक्ति से व्यक्ति तक इस अभियान को जब हम एक आंदोलन बना देंगे तो अपने मिलेनियम शहर को इस लक्ष्य तक पहुंचा सकते हैं। यह आह्वान किया है पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यहां पटेल नगर स्थित झाड़सा बांध पर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए कही।

पर्यावरण संरक्षण विभाग, नगर निगम गुरुग्राम, युवा स्वच्छता एवं जन सेवा समिति दुल्हेड़ी के सांझा प्रयासों से यह सफाई अभियान चलाया गया। इसमें पटेल नगर समेत आसपास के लोगों के साथ संस्थाओं के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल एडवोकेट, मनोज गुप्ता (गुड्डू), अजय जैन, बनवारी लाल शर्मा, अजय शर्मा, पदम डागर, एसएन शर्मा, युधिष्ठिर कौशिक, आरएस कदियान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, अनिल कुमार गुप्ता आरडब्ल्यूए सेक्टर-15, कृष्ण गोपाल रोहिल्ला आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, दीपचंद्र चौधरी, ज्योतिष सिंह एवं निर्मला नागेश समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए जन-जन को पर्यावरण, स्वच्छता का संदेश देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि चाहे पर्यावरण संरक्षण हो या जल संरक्षण,चाहे शहर की साफ-सफाई हो या शारीरिक स्वच्छता। ये सभी विषय एक-दूसरे के पूरक हैं। सभी का ध्येय स्वच्छता है। स्वच्छता से हम स्वयं सही रह सकते हैं। स्वच्छता से शहर की सुंदरता बढ़ेगी। पर्यावरण स्वच्छ होगा तो हम बीमारियों से दूर रहेंगे। ऑक्सीजन की कमी को हम सबको अहसास है। कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेंडरों में हम लेने को भागदौड़ कर रहे थे। अगर हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं तो सभी ऑक्सीजन सिलेंडरों की हमें जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारा शहर ऐसा हो कि चारों तरफ हरियाली ही नजर आए। जमीन पर कहीं गंदगी ना फैली हो, ऐसी हमारी सफाई व्यवस्था हो। ऐसा करने के लिए हमें सिर्फ सरकार के भरोसे ना बैठकर खुद भी जिम्मेदार बनना होगा। अगर हम सभी अपने आसपास की सफाई भी रखनी शुरू कर दें तो कभी स्वच्छता अभियान की जरूरत नहीं होगी। ये छोटे-छोटे काम ऐसे हैं, जिसमें हम सीधे तौर पर सरकार का सहयोग कर सकते हैं। जब हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता के लिए झाड़ू उठा सकते हैं।

एक खाली प्लास्टिक की बोतल सड़क से उठा सकते हैं तो फिर हमें ऐसे काम करने में पीछे नहीं रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने ये दोनों काम करके देश को संदेश दिया है कि हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारियां भी स्वच्छता के लिए हैं। हम जनसेवा के किसी काम में शर्म, झिझक महसूस ना करें। हम जो काम करेंगे, वह राह चलते लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। एक दिन में अगर हमने एक व्यक्ति को भी प्रेरित कर दिया तो हमारा काम सफल माना जाएगा। उन्होंने फिर से सभी नागरिकों का आह्वान किया कि वे अगर एक काम करना चाहते हैं तो स्वच्छता रखें। उससे कई काम सिद्ध हो जाएंगे।

# सनातन धर्म की मजबूती के लिए करें श्रेष्ठ काम



गुरुग्राम के प्रताप नगर स्थित श्रीराम मंदिर के वार्षिक सम्मेलन में शिरकत करते समाजसेवी बोधराज सीकरी।

### श्रीराम मंदिर में वार्षिक सम्मेलन में की शिरकत

**गुरुग्राम।** शनिवार को श्रीराम मंदिर प्रताप नगर में वार्षिक सम्मेलन के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर में आज के दिन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। वार्षिक सम्मेलन में पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ओम कथूरिया ने की। दोनों अतिथियों द्वारा मंदिर में ध्वजारोहण भी किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान बोधराज सीकरी ने पहले धर्म पर अपना वक्तव्य दिया और फिर राम नाम की महिमा पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि धर्म को मजबूती देना बहुत जरूरी है। धर्म की मजबूती के लिए सनातनी श्रेष्ठ काम करें। सनातन धर्म का झंडा बुलंद करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने विभाजन विभीषिका के बारे में भी जानकारी दी, जिसका भव्य आयोजन गुरुग्राम में 10 अगस्त 2022 को कटारिया चौक के निकट ब्लिस बैंक्वेट हॉल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की मौजूदगी में होगा। श्री सीकरी ने आह्वान किया कि इस त्रासदी को हमारी युवा पीढ़ी न भूले। इस निमित इस प्रकार के स्मृति दिवस हर वर्ष मनाये जायेंगे। इस अवसर पर चंद्रभान नागपाल, देवराज, सुभाष डुडेजा, बालकृष्ण खत्री, श्याम ग्रोवर, योगेश ग्रोवर, सुरेंद्र, सुभाष गांधी, रामलाल ग्रोवर, भारत बन्धु आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में एकता का संदेश देगा हर घर तिरंगा : गगन गोयल



गगन गोयल।

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक देश में हर घर तिरंगा लगाने के लिए, लोगों को जागरुक करते हुए, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल ने कहा कि यह अभियान दुनिया को देश में एकता का संदेश देगा। लहराते तिरंगे से देश में जो सकारात्मकता ऊर्जा का संचार होगा, वह देश के प्रति सम्मान को जन-जन में और गहरा करेगा। गगन गोयल ने कहा कि यह किसी सरकार और पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हर भारतवासी का कार्यक्रम है। इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हम सबको अपने घरों, दफ्तरों पर तिरंगा लहराना है। आजादी के 75 साल इस बार पूरे होने जा रहे हैं। यह तिरंगा अभियान हर उस स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान में लहरेगा, जिसने आजादी आंदोलन में खुद को शामिल किया। बहुतों ने शहादत दी तो बहुतों ने यातनाएं झेली। ऐसे आजादी के मतवालों का हमें सम्मान करना है। यह तिरंगा अभियान हर उस फौजी के सम्मान में लहरेगा, जिसने सीमा पर रहकर दुश्मन के साथ मजबूती से लड़ाई लड़ी है। जिसने अपनी शहादत दी है और जो सैनिक आज भी सीमा पर डटे हुए हैं।

### बिजली दरबार में ऑनलाइन बिल पेमेंट वाले होंगे पुरस्कृत

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा मानेसर सब डिवीजन के तहत गांव मौकलवास में सोमवार 8 अगस्त को बिजली दरबार लगाया जाएगा। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि यह खुला दरबार गांव मौकलवास के पंचायत घर में सुबह11:00 बजे से ही शुरू हो जाएगा और मौके पर ही बिजली समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसमें बिजली निगम के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली बिलों को ऑनलाइन जमा करवाने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को पुरस्कृत भी किया जाता है। इस अवसर पर गांव में ऑनलाइन बिजली बिल के भुगतान करने वाले एक उपभोक्ता को 2100 रुपए की राशि का पुरस्कार भी दिया जाएगा। उपमंडल अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों के सामने ही ग्रामीण क्षेत्रों से ऑनलाइन बिल पेमेंट करने वाले उपभोक्ताओं में से ड्रा द्वारा एक उपभोक्ता का चयन किया जाएगा। निगम मैनेजमेंट के निर्णय अनुसार ऑनलाइन बिजली बिल के भुगतान करने वाले ग्रामीणों को प्रोत्साहन देने के लिए यह पुरस्कार राशि अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भी दी जाएगी।

### भोंडसी जिला जेल में बीमारी से एक हवालाती की मौत

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल में 41 वर्षीय हवालाती बंदी की बीमारी से मौत हो गई। मृतक बंदी एक्साइज एक्ट के मामले में जेल आया था। शुक्रवार की दोपहर डेढ़ बजे हवालाती बंदी महावीर उम्र 41 वर्ष निवासी गांव झाबुआ थाना बावल रेवाड़ी की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसे पहले जेल में स्थित अस्पताल में दाखिल कराया। जहा डॉक्टरों ने तबियत अधिक खराब होने पर सेक्टर-10 गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### साइकिल रैली निकाल ग्रामीणों को दिया हर घर तिरंगा का संदेश



साइकिल रैली निकालते सोहना के वार्ड-20 स्थित राजकीय मिडल स्कूल सांप की नंगली के विद्यार्थी।

**सोहना।** राजकीय मिडल स्कूल सांप की नंगली के विद्यार्थियों ने साइकिल रैली निकालते हुए नागरिकों को अपने घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने रैली के दौरान साइकिलों पर राष्ट्रीय झंडा लगाया हुआ था। देश के स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के लिए अब स्कूली विद्यार्थी भी आम नागरिको को जागरुक कर रहे हैं। शनिवार को नगर परिषद के वार्ड-20 के गांव सांप की नंगली में स्थित राजकीय मिडल स्कूल के विद्यार्थियों ने तिरंगा झंडा के साथ साइकिल रैली निकाली। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद सतेन्द्र सिंह, स्कूल प्रधानाचार्य मिडल विजयपाल, प्राथमिक मुख्याध्यापक ऊषा रानी ने मिलकर रैली को हरीझंडी दिखाकर गांव में रवाना किया। वार्ड पार्षद सतेन्द्र सिंह ने विश्वास दिया कि वे अपने स्तर पर ग्रामीणों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए उत्साहित कर रहे है। आज निकाली जा रही विद्यार्थियों की इस रैली से भी ग्रामीण जागरुक होंगे। मिडल प्रभारी विजयपाल ने बताया कि राष्ट्रीय झंडा को लेकर निकाली साइकिल रैली के दौरान विद्यार्थियों में जोश नजर आया। इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थी के अंदर देश प्रेम, देश के प्रति कर्तव्य और आत्म समर्पण की भावना आती है।



सांप की नंगली में विद्यार्थियों की साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते स्कूल प्रभारी और वार्ड पार्षद।

# गुरुग्राम में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में निकाली यात्रा



गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल से स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में यात्रा निकालते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम की ओर से यात्रा में लहराए तिरंगे

**शनिवार** को शहर में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में शामिल लोगों ने स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरें भी ले रखीं थी। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम की ओर से निकाली गई यात्रा में कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल भी शामिल हुए। सिविल लाइन स्थित स्वतन्त्रता सेनानी भवन से यह यात्रा प्रारम्भ हुई। इससे पूर्व अपने वक्तव्य में नवीन गोयल ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों एवं शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया।

अपने संबोधन में श्री गोयल ने कहा कि भारत की आजादी में सुभाषचंद्र बोस, शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जैसी महान विभूतियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनके अलावा देश में अनेकों ऐसे ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानी भी हैं, जिन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य देश की आजादी बनाया था और आजादी के आंदोलन में वे कूदे थे। ऐसे महान सेनानियों का, उनके बलिदान के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं।

देश के सैनिकों, शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के साथ मां भारती के सम्मान में देशभर में घर-घर तिरंगा मुहिम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू की है। आने वाली 13 से 15 अगस्त तक हम सबको अपने घरों, कार्यालयों में तिरंगा जरूर लगाएं। यह हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। इसी तिरंगे के नीचे हमारा मान-सम्मान है। यही हमारा स्वाभिमान है। इस अवसर पर कपूर सिंह दलाल, सूबेदार विजेंद्र ठाकरान, देशराज राघव, अत्तर सिंह संधु, सतीश चौहान, अलका दलाल, बृजमोहन राघव, कविता सांगवान, सुनीता कटारिया, गगन गोयल, मनजीत, दीपक बेनीवाल, पुष्पा धनकड़, बलराज अहलावत व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# देश निर्माण में भारत विकास परिषद योगदान:जिंदल

### राजकीय कन्या महाविद्यालय में किया औषधीय पौधों का रोपण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के राजकीय कन्या महाविद्यालय में औषधीय पौधारोपण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, स्टाफ व छात्राएं।

**राजकीय** कन्या महाविद्यालय में भारत विकास परिषद गुरुग्राम की चाणक्य इकाई की ओर से औषधीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत प्रमुख संघ चालक पवन जिंदल और विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की।

प्राचार्य डा. रमेश गर्ग ने अतिथियों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पवन जिंदल ने पौधारोपण के दौरान कहा कि भारत विकास परिषद का भारत के निर्माण में अहम योगदान रहा है। भारत विकास परिषद एक सेवा एवं संस्कार-उन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक स्वयंसेवी संस्था है, जो स्वामी विवेकानंदजी के आदर्शों को अपनाते हुए मानव-जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत के सर्वांगीण विकास के लिये समर्पित है। भारत परिषद विभिन्न व्यवसायों व कार्यों में लगे श्रेष्ठतम लोगों का एक राष्ट्रीय, गैर राजनैतिक, समाजसेवी व सांस्कृतिक संगठन हैं। विशिष्ट अतिथि नवीन गोयल ने यहां छात्राओं को पर्यावरण का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि महाविद्यालय में औषधीय पौधे लगाए गए हैं। ये पौधे भी छात्राओं की पढ़ाई में काम आएंगे।

भारत विकास परिषद गुरुग्राम शाखा के सचिव डा. डीपी गोयल ने पर्यावरण के मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। शिक्षण संस्थानों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे प्लांटेशन ड्राइव चलाएं। समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी में प्रेम होना चाहिए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद चाणक्य इकाई के पदाधिकारियों के अलावा परीक्षित वत्स प्रेजिडेंट, अमित गंगोतरा वाइस प्रेजिडेंट, अंकित मोदी, सचिव कुमार, दीपक जिंदल, निधि जैन और डा. पूनम, डा. राजेश बेनीवाल, डा. लोकेश शर्मा, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स आदि ने भी पौधारोपण किया। डा. राखी कौशिक और डा. अनीता राठी ने पौधों के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी। औषधीय पौधों के साथ उन पौधों की नेम प्लेट भी लगाई गई।

# टोल की बढ़ी दरों के विरोध में 28 को होगा विरोध

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### समिति सदस्यों ने कहा, जेल भी जाना पड़ेगा तो समिति के सदस्य पीछे नहीं हटेंगे

### कहा, समिति घामडौज टोल पर आए दिन बढ़ती जा रही समस्याओं से निपटते-निपटते तंग आई

**टोल** संघर्ष समिति 28 अगस्त को घामडौज प्लाजा पर बढ़ाई गई दरों के विरोध में प्रदर्शन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में गुरुग्राम समेत नूंह, रेवाड़ी, पलवल और फरीदाबाद से लोगों को बुलाया गया है। संघर्ष समिति इस बार टोल विवादों को समाप्त करने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने के इरादे से प्रदर्शन करेगी।

शनिवार को टोल संघर्ष समिति की अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में बैठक हुई। जिसमें सतबीर पहलवान समेत मनोज राघव, महाराज सिंह, जग्गी बादशाहपुर, सतबीर आदि 20 से 25 पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक दोपहर 12 बजे शुरू हुई तथा करीब एक घंटा तक चला विचार-विमर्श के बाद फैसला लिया। बैठक के बाद सतबीर पहलवान ने बताया कि टोल संघर्ष समिति घामडौज टोल पर आए दिन बढ़ती जा रही समस्याओं से निपटते-निपटते तंग आ चुकी है, लेकिन एनएचआई और टोल एजेंसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। उन्होंने बताया कि यह टोल विवादों का अड्डा बन चुका है। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त को घामडौज टोल पर बढ़ाई गई टोल दरों के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन पूर्व में हुए अब तक विरोध प्रदर्शन से हटकर होगा। इस बार टोल संघर्ष समिति आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। यदि जेल भी जाना पड़ेगा तो समिति के सदस्य पीछे नहीं हटेंगे। महाराज सिंह ने बताया कि इस टोल को एनएचआई ने राष्ट्रीयता का दर्जा दिया हुआ है। जबकि राष्ट्रीय मार्ग धुनेला से मुम्बई जाने वाले हाइवे है। इसलिए घामडौज टोल पर राज्यस्तरीय टोल दरों को मान्यता दी जाए। एक साथ ढाई गुणा टोल दरें बढ़ाकर क्षेत्रीय नागरिकों के साथ अन्याय है। जबकि एक तरफ सरकार टोल से 20 किलोमीटर दायरे में आने वाले गांवों को टोल फ्री करने का ऐलान कर चुकी है। वहीं दूसरी ओर टोल एजेंसी क्षेत्रीय नागरिकों का मासिक पास बनाकर टोल वसूली का कार्य कर रही है।

# साईकिल से गांव-गांव पहुंचकर पौधारोपण करा रहे बीडीपीओ

### पंचायत विभाग खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 25 पौधे लगाना हुआ शुरू

### बीडीपीओ ने 8 ग्राम पंचायतों में 2 से अधिक पौधे लगाए गए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



बीडीपीओ सोहना और गांव रिठौज के ग्रामीण मिलकर गांव के राजकीय स्कूल में पौधारोपण करते हुए।

**पंचायत** विभाग खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 2500 पौधे लगाने की कवायद शुरू कर दी है। खंड विकास अधिकारी स्वयं ग्राम पंचायतों में साइकिल पर सवार होकर पौधे लगाने के लिए, जाते हुए प्रदूषण से बचाने का संदेश दे रहे हैं। बीते दो दिन में करीब 8 ग्राम पंचायतों में 200 से अधिक पौधे लगाए गए हैं।

पिछले तीन दिन से रुक-रुककर हो रही बारिश के साथ ही पंचायत विभाग ने ग्राम पंचायतों में पौधारोपण की कवायद शुरू कर दी है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी समेत तरफ से फलदार, छायादार, औषधि देने वाले पौधे लगाएं जा रहे हैं। जिसके बड़े होने पर आम नागरिक को उसके होने का लाभ मिल सके। इसके साथ 24 घंटा ऑक्सीजन देने वाले पौधों में बड़ व पीपल को भी अभियान में शुरू किया है।

**गांव से दूसरे गांव साइकिल पर :** इस पौधारोपण अभियान में बीडीपीओ परमेन्द्र सिंह एक ग्राम पंचायत से दूसरी ग्राम पंचायत में पौधारोपण करने के लिए साइकिल पर सवार होकर जा रहे हैं। उनके साथ ग्राम पंचायत सचिव भी साइकिल पर चल रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को पौधारोपण के साथ-साथ प्रदूषण बचाओ का भी संदेश मिल रहा है।

ग्राम सचिव, निवर्तमान सरपंच, पंच, नंबरदार, ब्लॉक समिति सदस्य, जिला पार्षद, चौकीदार और सफाई कर्मी पौधारोपण के कार्य में बढ़चढ़कर भाग ले रहे हैं। पंचायत विभाग ने इस बार पौधारोपण अभियान को एक पौधा विश्वास का नारा दिया है। जिसका उद्देश्य प्रत्येक मनुष्य मात्र एक पौधा लगाए। लेकिन उस पौधा की तीन वर्ष तक अपने बच्चों की भांति पालन पोषण करेगा। जिससे पौधारोपण का लाभ हो सके। खंड शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी बलजीत ने बताया कि विभाग की

**पर्यावरण** को शुद्ध बनाने के लिए पौधे लगाने ही जरुरी नहीं हैं। वाहनों का कम उपयोग करने की दिनचर्या भी बनानी होगी। अपने छोटे कार्यों को निपटाने के लिए साइकिल का उपयोग करें। जिससे प्रदूषण को फायदा के साथ शारीरिक लाभ भी मिलेगा।

परमेन्द्र सिंह ( बीडीपीओ )

# हत्या के प्रयास के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

### आरोपी, उसके माता-पिता, भाई, चाचा, पत्नी और छोटे भाई की पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना से रिठौज ढाणी में 307 के मामले में आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम के एएसआई के साथ महिलाओं ने हाथापाई करते हुए, वर्दी को तार-तार कर दिया। आरोपी को छत के रास्ते से भगाते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। एएसआई की शिकायत पर आरोपी समेत उसके माता-पिता, भाई, चाचा, पत्नी और छोटे भाई की पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शुक्रवार को दोपहर बाद रिठौज ढाणी निवासी मोहित को उसके घर पर भोंडसी से एएसआई सत्यवेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम गई। एएसआई सत्यवेन्द्र प्राइवेट गाड़ी क्रेटा से अपने साथ अन्य मुलाजिमों को लेकर मोहित को पकड़ने पहुंचा। उनकी गाड़ी के पीछे सरकारी गाड़ी भी थी, लेकिन पुलिस को घर के दरवाजे पर देख मोहित का पिता संतराम, छोटा भाई पंकज, मां रज्जो, चाचा रविन्द्र ने पुलिस कार्य में पूरी बाधा डाली और मोहित को छत के रास्ते से भगा दिया। पुलिस ने मोहित के छोटे भाई पंकज को अपनी गाड़ी में बैठा लिया, क्योंकि पुलिस से छुपकर छत पर बैठा मोहित को पकड़ने के लिए जैसे ही पुलिस जाने लगी। मोहित का छोटा भाई पंकज बीच रास्ते में खड़ा हो गया। इस दौरान मोहित छत से कूदकर भाग निकलने में कामयाब हो गया। सरकारी कार्य में बाधा बने पंकज को जैसे ही पुलिस ने अपनी गाड़ी बैठा लिया। वैसे ही मोहित के परिजनों ने एएसआई सत्यवेन्द्र के साथ हाथापाई करनी शुरू कर दी। पुरुष इस हाथापाई से दूर रहे और महिलाओं ने एएसआई पर जमकर मुक्के व थप्पड़ बरसाते हुए वर्दी को फाड़ दिया।

**किस मामले में आरोपी है मोहित :** मोहित के खिलाफ खेड़ला निवासी विपिन ने 21 जून को मोहित, विनु और गौरव के खिलाफ भोंडसी थाना में भोंडसी से रिठौज जाने वाले मार्ग के मोड़ पर अपने ऊपर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया था।

### लोक अदालत में मिलता है सस्ता और सुलभ न्याय: सीजेएम

**गुरुग्राम।** लोक अदालतों में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। यहां के फैसलों की भी उतनी ही अहमियत होती है, जितनी सामान्य अदालतों में हुए फैसलों की होती है। लंबे समय से लंबित केसों के आपसी सहमति से निपटारे के लिए वादकारी लोक अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। इसके लिए आगामी 13 अगस्त को गुरुग्राम जिला अदालत में लोक अदालत लगाई जाएगी।

यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी ललित पटवर्धन ने शनिवार को बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से मामलों का निपटारा होगा। अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला गुरुग्राम में यह राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जा रही है। सीजेएम पटवर्धन ने बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

# नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड छोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसएमओ

### सहायक एसएमओ ने कहा, आपातकाल वार्ड छोड़ने वाले डॉक्टर व नर्स को भी देंगे कारण बताओ नोटिस

**सोहना।** नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में लगे कर्मचारी से लेकर डॉक्टर के गैर हाजिर होने पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डॉक्टर ड्यूटी के समय आपातकाल वार्ड से एक मिनट बाहर छोड़कर नहीं जाने की सख्त हिदायतें जारी कर दी गई है।

नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में 24 घंटा ड्यूटी देने वाले डॉक्टरों को अब एक पल भी बाहर जाने पर कार्रवाई होगी। नागरिक अस्पताल का आपातकाल वार्ड हमेशा डॉक्टर के गैर हाजिर होने के आरोपों से घिरा रहा है। लेकिन शुक्रवार को बिजली का करंट लगने के दौरान उपचार के लिए आया गया 15 वर्षीय छात्र की हुई दर्दनायक मौत से नागरिक अस्पताल के अधिकारी हरकत में आ गए है। नागरिक अस्पताल के सहायक एसएमओ डॉक्टर दशरथ राव ने बताया कि विभाग की शुक्रवार को आपातकाल वार्ड को छोड़कर जाने वाले डॉक्टर व नर्स को भी कारण बताओ के नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने वार्ड को कितने देर के लिए छोड़ा और वार्ड को छोड़ने के कारणों का जबाव लिखित में मांगा जा रहा है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी से लेकर डॉक्टरों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने अब कड़ी कार्रवाई के लिए भी तैयार रहना होगा। आपातकाल वार्ड में दूसरी चरण में आने वाले कर्मचारी और डॉक्टर के आने से पहले वार्ड को न छोड़ने की चेतावनी तक दे दी गई है। यदि डॉक्टर की लापरवाही के कारण किसी मरीज की मौत का कारण बनती है। उस डॉक्टर के खिलाफस्वास्थ्य विभाग की तरफ से मामला दर्ज कराया जाएगा। साथ के साथ उसे कारण बताओ नोटिस का जबाव भी देना होगा।

# मांगें नहीं मानी तो स्वास्थ्यमंत्री और मिशन निदेशक का घेराव करेंगे



रिजवान कासिम। मेवात

## एनएचएम कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई

## कहा, जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल जैसे कदम उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे

**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एनएचएम कर्मचारी पिछले तीन दिन से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक भी उनकी मांगों को अमलीजामा नहीं पहनाया है। जिससे उनमें लगातार रोष बढ़ता जा रहा है।

एनएचएम कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि अगर आगामी 8 अगस्त तक उनकी मांगों को नहीं माना गया तो मिशन निदेशक के चंडीगढ़ कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इससे भी अगर बात नहीं बनी तो स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री सहित किसी भी नेता व अधिकारी के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करना पड़ा। भूख हड़ताल जैसा कदम भी उठाना पड़ा तो पीछे नहीं हटा जाएगा। आपको बता दें कि मिशन निदेशक ने एनएचएम प्रदेश अध्यक्ष रेहान रजा एवं अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा में कार्यरत कैशियर ऋषिराज को बर्खास्त करने के आदेश जारी किए थे। जिससे एनएचएम कर्मचारी खासे नाराज हैं। उन्होंने कहा कि 10-15 साल सेवाएं देने के बावजूद भी उनकी नौकरी सुरक्षित नहीं है। हद तो तब हो गई जब मांग पत्र सौंपने तथा पिछले कई दिनों से हड़ताल करने के बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक किसी प्रकार का कोई फैसला नहीं लिया है। इसके अलावा एनएचएम कर्मचारियों ने कहा कि एक तो उन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है। दूसरा उन्हें जो लाभ मिलने चाहिए थे, वह अभी तक भी नहीं मिले हैं। लिहाजा स्वास्थ्य कर्मचारी पूरी तरह से आरपार के मूड में दिखाई दे रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि प्रदेश भर में तकरीबन 14000 एनएचएम कर्मचारी हैं। इनके हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाओं का चरमराना लाजिमी है। अगर अगले कुछ दिनों में स्वास्थ्य विभाग ने एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल का कोई ठोस नतीजा नहीं निकाला तो आने वाले दिनों में लोगों की सेहत पर इस हड़ताल का असर पड़ सकता है।

# स्वास्थ्य शिविर में 93 लोगों ने उठाया लाभ

## चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

## शिविर में कोविड-उपयुक्त व्यवहार और सुरक्षा उपायों के पालन किया गया



स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाते ग्रामीण।

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** जिले में ग्राम समुदाय की स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए अपने सतत अभियान के हिस्से के रूप में बीपीसीएल समर्थित जन आरोग्यम कार्यक्रम के तहत नूंह बिस्नोली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने शनिवार को गांगोली गांव में एक मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह गैर-संचारी रोगों पर ध्यान देने के साथ स्थानीय लोगों को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का एक हिस्सा था।

चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम ने सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक 93 लोगों की जांच की। सामान्य जांच के साथ-साथ एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के लिए लोगों की जांच की गई। प्रारंभिक जांच के आधार पर, आगे के परीक्षण किए गए, जिसमें रक्त परीक्षण, बीपी, ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर, और आंखों की जांच भी शामिल थी। लोगों को कोविड-उपयुक्त व्यवहार और सुरक्षा उपायों का पालन करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए, डॉक्टरों ने संतुलित आहार और कम कीमत पर घर का बना पौष्टिक भोजन के बारे में उजागर प्रदान की। दवाईयां, पोषाहार पूरक, इम्युनिटी बूस्टर किट, मास्क आदि बांटे गए। डॉ.गोबिंद सरन, एसएमओ, सीएचसी नूंह, ने जिला प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया। जेएन राय, निदेशक-परियोजनाएं, रोहित चरण सिंह परियोजना-संचालन, और बीएसजीएसएस की स्थानीय जन आरोग्यम टीम ने शिविर से संबंधित गतिविधियों का समन्वय किया। बीएसजीएसएस के परियोजना-संचालन रोहित चरण सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का कार्यक्रम अगस्त 2022 में शुरू किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला को अश्लील मैसेज भेजने के आरोपी पर केस दर्ज



**नूंह।** फेसबुक आईडी हैक कर महिला को अश्लील मैसेज कर परेशान करने वाला नूंह शहर के वार्ड-9 निवासी हरीश सिंगला पर मुकदमा दर्ज हुआ है। लंबे समय से परेशान करने वाला हरीश सिंगला मोबाइल नंबर के जरिए पकड़ में आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। वार्ड-10 की शिकायतकर्ता मोनिका जैन ने कहा कि आरोपी हरीश सिंगला द्वारा मेरी फेसबुक आईडी हैक कर कई लोगों, औरतों व लड़कियों को फेसबुक के जरिए अश्लील मैसेज, अपत्तिजनक फोटो व कुछ लोगों से पैसों की डिमांड की गई। फेसबुक के जरिए आरोपी हरीश द्वारा मैसेंजर के जरिए मेरे पति राजीव का नाम लेकर महिलाओं से बातचीत कर अश्लील बातें करता रहा। इस दौरान कई महिलाएं हमारी दुकान पर आकर उलाहना तक देने पहुंचीं, लेकिन हम सब इस हरकत से बिल्कुल अनजान थे। एक दिन शहर निवासी चमन पुत्र गोबिंद दुकान पर आया इसी बात का उलाहना देने लगा। इस बीच जब चमन की पत्नी को आरोपी द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन किया तो मामले का उजागर हो गया। इस बीच जब चमन और पति राजीव आरोपी हरीश की दुकान पर पहुंचे तो उल्टा बदनाम करने की धमकी देने लगा। इस मामले के बाद 29 जुलाई की रात 9 बजे आरोपी हरीश अपने भाई जयभगवान और नीरज के साथ घर पर पहुंच गाली गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों द्वारा हमला करने पर पुलिस को फोन कर मामला अवगत कराया। वहीं पुलिस ने आरोपी हरीश और उसके भाई जयभगवान व नीरज पुत्र ओमप्रकाश के खिलाफ 30 जुलाई को कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। साईबर अपराध थाना के एसएचओ मलखान ने कहा कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

### नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट की बैठक का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** 75 वें आजादी महोत्सव को धूमधाम एवं यादगार मनाने के लिए नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, एडवोकेट संदीप सेठी, एडवोकेट दीपक गेरा, मनीष मिश्रा, प्रशांत मेहता (चीनू), वरुण मेहता, दीपक बंसल, प्रदीप चावला परविंदर राजपाल, राजेश गुप्ता, तरुण गर्ग, किशन बांगा, अभिषेक जोशी, अमित कुमार मौजूद थे। समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा ने कहा कि 75वें आजादी महोत्सव के तहत पिछले एक वर्ष में 20 से ज्यादा कोरोना वैक्सीनेशन कैम्प लगाए गए तथा दो रक्तदान शिविर भी लगाए जा चुके है। इसके अलावा आगामी 13 अगस्त को नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा कम्युनिटी सेंटर नेहरू ग्राउंड में लगाया जाएगा। इसके बाद आमजन में तिरंगा झण्डे का भी वितरित किया जाएगा। तत्पश्चात भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने सभी उपस्थित युवाओं, धार्मिक सामाजिक संगठनों के सदस्यों से अपील की है कि वह आजादी के अमृत महोत्सव को धूमधाम एवं यादगार मनाने के लिए रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक पहुंचे तथा 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने निवासों, व्यापारिक संस्थानों, स्कूल, कालेज, व अन्य भवनों पर तिरंगा शान से फहराए।

### वाहन चोर को किया गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विवेक है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के गांव दुर्जनापुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित नाइट डोमिनेशन के दौरान थाना सेक्टर-31 के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने मोटरसाइकिल को लॉकडाउन के दौरान चोरी किया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### नाईजीरियनों के लिए एजेंट का काम करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर की टीम ने नाइजीरियन व्यक्तियों के फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। फर्जी आधार कार्ड बनवाने वाले आरोपी अजय उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अजय उर्फ मोनू,स्क्रिन लेमोगोज़न और हैम्फरी का नाम शामिल है। आरोपी विदेशी नागरिक को रेंट पर मकान तथा गाइड करने का काम करता है। आरोपी अजय फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी के घर से थाना बीपीटीपी के अवैध आधार कार्ड बनाने के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपी से 2000 रुपये नगद एक नकली आधार कार्ड एक आधार कार्ड सलिप बरामद की गई है। आरोपी अजय से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विदेशी लोगों के लिए रेंट पर मकान दिलाने वह गाइड करने का काम करता है। आरोपी ने पैसे के लालच में आकर फर्जी आधार कार्ड बनवाने के लिए आरोपी राहुल से संपर्क किया था। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा व अन्य दो नाइजीरियन आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रथम विभाजन विभीषिका दिवस ऐतिहासिक होगा : सतीजा



बैठक में उपस्थित पंजाबी समाज के लोग।

## पंचनद हरियाणा की युवा कार्यकारिणी के सदस्य दीपक सतीजा ने पुन्हाना-पिनगवां में ली बैठक

## अपील की, प्रथम विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें लोग

**पुन्हाना।** पंचनद परिवार के नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आगामी 14 अगस्त को कुरुक्षेत्र में मनाए जा रहे प्रथम विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचें। प्रथम विभाजन विभीषिका दिवस ऐतिहासिक होगा। यह कार्यक्रम देश विभाजन के दौरान अपनी जान समेत सर्वस्व कुर्बान करने वाले अनेक शहीदों के वारिसों के लिए अनूठा अवसर देगा। साथ ही उन शहीदों की शहादत को याद करते हुए उनकी स्मृति में एक विशाल यादगार स्मारक की योजना को अमलीजामा पहनाने की शुरुआत करेंगे।

ये बातें पंचनद हरियाणा की युवा कार्यकारिणी सदस्य दीपक सतीजा ने पुन्हाना-पिनगवां में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों को कार्यक्रम का न्योता देते हुए कहीं। इन दौरान पुन्हाना-पिनगवां में आयोजित बैठकों में उपस्थित लोगों ने दीपक सतीजा को पद का भार मिलने की मुबारकबाद दी, साथ ही उनका पगड़ी बांधकर स्वागत भी किया। कार्यकारिणी सदस्य दीपक सतीजा ने कहा कि पंचनद स्मारक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पटौदी हरिमन्दिर के महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव का आह्वान है कि कुरुक्षेत्र में 14 अगस्त को होने जा रहे प्रथम विभाजन विभीषिका दिवस के खास कार्यक्रम में समाज के एक-एक घर की समुचित भागीदारी हो, ताकि न केवल समाज एकजुटता इस कार्यक्रम में नजर आएगी बल्कि इस कार्यक्रम के उद्देश्य को समझते हुए उन शहीद पुरखों की भावी पीढ़ियां भी उनके इस स्वाभिमान की लौ को जलाए रखें। दीपक सतीजा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर मुख्य रूप आए उपस्थित रहेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी किसी न किसी रूप से इस कार्यक्रम से अवश्य जुड़ेंगे।

# डीएसपी हत्याकांड : सबूतों के अभाव और किडनी फेलियर बता हुई एक और जमानत

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

## आरोपी के अधिवक्ता ने कहा, पुलिस को आरोपी कल्लू के खिलाफ नहीं मिले सबूत

## मामले में आरोपी समेत अब तक चार आरोपियों की हुई जमानत

**पचगांव** डीएसपी सुरेंद्र सिंह हत्याकांड में आरोपी कल्लू उर्फफजरु को भी जमानत मिल गई है। इस हत्याकांड में गिरफ्तार 12 आरोपियों में से अब तक चार की जमानत हो चुकी है। शनिवार को जेल से बाहर आए आरोपी कल्लू पर अवैध रूप से पत्थर की खान का संचालन करने का आरोप था। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ताहिर हुसैन देवला ने बताया कि शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह हत्या मामले में आरोपी कल्लू उर्फ फजरु निवासी पचगांव को पुलिस ने 27 जुलाई को पचगांव से गिरफ्तार किया था। जिसे पचगांव पहाड़ में अवैध रूप से संचालित पत्थर खान का मालिक बताया गया था। अधिवक्ता ने दावा करते हुए बताया कि पुलिस को आरोपी कल्लू के खिलाफ अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है, साथ ही वह एक 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति है। जो किडनी की बीमारी से ग्रस्त है। उसकी दोनों किडनी खराब स्थिति में हैं। न्यायालय में यह दलीलें रखी गई तो शनिवार को एडिशनल सेशन जज संदीप कुमार दुग्गल ने कल्लू उर्फ फजरु की जमानत अर्जी मंजूर कर ली, अधिवक्ता ने बताया कि इस हत्याकांड में पुलिस ने नाजायज लोगों को गैर जरूरी तरीके से गिरफ्तार किया। अधिवक्ता ने कहा कि पुलिस ने इस हत्याकांड के बाद क्षेत्र में भय का माहौल पैदा कर लोगों को प्रताड़ित किया।

बता दें कि गत 19 जुलाई को हुए डीएसपी सुरेंद्र सिंह हत्याकांड मामले में दो नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ तावडू सदर थाने में मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में अब तक चार आरोपियों की जमानत हो चुकी है।

# कन्वेंशन में वर्कर और हेल्पर बड़ी संख्या में लेंगे भाग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**आजादी** की 75 वें वर्षगांठ और मेहनतकश अवाम के हालात और भविष्य के संघर्षों की रूप-रेखा तैयार करने के लिए सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद, आगामी 8 अगस्त को सेक्टर 12 ओपन एयर थिएटर में कन्वेंशन करेगी। कन्वेंशन में सभी कारखानों और केंद्रीय परियोजनाओं के तहत कार्यरत वर्कर और हेल्पर बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह जानकारी सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। इस कन्वेंशन को सफल बनाने के लिए सीटू ने जोरदार अभियान चला रखा है।

इस सिलसिले में आज शनिवार को सेक्टर 7 सत्य पैलेस, वाईएमसीए चौक सेक्टर-6 और मोहना रोड बल्लभगढ़ में आम मजदूरों और नागरिकों के बीच में पर्चे वितरित किए गए। यहां पर सीटू के जिला प्रधान निरन्तर पाराशर, स्टार वायर के संदीप यादव, संतोष कुमार, जेसी बोस यूनिवर्सिटी के दीपक विशेष तौर पर उपस्थित रहे। तीनों जगह सभाओं को संबोधित करते हुए सीटू के नेताओं ने बताया कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता आज बेरोजगारी, महंगाई, कुपोषण जैसे चौतरफा संकट की मार झेल रही है। चुनाव के वक्त प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात महज एक धोखा साबित हुआ है। नौकरियां प्रदान करने वाले विभागों जैसे रेलवे, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, बैंक, बीमा, डाक तार, पानी, एयरपोर्ट, इंडियन ऑयल, भारत पैट्रोलियम, हिंदुस्तान पैट्रोलियम, आईपीसीएल, और सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण करके करोड़ों बेरोजगार युवाओं को मामूली नौकरियों से भी वंचित कर दिया है। ऊपर से अग्निपथ जैसी युवा विरोधी योजनाओं को लागू करके आग में तेल डालने का काम किया जा रहा है। आगामी 15 अगस्त को अपने देश को आजाद हुए 75 साल हो रहे हैं हम अपने शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं। उनकी कुर्बानियों के आगे सिर झुकाते हैं। जिनकी बदौलत आज हम आजादी से सांस ले रहे हैं। लेकिन वर्तमान सरकार पूंजी पतियों और कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है। आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। खाद्य पदार्थों जैसे आटा,दाल, चावल, चीनी, गुड़, शक्कर, सूजी, तेल, दूध, पनीर, दही, बैंक से चेक द्वारा पैसे निकाले जाने पर और अंतिम संस्कार का सामान लेने पर भी 18 परसेंट जीएसटी लगा रही है। जिसके कारण महंगाई में लगातार उछाल आ रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं महंगी हो रही हैं। डीजल पेट्रोल सीएनजी पीएनजी की कीमतें रोज बढ़ रही है। इसके कारण गरीब आदमी का अपना जीवन बसर करना बड़ा मुश्किल होते जा रहा है। सरकार की इस मजदूर, किसान, कर्मचारी, महिला, छात्र, विरोधी सरकार से सभी परेशान हैं। इसलिए सीटू जिला कमेटी 8 अगस्त को कन्वेंशन के तुरंत बाद प्रदर्शन करके और देश के प्रधानमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन उपायुक्त फरीदाबाद को सौंपेगी।

# हर घर तिरंगा: स्कूलों में हुईं रचनात्मक गतिविधियां

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विद्यार्थियों में जोश व उत्साह, आमजन को दिया तिरंगा फहराने का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए डीसी अजय कुमार के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिला के विद्यालयों में रंगोली, पेंटिंग, निबंध लेखन व अन्य रचनात्मक जागरुकता गतिविधियों का आयोजन शनिवार को भी जारी रहा।

राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय नूंह की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत शिक्षक दिनेश गोयल, प्रीति एवम इंदु बाला के मार्गदर्शन में आयोजित रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से आमजन को तिरंगा फहराने का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रातः प्रार्थना सभा में भी हर घर तिरंगा अभियान में भागीदार बनने बारे आमजन को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय झंडा तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा मुहिम शुरू की। इससे लोगों में राष्ट्र के प्रति प्रेम, प्यार व समर्पण का भाव पैदा होगा। वहीं तावडू खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर अहिर में वन्दना सभा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके बाद शिक्षक सुमित, जितेंद्र कुमार के साथ गांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

### वन विभाग का हर घर तिरंगा अभियान जारी

**आजादी** अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला वन विभाग की ओर से आमजन को हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी करने के लिए, क्षेत्र में तिरंगा के साथ पौधरोपण कर इस महाअभियान में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है।

जिला वन अधिकारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि वन विभाग की ओर से 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के दिन तक यह अभियान निरंतर जिला में जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाए जाएं और अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए। इस कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राहेरी में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश मलिक, प्राचार्य आनंद अंतिल की उपस्थिति में विधालय प्रांगण में पौधारोपण किया एवम बच्चो को पौधों के महत्व के बारे में समझाया।

# जैव विविधता समितियों के प्रशिक्षण को कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** के सभी 117 गांवों, में गठित 8 अगस्त 2022 को मैगपाई टूरिस्ट रिसार्ट नजदीक ओल्ड फरीदाबाद मेट्रो स्टेशन में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैव विविधता प्रबंधन समितियों के संचालन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला जायेगा और समितियों से जुड़े कार्यकर्ताओं के कार्य क्षमता संवर्धन के लिए सुझाव प्रदान किये जायेंगे।

यह सूचना जैव विविधता फरीदाबाद के सचिव एवं डीएफओ दीपक पाटिल, आईएफएस ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर राज्य जैव विविधता बोर्ड के सचिव भी उपस्थित रहेंगे। जैव विविधता को जन सामान्य का विषय बनाने और सामुदायिक हिस्सेदारी बढाने के उद्देश्य से साथ जीवन संस्कृति को कैसे प्रकृति हितैषी बनाया जाए, के लिए विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष विनीत गर्ग, वरिष्ठ आइएफएस अधिकारी होंगे। इस अवसर पर जैव विविधता से सम्बंधित फरीदाबाद के सदस्य विभागों के समस्त अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में यह भी सुनिश्चित किया जायेगा की फरीदाबाद में संचालित औद्योगिक इकाइयां प्रदूषण रहित फरीदाबाद बनाने में कैसे रचनात्मक पहल करेंगी। फरीदाबाद के वन क्षेत्र को बढाने के लिए समिति के सदस्य कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा सामुदायिक हिस्सेदारी के लिए प्रेरित किया जायेगा।

पायनियर
क्लासीफाइड

बेदखली सूचना

मैं सुभाष चंद पाण्डेय (आधार न 6449 6269 6813) पुत्र स्व0 श्री शिवनायक पाण्डेय निवासी मकान न0 टीडब्ल्यू न0-8, एन एच-3, एन सी एफ क्वार्टर, एन आई टी फरीदाबाद हरियाणा ने अपने पुत्र रवि पाण्डेय (आधार न 2532 063 1295) व अपनी पुत्रवधु इंदिरा पाण्डेय (आधार न0 7649 5591 0149) व इनकी पुत्री रश्मि पाण्डेय को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करा हूँ, जोकि मेरी आज्ञा में नहीं है। इनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा, कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# राजनीतिक बीमारी

## खैरात की संस्कृति

**खैरात** की संस्कृति एक राजनीतिक बीमारी है और इसका राजनीतिक इलाज होना चाहिए। इसमें न्यायपालिका को शामिल करने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता अश्विनी उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पार्टियों को चुनावों के पहले 'अतार्किक खैरातों' की घोषणा से रोकने की प्रार्थना की है। क्या उन्होंने यह मुद्दा पार्टी के किसी मंच पर या कहीं और उठाया है? इसके साथ ही राजनीतिक पार्टियां चुनाव अभियानों के पहले या उसके दौरान जो कुछ करती हैं या उनको करना चाहिए, यह मामला उनके बीच का है। इसमें देश की सर्वोच्च अदालत को घसीटने का क्या औचित्य है? बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय ने सुझाव दिया कि एक समिति का गठन किया जाए जिसमें नीति आयोग, वित्त आयोग, सत्तारूढ़ व विपक्षी दलों, भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई तथा अन्य पक्षों के लोग शामिल हों। अदालत ने वरिष्ठ वकील, राज्यसभा सदस्य तथा पूर्व विधि मंत्री कपिल सिब्बल की राय भी मांगी है। राजनेता अक्सर मामले हल करने में विफल होते हैं और इसलिए न्यायपालिका से सहायता मांगते हैं। लेकिन वे न्यायिक क्षेत्र के विस्तार या न्यायपालिका की अति-सक्रियता पर भी सवाल उठाते हैं। इससे भी बुरी बात है कि वे राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर भी काम नहीं करते हैं। यह समझने के लिए किसी को अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है कि 'खैरातें' न केवल सरकारी खजाने, बल्कि अर्थव्यवस्था और यहां तक कि राजनीति के लिए भी खतरनाक हैं। इसके बावजूद कोई राजनीतिक पार्टी उनके खिलाफ सैद्धान्तिक दृष्टिकोण अपनाने को तैयार या इसमें सक्षम नहीं है। 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'रेवड़ी संस्कृति' के खिलाफ भाषण दिया था। उन्होंने उचित ही संकेत किया था कि यह आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक' है। राज्यों के स्तर पर यह खतरा चिन्ताजनक आयाम धारण कर रहा है क्योंकि सभी पार्टियों की सरकारें विचारहीन लोकरंजकता में लिप्त होती हैं तथा धड़ल्ले से खैरातें बांटती हैं।




हालांकि, इस परिघटना की ओर ध्यान पहली बार नहीं आकर्षित किया गया है। लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ सप्ताह पहले आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने राज्यों की राजकोषीय शाहखर्ची पर चिन्ता व्यक्त की थी। नवंबर, 2021 में जारी आरबीआई की रिपोर्ट में इसी तथ्य को रेखांकित किया गया था। उसने कहा था कि हालिया वर्षों में राज्यों के बकाए कर्ज में बढ़ोत्तरी की प्रवृत्ति दिख रही है जिसका कारण उज्जवल डिस्काम एश्योरेंस योजना-उदय, किसानों की कर्ज माफी तथा 2019-20 में आर्थिक सुस्ती है। इन सबके कारण कर्ज-जीएसडीपी अनुपात बढ़ा है। राज्य के लिए जीएसडीपी का वही स्थान है जो देश के लिए जीडीपी का। इस वर्ष अप्रैल में 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन.के. सिंह ने संकेत किया था कि अर्थव्यवस्था तथा खैरातों की राजनीति में गंभीर गड़बड़ियां हैं। यह 'सबसे निचले स्तर तक गिरावट की दौड़' तथा 'राजकोषीय विभीषिका जल्दी लाने' का रास्ता है। दुर्भाग्य से खैरातों की अर्थनीति और राजनीति तथा लोकरंजकता बेलगाम तरीके से जारी हैं। इस पर पैसा लगता है और उसके खराब नतीजे निकलते हैं। इसका एक उदाहरण महंगे पेट्रोलियम उत्पाद हैं। हमेशा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने से किसी को और निश्चित रूप से देश को कोई लाभ नहीं होता है। इसलिए आसानी से लाभ प्राप्त करने के बजाय सभी राजनीतिक पार्टियों को लोकरंजकता की सीमायें तय करनी चाहिए और प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि वे उनको पार नहीं करेंगी। वे यह काम बिना न्यायपालिका की सहायता के कर सकती हैं। इसके लिए एक ऐसी चीज पुनर्जीवित करनी होगी जो मर चुकी है या मर रही है। सभी पार्टियों को आपस में सार्थक संवाद करना चाहिए और केवल इससे ही 'सबसे निचले स्तर तक गिरावट की दौड़' रोकी जा सकती है।

# सावधान! जनसंख्या विस्फोट के मुहाने पर भारत

### एक रिपोर्ट को मानें तो उसके अनुसार विश्व के कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां जनसंख्या विस्फोट होने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2100 तक सहारा रेगिस्तान के दक्षिण में बसे अफरीकी देशों की जनसंख्या तीन गुना बढ़कर करीब तीन अरब हो जाएगी।



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति विश्लेषक हैं)



**पिछले** दिनों लंबे अंतराल बाद एक पुराने मित्र से बात हो रही थी। जीवन में आए उतार-चढ़ावों पर भी अंतरंग बातचीत हुई। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि अपने परिवार को छोटा ही रखा है, इसलिए बच्चों की जिम्मेदारियों से मुक्त और खुश हैं। उनकी शादी को कई वर्ष हो चुके हैं और फिलहाल बच्चे की कोई योजना भी नहीं है। उन्हीं के शब्दों में कहें तो वे बच्चा पालने की जिम्मेदारियों और चिंताओं के बिना अपना जीवन जीना चाहते हैं। इसी मानसिकता को समझने के लिए, इन गंभीर मुद्दों को जानने के लिए कई रिपोर्टों को देखने के बाद जो बात समझ में आई, उसने रोमांचित कर दिया। विश्व के कई ऐसे विश्वविद्यालय हैं जहां जन-जन से जुड़े सभी प्रकार के विषयों और समस्याओं पर अनुसंधान किया जाता है। उन्हीं में से एक है स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, जिसके द्वारा विश्व जनसंख्या पर किए गए एक रिसर्च में यह बात सामने आई है कि विश्व में दूसरे स्थान पर रहने वाले देश भारतवर्ष की आबादी 78 वर्ष बाद अर्थात 2100 में 41 करोड़ घट जाएगी और जनसंख्या घनत्व भी कम हो जाएगा। वहीं चीन की आबादी 49 करोड़ पर सिमट जाएगी। रिपोर्ट की मानें तो उसमे कहा गया है कि जब जनसंख्या वृद्धि नकारात्मक होती है, तो उस आबादी के लिए ज्ञान और जीवन स्तर स्थिर हो जाता है, लेकिन यह शनैः-शनैः गायब भी हो जाता है, जो बेशक हानिकारक परिणाम भी है। आने वाले समय में भारत का जनसंख्या घनत्व काफी कम होने का अनुमान बताया गया है। आज भारत और चीन की आबादी एक जैसी दिखाई देती है, लेकिन घनत्व में बहुत बड़ा अंतर है। भारत में प्रति वर्ग किलोमीटर में औसतन 476 लोग रहते हैं, वहीं चीन में प्रति वर्ग किलोमीटर 148 लोग रहते हैं। भारत का जनसंख्या घनत्व 335 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर गिरने की उम्मीद की गई है और यह गिरावट पूरे विश्व की उम्मीद से कहीं अधिक होने का अनुमान है। भारतवर्ष जनसंख्या घनत्व अनुमान में गिरावट, देश की जनसंख्या कम होने के कारण है। संयुक्त राष्ट्र परियोजनाओं की ताजा रिपोर्ट है कि भारत की जनसंख्या वर्ष 2022 में जो लगभग 141 करोड़ है, वर्ष 2100 में घटकर 100 करोड़ के आसपास रह जाएगी।

विश्व की जनसंख्या और विशेष रूप से भारतीय जनसंख्या के हानि-लाभ और कारण को जानने का प्रयास किया तो वह और भी चौंकाने वाला है। मेडिकल जर्नल की पत्रिका में छपे एक अध्ययन के अनुसार दुनिया भर में जन्म दर में कमी हो रही है और इसका मतलब है कि इस सदी के अंत तक विश्व के लगभग सभी देशों की जनसंख्या में कमी आएगी। पत्रिका की इस रिपोर्ट में समाज पर इसके पड़ने वाले प्रभाव का भी जिक्र है। यहां हम सात देशों के बारे में जानेंगे, जो जनसंख्या में हो रहे नाटकीय बदलाव की समस्या से जूझ रहे हैं और इससे निपटने के लिए क्य-कदम उठा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस सदी के अंत तक जापान की जनसंख्या आधी हो जाएगी। वर्ष 2017 की जनगणना के अनुसार जापान की जनसंख्या 12 करोड़ 80 लाख थी, लेकिन इस शताब्दी के आखिर तक ये घटकर पांच करोड़ 30 लाख तक होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जनसंख्या के हिसाब से जापान दुनिया का सबसे बुज़ुर्ग देश है, जहां, 100 साल से ज्यादा उम्र-दराज के लोगों की संख्या भी सबसे ज्यादा है। इस कारण जापान में काम करने की क्षमता रखने वालों की संख्या में लगातार घटती जा रही है जिसके कारण इस हालात के और अधिक खराब होने की आशंका जताई जा रही है।

जापान की ही तरह इटली में बुजुर्गों की संख्या बहुत है। साल 2019 के विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इटली में 23 फीसदी आबादी 65 साल से अधिक उम्र की है। साल 2015 में इटली की सरकार ने प्रजनन दर बढ़ाने की योजना शुरू की थी, जिसके तहत हर विवाहित जोड़ों को एक बच्चा होने पर सरकार की तरफ से 725 पाउंड, यानी करीब 69 हजार रुपये दिए जाते हैं। चीन ने अपने यहां बढ़ती आबादी और अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभाव को देखते हुए वर्ष 1979 में वन चाइल्ड की योजना शुरू की थी। लेकिन, दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाला यह देश आज जन्म-दर में हो रही अत्यधिक कमी से जूझ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार अगले चार साल में चीन की आबादी एक अरब 40 करोड़ हो जाएगी, लेकिन सदी के अंत तक चीन की आबादी घटकर क़रीब 73 करोड़ हो जाएगी। वर्ष 1979 में ईरान में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद वहां की जनसंख्या में बढ़ोत्तरी हुई थी, लेकिन ईरान ने जल्द ही अपने यहां बहुत ही प्रभावी ढंग से जनसंख्या नियंत्रण नीति लागू कर दिया। पिछले दिनों ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी थी कि ईरान में सालाना जनसंख्या वृद्धि दर एक फ़ीसद से भी कम हो गई है। मंत्रालय के अनुसार अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो अगले 30 साल में ईरान दुनिया में सबसे बुज़ुर्ग देशों में एक हो जाएगा। ब्राजील में पिछले 40 वर्षों में प्रजनन दर में काफी कमी देखी गई है। 1960 में ब्राजील में प्रजनन दर 6.3 थी जो हाल के दिनों में घटकर केवल 1.7 रह गई है। एक प्रमाणित रिपोर्ट की माने तो ब्राजील की आबादी 2017 में 21 करोड़ थी, जो 2100 में घटकर 16 करोड़ के करीब हो जाएगी।

और अब बात भारत की। रिपोर्ट की मानें तो साल 2100 तक भारत चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन जाएगा। हालांकि, पत्रिका के शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत की आबादी में कमी आएगी और इस सदी के आखिर तक भारत की आबादी एक अरब 10 करोड़ के आसपास हो जाएगी। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की आबादी अभी एक अरब 41 करोड़ है। 1960 में भारत में जन्म-दर 5.91 थी जो अभी घटकर 2.24 हो गई है। दूसरे देश अपने यहां प्रजनन दर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां लोगों से छोटे परिवार रखने की अपील की है। पिछले साल एक भाषण में मोदी ने कहा था, जनसंख्या विस्फोट भविष्य में हमारे लिए कई तरह की समस्याएं पैदा करेगा, लेकिन एक ऐसा वर्ग भी है जो बच्चे को इस दुनिया में लाने से पहले नहीं सोचता है कि क्या वह बच्चे के साथ न्याय कर सकते हैं। उसे जो चाहिए, क्या वह उसे सब कुछ दे सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसके लिए समाज में जागरुकता लाने की ज़रूरत है।

एक रिपोर्ट को मानें तो उसके अनुसार विश्व के कुछ देश ऐसे भी हैं, जहां जनसंख्या विस्फोट होने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2100 तक सहारा रेगिस्तान के दक्षिण में बसे अफरीकी देशों की जनसंख्या तीन गुना बढ़कर करीब तीन अरब हो जाएगी। इस रिपोर्ट के अनुसार इस सदी के आखिर तक नाइजीरिया की आबादी करीब 80 करोड़ हो जाएगी और जनसंख्या के कारण वह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश हो जाएगा। रिपोर्ट यह भी कहती है कि उस वक्त तक नाइजीरिया में काम करने वाले योग्य युवाओं एक बड़ी संख्या हो जाएगी और उनकी जीडीपी में भी बहुत वृद्धि होगी। लेकिन, बढ़ती जनसंख्या के कारण इसका बोझ देश के आधारभूत ढांचों और सामाजिक ताने-बाने पर भी पड़ रहा है। नाइजीरिया के अधिकारी अब इस बारे में खुलकर बोलने लगे हैं कि जनसंख्या को कम करने के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है। इन सारी रिपोर्टों को देखने का बाद समझ में यह बात नहीं आ रही है कि अपने उस मित्र की सोच से दुखी होऊं या उनकी समाज और देश के प्रति दूरदर्शिता पर फख्र करूं। अपने मित्र की बात को और गंभीरता से जब सोचने लगा तो ऐसा लगा कि यह किसी एक की बात नहीं बल्कि पढ़े -लिखे समाज के हर घर की कहानी हैं। अब उनकी यह सोच नहीं है कि जितने हाथ काम की उतनी खुशहाली परिवार की। बड़े शहरों का हाल तो यह है कि पति-पत्नी दोनो काम करते हैं फिर बच्चों की देखभाल कौन करें। इसलिए वे योजनाबद्ध तरीके से उन झमेलों से अपने को मुक्त रखना चाहते हैं और सुखी जीवन जीना चाहते हैं। इसी सोच, इसी योजना के तहत लगभग सभी युवा अब एक बच्चे या बिना बच्चे के ही परिवार को सीमित कर देते हैं।

जो भी हो विश्व में युवाओं की मानसिकता जिस प्रकार समाज और देश के विकास लिए बदल रही है, इस पर भी एक अनुसंधान की आवश्यकता है। हो सकता है, इस पर भी कोई विश्वस्तरीय संगठन द्वारा अनुसंधान किया जा रहा हो। लेकिन, फिलहाल भारत की जनसंख्या विस्फोट की स्थिति में है। जनसंख्या वृद्धि की दर जीवंत-जाग्रत बुद्धिमान-मनीषियों एवं विभूतियों के लिए एक चुनौती है जिसे उन्हें स्वीकार करना ही पड़ेगा। जनसंख्या की अनियंत्रित वृद्धि के कारण संसार पर भुखमरी का संकट तीव्र गति से बढ़ रहा है। लंदन के विश्वविख्यात जनसंख्या विशेषज्ञ हरमन वेरी ने संसार को सावधान करते हुए लिखा है। सन 2050 में संसार के हालत महाप्रलय से भी बुरी हो जाएगी। तब धरती पर न तो इतने लोगों के लिए पर्याप्त भोजन मिल सकेगा, न शुद्ध वायु न पानी न बिजली। देश की उत्पादकता ही राष्ट्रीय विकास का आधार है। जो भी हो, दोनों ही भयावह स्थिति डराने वाली है। समाधान तो समाज को जागरूक और शिक्षित करने से ही निकलेगा। इसके लिए सोचना देश के समस्त राजनीतिज्ञों, बुद्धिजीवियों को होगा कि ऐसी स्थिति में हम आप क्या करें और सरकार क्या करे?

# छात्र केंद्रित कक्षाओं से बेहतर परिणाम

**राधिका जाहिदी**
(लेखिका, ग्रीन एकर्स अकादमी की निदेशक हैं)



विभिन्न तरीके अपनाने वाले इंटरएक्टिव या दूसरे शब्दों में छात्रों व शिक्षकों के बीच परस्पर सवांद वाले शिक्षण दृष्टिकोण से शिक्षण- परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हो सकते हैं। अधिकांश वयस्कों ने पढ़ाई के दौरान कक्षाओं में सुस्त ढंग से बैठे रहने का अनुभव किया है, क्योंकि शिक्षक ने मोनोलॉग प्रस्तुत किए होते हैं। इसका अर्थ है कि शिक्षक छात्रों से एकपक्षीय संवाद करते हैं जिसमें छात्रों की कोई भूमिका नहीं होती है।

आज हम जानते हैं कि ऐसा अनुभव सर्वोत्तम नहीं है और इसे इंटरैक्टिव, छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण से बदला जाना चाहिए। पिछले कुछ दशकों में, शिक्षकों ने इंटरैक्टिव शिक्षण दृष्टिकोण के महत्व को पहचाना है। अनुसंधान ने स्थापित किया है कि एकतरफा व्याख्यान में सीखना शायद ही कभी प्रभावी ढंग से होता है। इंटरैक्टिव शिक्षण के माहौल में, छात्र सक्रिय रूप से भागीदारी करते हैं। इसे विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, छात्रों से प्रश्न पूछना, छात्रों को साथियों के साथ और टीमों में काम करना, व्यावहारिक अनुभवों से परिचय कराना, आदि।

इस प्रकार की इंटरएक्टिव शिक्षण -प्रक्रिया के दौरान छात्र सक्रिय रूप से 'बोलने' या 'करने' में भागीदार बनते हैं। छात्र-केंद्रित कक्षाएं गहन शिक्षण के लिए वैयक्तिक छात्र खूबियों का लाभ उठाती हैं। छात्र-केंद्रित शिक्षा, जिसे शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण भी कहा जाता है, एक ऐसा शैक्षणिक दृष्टिकोण है, जो महत्व प्राप्त कर रहा है। छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण स्वीकार करते हैं कि छात्र सीखने के लिए विविध रुचियों, शक्तियों और प्राथमिकताओं वाले अनोखे व्यक्ति होते हैं, जबकि यह पुष्टि करते हुए कि कोई एक तरीका सभी के लिए उपयुक्त नहीं होता है। अच्छे शिक्षण के लिए आवश्यक है कि हम विद्यार्थियों को अच्छी तरह से जानें, और इस ज्ञान का उपयोग निर्देशों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए करें। शिक्षण प्रक्रिया की विभिन्न गति और वरीयताओं के अनुरूप शिक्षण पद्धति में अंतर करते हुए, इसे छात्रों की रुचियों को पाठों में शामिल करके, सामग्री को उनके आसपास के संदर्भों से जोड़कर उन्हें प्रासंगिक बनाने के लिए किया जा सकता है, आदि।

जब छात्र-केंद्रित शिक्षाशास्त्र को शामिल किया जाता है, तो अंत:क्रियात्मक शिक्षण के सकारात्मक प्रभाव को और बढ़ाया जा सकता है। यह काम तीन स्तरों पर किया जा सकता है - भौतिक स्तर पर व्यवहारगत, संवेदी जुड़ाव, मन के स्तर पर संज्ञानात्मक/बौद्धिक जुड़ाव, और दिल के स्तर पर भावनात्मक / प्रेरक जुड़ाव इनमें शामिल हैं।

व्यवहारगत जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए, हमारे पास सीखने का माहौल या रणनीतियां होनी चाहिए जो छात्रों को सीखने की प्रक्रिया के दौरान काम पर बने रहने में सक्षम बनाती हैं। इसे इंटरएक्टिव लर्निंग स्ट्रैटेजी द्वारा प्रचारित किया जाता है जैसे कि छात्रों को कक्षा के दौरान चौकस बने रहने में मदद करने के लिए प्रश्न पूछना और सभी इंद्रियों को शिक्षण के दौरान पूरी तरह से जोड़ने के लिए मल्टी-मोडल इंटरेक्टिव मीडिया का उपयोग करना इनमें शामिल हैं। छात्रों को कक्षा के नियमों का सह-सृजन करने के अवसर दिए जा सकते हैं। इसका अर्थ है कि शिक्षक कक्षा संचालन के नियम बनाने में छात्रों से संवाद कर उनकी राय जानें।

यह सीखने को अधिक छात्र-केंद्रित बनाने में मदद करता है, और शिक्षक अपने छात्रों के साथ नियमों या कक्षा -सहमतियों का सह-सृजन कर सकते हैं। यह छात्रों के बीच कक्षा व स्कूल के प्रति स्वामित्व तथो साझा जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है।

छात्रों को संज्ञानात्मक रूप से जोड़ने का मतलब है कि छात्र सक्रियतापूर्वक सोच रहे हैं कि वे क्या सीख रहे हैं। छात्रों को भी गहन शिक्षण की प्रक्रिया में बौद्धिक रूप से शामिल होना चाहिए। पूछताछ और समूह कार्य जैसी संवादात्मक रणनीतियां बौद्धिक जुड़ाव को बढ़ावा दे सकती हैं। छात्रों को अपनी सोच को व्यक्त करने के अवसर दिए जा सकते हैं, क्योंकि इंटरैक्टिव अध्यापन तभी अधिक शक्तिशाली होता है जब यह छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है, उन्हें अपनी राय व्यक्त करने और दूसरों को सुनने के लिए प्रेरित करता है। छात्रों को एक ही समय में अपने विचारों को साझा करने का अवसर देने के लिए समूह कार्य और डिजिटल मतदान उपकरणों का भी उपयोग किया जा सकता है। जब छात्र बौद्धिक रूप से शिक्षक के साथ जुड़ जाते हैं तो उनके साथ यह स्थिति लंबे समय तक बनाए रखने की अधिक संभावना होती है। इससे छात्रों को बेहतर ढंग से सीखने में मदद मिलती है तथा शिक्षक-छात्र संबंध और बेहतर होते हैं। अलग-अलग छात्र अलग-अलग गति से सीखते हैं। एक रूप सबके अनुरूप जैसा तरीका सभी छात्रों को तत्काल प्रक्रिया से पार ले जाता है, जिससे बुनियादी ज्ञान में कमियां रह जाती हैं। निर्देश की गति में अंतर करने से सभी के लिए बेहतर सीखने को बढ़ावा मिल सकता है। प्रौद्योगिकी में प्रगति अब हमें शिक्षण संसाधनों को क्यूरेट करने या उनको सटीक ढंग से निर्धारित करने के विकल्प देती है जिन्हें अलग-अलग ढंग से प्राप्त किया जा सकता है। यह छात्रों को काफी हद तक अपनी गति से सीखने को बढ़ावा दे सकता है।

भावनात्मक स्तर पर भागीदार छात्रों का अर्थ है उन्हें उत्साहित, जिज्ञासु और प्रेरित करना। हम नहीं चाहते कि छात्र सरलता से सीखें, क्योंकि उन्हें केवल रिपोर्ट कार्ड पर ग्रेड के लिए एक शिक्षक द्वारा देखा जा रहा है। शिक्षार्थियों को अपनी जिज्ञासा और जुनून से प्रेरित होना चाहिए। सहयोगी व व्यवहारिक शिक्षण, परियोजना-आधारित शिक्षा जैसी इंटरैक्टिव शिक्षण रणनीतियां इसे बढ़ावा दे सकती हैं।

छात्रों को साथियों के साथ सीखने का अवसर दिया जाना चाहिए, जो उनके बीच बातचीत को बढ़ावा देता है। लेकिन इसके अलावा, हमउम्र शिक्षा, निश्चित रूप से सही कक्षा संस्कृति के साथ, सुरक्षित शिक्षण की जगह बना सकती है जिसमें छात्रों को संदेह व्यक्त करने या स्पष्ट करने के लिए साथियों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हमेशा शिक्षक से पूछने के बजाय सहयोग के लिए किसी सहकर्मी से संपर्क करना बहुत कम डराने वाला होता है।

साथ ही, सीखने की प्रक्रिया के दौरान, छात्रों को रुचि-आधारित विकल्प बनाने के अवसर दिए जाने चाहिए। वे जो सीखते हैं उसमें अपनी बात रखने से सीखना अधिक प्रेरक हो जाता है और स्व-निर्देशित शिक्षण-आदतें बनाने में मदद मिलती है।

परियोजना-आधारित शिक्षा जैसा छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण छात्रों को उनकी परियोजनाओं में 'वॉयस एंड च्वाइस' के साथ-साथ निरंतर पूछताछ व आत्ममंथन प्रदान करता है। छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अनुपालन या भागीदारी से परे जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए एक-रूप-सबके अनुरूप, इंटरैक्टिव शिक्षण दृष्टिकोणों को बढ़ा सकते हैं। यह संज्ञानात्मक जुड़ाव (मन) तक पहुंचता है जो बौद्धिक स्तर पर जगाता है और भावनात्मक जुड़ाव (हृदय) तक भी, जो प्रेरित करता है। जुड़ाव का यह उच्च स्तर छात्रों को गहन, स्थायी शिक्षण की ओर ले जाता है।

## आप की बात

### बिखरा विपक्ष

**राष्ट्रपति** के चुनाव में तो बिखरा ही था विपक्ष, साथ ही क्रास वोटिंग भी हो गई। द्रौपदी मुर्मू ने बेहतर जीत हासिल कर ली थी। अब उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीश धनखड़ के चुनाव के समय भी विपक्ष बिखरने लगा है। बीजद के बाद बसपा ने भी पाला बदल लिया है और एनडीए के उम्मीदवार के पक्ष में वोटिंग करने की बात कह दी है। मोदी सरकार आने के बाद से ही विपक्ष एकजुट होकर सत्ता का विरोध करने में लगा हुआ है और हर समय फिर चाहे राज्यों के विधानसभा के चुनाव हों या लोकसभा के चुनाव अथवा उपचुनाव, हर समय वो एकजुट होने की तैयारी करता है और हर बार कभी कोई, तो कभी कोई, मतदान होने से पहले ही महागठबंधन से हाथ छुड़ाकर नौ दो ग्यारह हो जाता है। इस तरह की स्थिति के चलते आने वाले लोकसभा चुनाव में वे कितना प्रयास कर सकेंगे जिससे उनकी मंशा पूरी हो सके? माना कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। परन्तु जब प्रारम्भ में ही बिखराव हो जाए तो परिणाम तो उल्टा आना ही है। एकजुटता और बिखराव सब देख चुके और देख रहे हैं जिससे विपक्ष का भविष्य भी स्पष्ट दिख रहा है।

-**शकुंतला महेश**, इंदौर

### कट्टरपन का रोग

**'हर-हर शम्भू'** भजन गाने वाली फरमानी नाज़ पर देश को नाज़ है, किन्तु कट्टरपंथी मुल्लाओं ने फतवे जारी कर दिए। वैसे तो अब शिक्षित मुसलमानों पर इन फतवेबाजों के फतवों का कोई प्रभाव नहीं होता, फिर भी कुछ समय के लिए ये गैंग देश का माहौल खराब करने में सफल तो हो ही जाते हैं। जब किसी घटना से देश की एकता, अखण्डता व सद्भाव को चोट पहुंचती है ये फतवेबाज नींद की गोली लेकर कुम्भकर्ण बन जाते हैं। इनके फतवों की एक विशेषता यह भी है कि फ़तवे निर्बल व महिला पर जल्दी निकलते हैं। फिल्मी दुनिया में तमाम ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने न केवल भजन गए हैं बल्कि हिन्दू देवी-देवताओं की अर्चना भी की है। तिलक व यज्ञोपवीत भी धारण किये है। किन्तु उन पर कोई फतवा नहीं आया। दूसरी ओर लाखों हिन्दू मजारों पर चादर चढ़ाते हैं, कभी किसी शंकराचार्य ने फतवा जारी नहीं किया। सैकड़ों राजनेता आए दिन मुस्लिम बनकर वोट मांगने सड़कों पर निकलते हैं, कोई शंकराचार्य नहीं बोले कि फलां नेता हिन्दू नहीं रहा। मुस्लिम भाइयों को सोचना होगा कि कट्टरता उनको कितना नुकसान पहुंचा रही है।

-**डॉ. नरेन्द्र टोंक,** मेरठ


### अर्थव्यवस्था की स्थिति

**मानसून** सत्र में बहुत जद्दोजहद के बाद, सत्तारूढ़ दल, महंगाई पर चर्चा को तैयार तो हुआ। मगर उनके एक भी सदस्य ने माना ही नहीं, कि महंगाई है। बल्कि इसके उलट, वित्तमंत्री महोदया ने भारत की आर्थिक स्थिति को दुनिया में सर्वोत्कृष्ट बताने में तनिक भी देरी नहीं की। कहा कि मंदी की यहां दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है। भाजपा जबसे सत्ता में आयी है तबसे उसका ये स्लोगन बन गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। मगर क्या हकीकत में ऐसा है? क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक के बाद एक विपरीत परिस्थितियां पैदा कर रहा है। पहले उच्च राजकोषीय घाटा, फिर रुपये में गिरावट और अब चालू खाता घाटा, मुद्रा स्फीति, जिसके एक बड़े हिस्से के लिए बढ़ता व्यापार घाटा जिम्मेदार है। जुलाई में भारत का व्यापार घाटा 31 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इससे हमारा विदेशी मुद्रा भण्डार भी कम होता जा रहा है। हम अपनी अर्थव्यवस्था को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकते।

-**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**अगले** दस साल में स्कूलों से स्नातक का सफर करने वाली पीढ़ी के लिए गंभीर खतरे वाली स्थिति है।

- **रघुराम राजन**
पूर्व आरबीआई गवर्नर



**भाजपा** की कर्नाटक सरकार गुरु बासवन्ना के सिद्धान्तों के विपरीत काम कर रही है, जिनके अनुसार ईमानदारी और काम ही पूजा है।

- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**हम** रोमा व सिर्ती समुदायों के साथ है जिनका नाजियों ने घोर दमन किया था।

- **जस्टिन त्रूदो**
कनाडा के प्रधानमंत्री"

# उमंग संस्था ने गांव बारना में निकाली तिरंगा यात्रा

## तिरंगा यात्रा को उपायुक्त मुकुल कुमार ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

## राष्ट्रभक्ति के नारों से गुंजायमान हुई धर्मनगरी


शहीदों को तिरंगा भेंट करते उपायुक्त मुकुल कुमार।


गांव में तिरंगा यात्रा निकालते बच्चे और ग्रामीण।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आजादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा गांव बारना में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के उपायुक्त मुकुल कुमार बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। यहां पहुंचने पर संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना, समाजसेवी डॉ. हीरा लाल, टेकचंद, महेंद्र पाल, मोहित पाराशर, पूर्व सरपंच शिवकुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों व उपस्थित सभी ग्रामीणों के हाथों में तिरंगा देख कर उपायुक्त ने ग्रामीणों व बच्चों की राष्ट्रभक्ति को सराहा। उपायुक्त ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर व प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारना जैसे गांव जहां से चार-चार शहीद हुए हैं, यहां उमंग संस्था द्वारा तिरंगा यात्रा जैसा विशाल कार्यक्रम करना सराहनीय कदम है। जिले के सवा दो लाख घरों पर तिरंगा लगाने का लक्ष्य रखा है।

उमंग संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने कहा कि उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया गया है। संस्था द्वारा पिछले 14 वर्षों से शहीदों की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन करने के साथ साथ खेलगिरी, खेल चौपाल, रक्त शिविरों का आयोजन व सफाई अभियान और पौधारोपण करने जैसे कार्य किए जाते हैं। मंच का संचालन राजकीय विद्यालय कमोदा की लेक्चरर सुमन चौधरी ने किया। उपायुक्त व अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न व गांव बारना पर आधारित देवीलाल बारना द्वारा लिखित पुस्तक बारना एक झरोखा भेंट की गई। ग्रामीणों को संस्था द्वारा तिरंगे भेंट किए गए। तहसीलदार थानेसर अभिमन्यु, डीआईपीआरओ डॉ. नरेंद्र सिंह, ब्लॉक समिति के निर्वतमान चेयरमैन देवीदयाल शर्मा, प्रिंसीपल रीटा बठला, टेकचंद बारना, पूर्व सरपंच शिवकुमार, संजीव बुरू, राहुल शर्मा, गुरविंद्र सिंह, रमेश, रति राम, सुखविंद्र सिंह, बब्ली कश्यप, दल सिंह, रघुबीर सिंह, प्रशांत, मा. जसबीर व मुकेश सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारत माता की जय के नारे लगाए

**तिरंगा** यात्रा को उपायुक्त मुकुल कुमार ने हरी झंडी देकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में ग्रामीणों के अलावा शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय विद्यालय बारना व सोम कॉन्वेंट गुरुकुल घराड़सी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। गर्मी के बावजूद सैकड़ों की संख्या में जब हाथों में तिरंगा लिए और भारत माता की जय के नारे बोलती हुई यात्रा जैसे ही गांव की गलियों से गुजरी तो पूरा आसमान राष्ट्रभक्ति के नारों से गुंजायमान हो गया।

### उपायुक्त ने शहीद परिवारों को भेंट किया तिरंगा

**उपायुक्त** मुकुल कुमार ने संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गांव शहीद लक्खी राम की पत्नी चमेली देवी शहीद हीरा लाल की पत्नी माली देवी, शहीद सरेंद्र कुमार का भाई शमशेर सिंह, शहीद अश्वनी कुमार की माता चम्पा देवी को तिरंगा भेंट किया गया।

# संक्षिप्त-समाचार

## जजपा ने कुलदीप सिंह को बनाया वरिष्ठ उपप्रधान



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** जननायक जनता पार्टी की शाहबाद हल्का की बैठक शुगरफेड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में हल्का प्रधान जगबीर मोहड़ी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि कुलदीप सिंह को नई कार्यकारिणी में जहां वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया है, वहीं गुरमीत सिंह विशाल सिंह, नक्षत्र सिंह, संजीव व अमरीक सिंह उपप्रधान होंगे। बनी राणा को प्रधान महासचिव तथा दरबारा सिंह, बलविंदर सिंह, सतीश एवं सुखजीत को महासचिव का पद भार दिया गया। नाथी छपरा संगठन सचिव तथा कृपाल सिंह प्रचार सचिव का काम देखेंगे। जगबीर मोहड़ी ने बताया कि सचिव पद की जिम्मेदारी आशीष, कुलदीप सिंह, पलविंदर सिंह, दविंदर सिंह, मलकीत सिंह एवं पंकज को दी गई है। ओंकार सिंह, दर्शन, गुरमीत सिंह एवं बलवंत सिंह कार्यकारी सदस्य के रूप में संगठन में कार्य करेंगे। विधायक रामकरण ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए पार्टी में उनके मंगल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जजपा के जिला प्रधान कुलदीप जखवाला, किसान सेल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूबे सिंह त्योडी, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सतपाल शांति नगर एवं शुगर मिल के डायरेक्टर बलकार सिंह मौजूद थे।

## बीपीएल परिवारों को 40 बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट वितरित किए



**कुरुक्षेत्र।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग, कुरुक्षेत्र द्वारा सरकार की बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट स्कीम के अंतर्गत विभाग के उपनिदेशक डॉ. धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में जिला में 40 बीपीएल एवं अनुसूचित जाति के परिवारों को बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट नि:शुल्क वितरित किए गए। एक यूनिट में परिवार को 50 चूजे एक चेंबर, दो ड्रिंकर व दो फीडर प्रदान किए जाते हैं। विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. जसवीर सिंह पंवार ने बताया कि सरकार की यह स्कीम समाज में स्वरोजगार के अवसर पैदा करती है तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की आय बढ़ाने का भी काम करती है। उन्होंने यह भी कहा कि गरीबों के लिए बैकयार्ड पोल्ट्री यूनिट एक माइक्रो एटीएम साबित होती है जिससे वे अपने परिवार का पालन पोषण आसानी से कर सकते हैं। पशु अस्पताल, थानेसर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितु चौहान द्वारा यह फ्री पोल्ट्री यूनिट बीपीएल व अनुसूचित जाति से संबंधित परिवारों को वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. रितु चौहान के अतिरिक्त विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कांत, डॉ. अनिल सैनी, वीएलडीए सुनील, बीईएलओ महिपाल नैन और पशु परिचारक बालकिशन, लाभार्थी गुरमीत कौर, रवि कुमार, सोनू आदि सहित बड़ी संख्या में पशु व मुर्गी पालक मौजूद रहे।

## वार्ड की समस्याओं को नपा अध्यक्ष व विधायक के समक्ष रखा



**कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद।** शनिवार को पार्षदों की एक बैठक स्थानीय विश्राम गृह में जजपा के शहरी प्रधान व वार्ड नंबर पंद्रह से पार्षद प्रवीण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वार्ड नंबर पांच से सुनील बत्तरा, वार्ड नंबर छह से विजय कुमार कलसी, वार्ड नंबर सात से नीरज कुमार मद्दू व वार्ड नंबर तेरह से पार्षद नवननत कौर के पति प्रभजीत सिंह जीता शामिल हुए। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए जजपा शहरी प्रधान प्रवीण कुमार शर्मा ने कहा कि कुछ वार्डों में पानी की निकासी को लेकर वार्डवासियों को आ रही समस्याओं को लेकर विधायक रामकरण काला व नपा अध्यक्ष गुलशन कवात्तरा के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इन वार्डों में पुराने पार्षदों द्वारा पानी की निकासी को लिए छोटे पाइप डलवाये गए थे जिस कारण वार्ड वासियों को काफी समस्या झेलनी पड़ रही थी इसी संदर्भ में उन्होंने आज विधायक व नपा अध्यक्ष को इस समस्या के लिए अवगत करवाया। शर्मा ने बताया कि नपा अध्यक्ष व विधायक ने आश्वासन दिया है कि जल्दी ही इन सभी समस्याओं का निपटारा कर दिया जायेगा और नगर में जनता को किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर प्रवीण कुमार शर्मा, सुनील बत्तरा, विजय कुमार कलसी, नीरज कुमार मद्दू व प्रभजीत सिंह जीता मौजूद रहे।

# देश के बंटवारे का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता : सुभाष सुधा

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का दिया निमंत्रण

## कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि


विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के निमंत्रण अवसर पर मंचासीन विधायक सुभाष सुधा और अन्य।

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**राष्ट्र** के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को उचित श्रद्धांजलि के रूप में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कुरुक्षेत्र की नई अनाज मंडी में 14 अगस्त को आयोजित होगा। पंचनद स्मारक ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी पंचनद स्मारक ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष एवं थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने देवी मंदिर धर्मशाला में आयोजित आमंत्रण कार्यक्रम में दी।

सुधा ने जय पंचनद, जय पंजाबी का नारा लगते शहर के गणमान्य सज्जनो सहित प्रत्येक आम व खासजन को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम पंचनद स्मारक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी धर्मदेव महाराज की देख रेख में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले कार्यक्रम आयोजक पंचनद स्मारक ट्रस्ट के ब्लॉक प्रधान राजेश चावला, नगरपालिका प्रधान गुलशन कवातरा, यशपाल वधवा, सुदर्शन कक्कड़, मलिक विजय आनंद, मुलख राज गुंबर, राज सतीजा, राज ऋषि गंभीर, गौरव अरोड़ा, राजू आनंद, खरैती लाल खुराना और संतोश ककड़ ने विधायक सुभाष सुधा का स्वागत किया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने अपने-अपने अंदाज में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम हेतु मौजूदा जनसभा को आमंत्रित किया।

विधायक सुभाष सुधा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया है। विधायक ने कहा कि यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी।

मंच संचालन का कार्य जीओ गीता युवा चेतना के प्रभारी हरीश मुंजाल ने बखूबी निभाया। इस अवसर पर बलदेव राज सेठी, सन्नी कोहली, गौरव राय अरोड़ा, संदीप गाबा, दिवांशु सतीजा, ऋतिक चावला, रजत आनंद, मुनीश भाटिया, मदन मोहन बजाज, सिकंदर लाल सचदेवा, गौतम बठला, आशु कथूरिया, साहब सिंह, ललित अरोड़ा, रजत सतीजा, सरवन सिंह, कुलदीप सिंह, संतोश कुकड़ेजा, प्रदीप करावा, गुलजार सिंह रंधावा, बलदेव सिंह गाबा, श्याम लाल पोपली, रमेश कश्यप, वरुण कोहली और मोनू गाबा आदि मौजूद थे।

### क्या है विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**भले** ही 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ, लेकिन इससे पहले 14 अगस्त 1947 को विभाजित भारत से पाकिस्तान का जन्म हुआ और इसी दिन पश्चिमी और पूर्वी पाकिस्तान के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भयानक दंगे हुए, जहां हिंदुओं का कत्लेआम हुआ। यही वजह है कि 15 अगस्त 2022 को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषणा के बाद प्रतिवर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया गया है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत महिलाओं ने रोपे पौधे


स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पौधारोपण कार्यक्रम के पौधे लिए हुए।

## प्रकृति की सुंदरता बनाए रखने को सभी अधिक से अधिक करें पौधारोपण

**सोनीपत।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शनिवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा विभिन्न गांवों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत गांव महलाना, भटगांव, बड़वासनी, भदाना, खटकड़, भैरा बांकीपुर, रसोई, मनौली, दुभेटा, भोगीपुर, छप्परा, ठसका, महमूदपुर मान, महमूदपुर चहल, रामनगर, भीगाना, सिकंदरपुर माजरा, गढी सराय नामदार खा तथा गढ़ी उज्जाले खा गांवों में महिलाओं द्वारा स्कूल, चौपाल, मंदिर, घर, खेत या गाओं की अन्य खाली जगहों पर 03 हजार से अधिक फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिलबाग दहिया ने कहा कि जिस प्रकार महिला की सुंदरता उसके गहने होते है उसी प्रकार हमारी प्रकृति की सुंदरता पेड़-पौधे होते है। इसलिए हमें प्रकृति की सुंदरता बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना मनुष्य का धर्म और कर्म के साथ-साथ कर्त्तव्य भी है कि जिस प्रकार हमारे बुजुर्गों ने हमें शुद्ध वातावरण दिया था हम भी उसी प्रकार आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वातावरण देने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि सभी लोग मिलकर 13 से 15 अगस्त तक अपने तिरंगे झंडे की आन-बान-शान के लिए अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# रुक्मिणी राय स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन


चयनित छात्रों को सम्मानित करते प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता, सदस्य और प्रधानाचार्य।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** माता रुक्मिणी राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरींडवा में अलंकरण समारोह का आयोजन किया। विद्यालय के छात्र सुखमन को हैड ब्वॉय व तनवी को हैड गर्ल के रूप में चयनित किया गया।

विद्यालय के चारों हाउस दयानंद हाउस, टैगोर हाउस, रमन हाउस व विवेकानंद हाउस से कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन व डिसिप्लिन कैप्टन के भी चयन किए गए। दयानंद हाउस से देवांश शर्मा कैप्टन, अंशुल बुरा वाइस कैप्टन, दीक्षांत स्पोर्ट्स कैप्टन तथा सिमरनजीत डिसिप्लिन कैप्टन के रूप में चयनित किए। टैगोर हाउस से कृष कैप्टन, प्रियांशु वाइस कैप्टन व पारस स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में चयनित किए। रमन हाउस से योगेश कैप्टन, अर्शलीन वाइस कैप्टन, अनु डिसिप्लिन कैप्टन और विनय स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में चयनित किए। विवेकानंद हाउस से हर्षप्रीत कैप्टन, अर्पित वाइस कैप्टन, अमनदीप डिसिप्लिन कैप्टन व आयुष स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में चयनित किए गए। सभी चयनित छात्रों को माता रुक्मिणि राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंधक समिति के प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता, समस्त सदस्यों व प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य बीबनदीप कौर ने छोटी बच्ची व रंग बिरंगे गुब्बारों की कहानी सुनाकर छात्रों को कहा कि जो उत्तरदायित्व आपको मिले हैं उन्हें पूर्ण निष्ठा व लगन से पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गुब्बारा हीलियम गैस से हवा में ऊपर की ओर जाता है, वैसे ही आपके अंदर भी आगे बढ़ने की प्रेरणा होनी चाहिए। प्रबंधक समिति के प्रधान विष्णु भगवान गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व का गुण आपके भावी जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। यही गुण आपको देश के जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायक होगा। श्कुलदीप गुप्ता ने कहा कि महान पुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें जीवन में महान कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर मोनिका आनंद, रोहिणी, ज्योति ढींगड़ा, वंसुधरा, नेहा गुप्ता, सुष्मा, गगन मेहंदीरत्ता एवं संदीप दुहन मौजूद थे।

# कुवि ने वार्षिक यूजी पीजी निजी परीक्षार्थियों के रोल नम्बर पोर्टल पर किए अपलोड

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार कुवि की परीक्षा शाखा ने वार्षिक यूजी/पीजी प्राइवेट परीक्षार्थियों के रोल नम्बर आईयूएमएस पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं। यह जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि यूजी/पीजी प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए आफलाइन परीक्षाएं 13 अगस्त से शुरू होने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं के रोल नम्बर परीक्षार्थियों के लॉगइन आईडी पर अपलोड कर दिए गए हैं। परीक्षार्थी आईयूएमएस पोर्टल पर अपनी लॉगइन आईडी द्वारा अपना रोल नम्बर डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दूरवर्ती शिक्षा विभाग के परीक्षार्थी अपना रोल नम्बर दूरवर्ती विभाग की वेबसाइट डीडीईकेयूके डॉट एसी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं।

# बच्चों ने तिरंगे के प्रति देशभक्ति की भावना कविता के माध्यम से की प्रस्तुत

## स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हर घर तिरंगा फहराने का सुंदर संदेश दिया


कविता पाठ प्रतियोगिता के विजेता तिरंगे झंडे के साथ।

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**विकास** नगर में स्थित हरियाणा वैदिक स्कूल में आज कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के द्वारा हर घर तिरंगा कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नीलम सांगवान ने की।

बच्चों ने तिरंगे के प्रति देशभक्ति की भावना को कविता के माध्यम से अलग-अलग ढंग से प्रस्तुत किया। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हर घर तिरंगा फहराने का सुंदर संदेश दिया। डॉ. नीलम सांगवान ने कहा कि 15 अगस्त 2022 को भारत अपनी आजादी के 75 साल पूरे करेगा। इस उत्सव को सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव नाम दिया गया है।

इस अभियान के माध्यम से देश के नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और देश के लिए प्रेम जागरूक करना है। साथ ही हमारे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को पैदा करना है, ताकि देश का हर देशवासी अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा आगे खड़ा रह सके। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र व तिरंगा दिया गया। इस अवसर पर सुदेश कुमारी, आदर्श, प्रीति शर्मा, गीतांजली, प्राची, पार्थ आदि उपस्थित रहे।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर
अगर तुक्का तीर बन गया तो क्या होगा,
अगर आशिक फकीर बन गया तो क्या होगा,
ये लोहा जो जंजीर की शक्ल में है पांवों में,
पिघल कर शमशीर बन गया तो क्या होगा।

# महावास्तु का छह सप्ताह का पेशेवर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** में महावास्तु, एक्सपर्ट कोर्स समपन्न हुआ। कल यहां 16 प्रमुख शहरों से प्रशिक्षक साथियों ने लिया संकल्प हर घर होगा महावास्तु धन, सुख सेहत तथास्तु।

सब लोगों ने बताया कि उन्होंने सफल प्रोफेशनल प्रैक्टिस के गुण सीखे। प्रतियोगी बने बिना तोड़फोड़ के वास्तु दोषों के उपाय महावास्तु के संस्थापक बन्सल ने कहा कि 10 लाख से भी अधिक घरों में महावास्तु पहुंच गया है। और अगले 36-60 महीनो में एक करोड़ घर पार करेगे ये आंकड़े। यह एक्सपर्ट कोर्स 50 हजार रुपये में प्राप्त है। जहा भी सशक्त उपाय महावास्तु एक्सपर्ट द्वारा जिसमें होगा, उस भवन की सर्जरी, आडिट और साथ पे भी होगा। महावास्तु की मुरव्य टीम से जल्द ही मिलवाएगे - देखते जाओ चमत्कार, की धार।

# जिले में शनिवार को मिले कोरोना के 12 केस

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना के 12 नये पोजिटिव केस मिले वहीं 12 कोरोना संक्रमित मरीज ठीक हुए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59490 हो गया है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 136 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना के 77 एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाएं और पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालना अवश्य करें।

# होण्डा इंडिया फाउन्डेशन ने हरियाणा सरकार के साथ साझेदारी में करनाल में किया अपने पहले इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**दुर्घटना** मुक्त समाज के निर्माण और कार्बन न्यूट्रेलिटी की दिशा में अपने प्रयासों के तहत बड़ा कदम उठाते हुए होण्डा इंडिया फाउन्डेशन ने हरियाणा सरकार के साथ साझेदारी में शनिवार को हरियाणा के करनाल में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च (आईडीटीआर) और एक कम्युनिटी पार्क का उद्घाटन किया।

इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च और कम्युनिटी पार्क का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, मूलचंद शर्मा (परिवहन मंत्री, हरियाणा सरकार) और आत्सुशी ओगाता (चेयरमैन, होण्डा इंडिया फाउन्डेशन) द्वारा विनय धींगरा (ट्रस्टी, होण्डा इंडिया फाउन्डेशन), कत्स्युकी ओजावा, (ट्रस्टी, होण्डा इंडिया फाउन्डेशन), वी श्रीधर (सीएसआर कमेटी सदस्य, होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया) तथा हरियाणा सरकार से अन्य दिग्गजों एवं होण्डा इंडिया फाउन्डेशन के ट्रस्टियों की मौजूदगी में किया गया।

सड़क सुरक्षा के लिए भारत को जागरुक बनाने की एचएमएसआई की प्रतिबद्धता और कार्बन न्यूट्रेलिटी पर फोकस के बारे में बात करते हुए आत्सुशी ओगाता, चेयरमैन, होण्डा इंडिया फाउन्डेशन ने कहा, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण हमारे दीर्घकालिक उद्देश्यों के मुख्य स्तंभ है जिसके तहत हम एक ऐसी कंपनी बनने के लिए प्रयासरत हैं जिसे समाज प्राथमिकता दे। आज करनाल में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च का उद्घाटन नागरिकों को जिम्मेदार ड्राइवर और राइडर बनाने की दिशा में एक और कदम है। इसके अलावा एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट होने के नाते हम कार्बन फुटप्रिन्ट को कम करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। करनाल में कम्युनिटी पार्क के उद्घाटन के साथ हमने कार्बन डाई ऑक्साईड उत्सर्जन को कम करने का लक्ष्य तय किया है, ताकि हम अपने बच्चों के लिए नीले आसमान से युक्त हरित भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकें। मैं हरियाणा सरकार के प्रति आभारी हूं, जिन्होंने यातायात दुर्घटनाओं में शून्य घातक परिणामों और कार्बन न्यूट्रेलिटी के हमारे ग्लोबल 2050 विजन को हासिल करने के लिए हमें सहयोग प्रदान किया और हमारे साथ साझेदारी की है।

बस स्टैण्ड के पास, इंद्री रोड, बल्दी बाय-पास, करनाल पर स्थित, 9.25 एकड़ में फैला होण्डा इंडिया फाउन्डेशन का पहला इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च राइडरों/ ड्राइवरों को कुशल एवं आश्वस्त बनाने में मदद करेगा।

वैज्ञानिक रूप से तैयार किए गए फ्रैशर और लर्नर कोर्सेज में थ्योरी, सिमुलेटर और प्रेक्टिल ट्रेनिंग का संयोजन शामिल होगा, जो न सिर्फ चार पहिया एवं एचएमवी (भारी मोटर वाहन) बल्कि दोपहिया वाहनों के नए एवं मौजूदा चालकों भी प्रशिक्षण देंगे।

# सीएम ने 109 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

## मुख्यमंत्री ने कहा, 48 कोस के तीथ स्थलों पर किया जा रहा कार्य

### साढ़े 35 करोड़ की लागत से बनेगा करनाल जिला परिषद का भवन

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को करनाल जिले को बड़ी सौगात देते हुए 109 करोड़ की 21 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह करनाल के लिए बड़े हर्ष की बात है कि 21 परियोजनाओं में सबसे बड़ी परियोजना नगर परिषद के भवन के शिलान्यास की है। इस नए भवन को साढ़े 35 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल में पश्चिमी यमुना नहर व नरवाना लिंक नहरों के बीच एक बड़ा क्षेत्र वीरान पड़ा रहता था। इस स्थल पर पार्क का निर्माण करके इसे रमणीक स्थल बनाया गया है। इससे करनाल के वार्ड नंबर-17,18,19,20 के लोगों को घूमने व व्यायाम आदि की सुविधा मिलेगी। इस स्थान को सात करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इसी तरह करनाल जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनों के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए हैं। इसमें नीलोखेड़ी विधानसभा की सबसे अधिक 12 परियोजनाओं, अंसध की 2, करनाल की तीन, घरौंडा की दो व इंद्री की 2 परियोजनाएं शामिल हैं।




### सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में तरक्की कर रहा हरियाणा : देवेंद्र बबली

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है। प्रदेश को 24 घंटे बिजली, स्कूल, शिक्षा व ई-लाइब्रेरी जैसे तौहफे मिल रहे हैं। इस पर उन्होंने सीएम का धन्यवाद किया और करनाल में नए जिला परिषद भवन के शिलान्यास पर करनाल वासियों को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रे-वाटर मैनेजमेंट पर कार्य किया जा रहा है। गांव में सड़क, पानी, नालियों पर काम हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि शहरों की तर्ज पर गांव में भी ग्रीन एनर्जी लाइटें व सीसीटीवी लगने चाहिए। बबली ने सभी प्रदेशवासियों को कम से कम एक पेड़ लगाने और उसे बड़ा करने की अपील की। उन्होंने एक पेड़ विश्वास का अभियान में जुड़ने के लिए भी कहा। इस मौके पर नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर, मेयर रेनू बाला गुप्ता, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, उपायुक्त अनीश यादव, नगर निगम आयुक्त नरेश नरवाल, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा, इंद्री के एसडीएम डॉ. आनंद शर्मा, जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, घरौंडा के एसडीएम अभय सिंह जांगड़ा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा दर्शन सहगल, शंकर लाल वधवा, तरावड़ी नगर पालिका के चेयरमैन वीरेन्द्र बंसल, रूपेन्द्र कुमार, जेजेपी नेता यशकरण राणा मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी ने मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, नीलोखेड़ी के विधायक, मेयर तथा केडीबी के मानद सचिव को स्मृति चिन्ह के रूपम में पौधा भेंट किया। इसके अलावा भाना राम, सुखविन्द्र पहलवान, सुधीर यादव ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर तथा भगवानदास अग्गी ने शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

### 48 कोस के तीर्थों का चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा भगवान कृष्ण की धरती मानी जाती हैं, जहां उन्होंने दिव्य ग्रंथ गीता का उपदेश दिया। 48 कोस के तीर्थों का चरणबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इन स्थानों महाभारत काल से जुड़ी बहुत सी यादें व कहानियां आज भी सुनाई जाती हैं। इनसे जुड़ी अलग-अलग समस्याओं जैसे रास्ता, सरोवर का जीर्णोद्धार, शौचालय आदि को दूर किया जा रहा है। इस भूमि को मोक्ष भूमि भी कहा जाता है। पिहोवा में पिंडदान के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गीता जयंती महोत्सव का 2016 से विस्तार किया और अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव मनाना शुरू किया। आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों से गीता जयंती महोत्सव को मनाने के न्योते आ रहे हैं। आगामी सितंबर महीने में कनाडा में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह आस्ट्रेलिया से भी गीता जयंती महोत्सव मनाने के लिए डिमांड आई है।

### हरियाणा में बिजली की कोई कमी नहीं

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में बिजली की कोई कमी नहीं है। म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत आज 24 घंटे बिजली दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में मेडल जीतकर लाने वाले खिलाड़ियों को खेल पॉलिसी के मुताबिक ईनाम व अन्य लाभ दिए जाएंगे। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने पश्चिमी यमुना नहर व नरवाना लिंक नहरों के बीच बनाए गए पार्क में त्रिवेणी भी लगाई।





### इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन

- 33 के.वी. सब-स्टेशन, ठरी: चार करोड़ 48 लाख रुपये।
- 33 के.वी. सब-स्टेशन, चकदा : चार करोड़ 29 लाख।
- 33 केवी सब-स्टेशन, गोंदर : 5 करोड़ 43 लाख।
- 33 के.वी. सब-स्टेशन, खानपुर : चार करोड़ 35 लाख।
- 33 केवी. सब-स्टेशन, गांगर : 3 करोड़ 85 लाख।
- माजरा रोडान में खेल स्टेडियम का उद्घाटन: 515.05 लाख।
- घरौंडा फुरलक रोड को चार मार्गी बनाया गया और सुदृढ़ करने में नौ करोड़ 32 लाख 45 हजार।
- राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-14 के बहुउद्देशीय हाल बनाया गया इसकी लागत 6 करोड़ 88 लाख 72 हजार।
- तरावड़ी बस अड्डा: तीन करोड़ छह लाख 98 हजार।
- गांव बहलोलपुर के गुरु पराशर तीर्थ स्थल में विभिन्न विकास कार्य- 89 लाख 90 हजार।
- गांव बस्तली में महर्षि वेद व्यास तीर्थ स्थल के नवीनीकरण का कार्य : 55 लाख 91 हजार।
- करनाल स्मार्ट सिटी मिशन के चरण 1 और दो के तहत पश्चिमी यमुना नहर का विकास कार्य : सात करोड़ 28 लाख।

### इन परियोजनों का किया शिलान्यास

- समाना बाहु में खेल स्टेडियम का उद्घाटन: 462.70 लाख।
- गांव बरसत में एसबीआर तकनीक पर आधारित 2.50 एमएलडी का एसटीपी निर्माण- सात करोड़ 28 लाख।
- सोमतीर्थ का जीर्णोद्वार एवं निर्माण :एक करोड़ 12 लाख 42 हजार।
- अक्षयवट तीर्थ का जीर्णोद्वार एवं निर्माण :एक करोड़ 1 लाख 45 हजार।
- कोशकी तीर्थ का जीर्णोद्वार एवं निर्माण : एक करोड़ 7 लाख 37 हजार।
- वामनक तीर्थ का जीर्णोद्वार एवं निर्माण :एक करोड़ 11 लाख 63 हजार।
- आहन तीर्थ का जीर्णोद्वार एवं निर्माण : एक करोड़ 36 लाख 89 हजार।
- ब्रह्म तीर्थ का जीर्णोद्वार एवं निर्माण : 96 लाख 78 हजार।
- जिला परिषद के भवन का निर्माण :35 करोड़ 62 लाख 18 हजार।

# महिला उत्थान के लिए नहीं छोड़ेंगे कोई कोर-कसर : सीएम

### पंचायती चुनावों में महिलाओं के लिए अपनाया जा सकता है ऑड-ईवन फार्मूला

### हर जिले में हस्तशिल्प मेलों का करवाएंगे आयोजन, जिससे मिलेगा स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उनकी हर अपेक्षा को पूर्ण करते हुए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और उनकी प्रदेश सरकार समर्पित रूप से कार्यरत है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार को जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में आयोजित महिला प्रशिक्षण शिविर में शिविरार्थी महिलाओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे, जिसका आयोजन भाजपा की महिला मोर्चा इकाई के तत्वावधान में किया गया। सीएम ने महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब महिला सशक्तिकरण की बात नहीं होनी चाहिए। महिला अबला नहीं है वह सबला है और शक्ति का स्वरूप है जिसकी पूजा होती है। हां, बहन-बेटियों की आवश्यकताएं हो सकती है, जिन्हें पूरा करना शासन-व्यवस्था का काम है। इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन-व्यवस्था में भी महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जा रहा है। राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

पंचायतों में भी 50 प्रतिशत भागीदारी की ओर कदम बढ़ाये हैं, किंतु इस मामले में कोर्ट ने रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि एक महिला ने भागीदारी की बजाय आरक्षण शब्द जोड़ने के लिए कोर्ट का दरवाजा खट-खटाया है। उन्होंने सवाल किया कि आरक्षण और भागीदारी में क्या अंतर है। फिर उन्होंने स्वयं बताया कि आरक्षण में 50 प्रतिशत से ऊपर भी महिलाओं को हिस्सेदारी मिल सकती है। इस मामले में बीच का रास्ता अपनाने पर विचार किया जा रहा है। चुनावों में ऑड-ईवन के फार्मूले के आधार पर महिलाओं को भागीदारी दी जाएगी।

### प्रति वर्ष लिंगानुपात 930 पर पहुंचा

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा को बेटियों को मारने वाले प्रदेश में रूप में जाना जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की जिसके सफल परिणाम मिले और छवि में सुधार हुआ। अब प्रदेश में प्रति वर्ष लिंगानुपात 930 पर पहुंच गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री किशोरी योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, इंद्रधनुष योजना, उज्ज्वला योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उज्ज्वला योजना के तहत सवा नौ लाख गैस कनेक्शन दिए गए हैं। महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1091 तथा 112 सुविधा को सुदृढ़ किया गया है। वन स्टोप सेंटर तथा हर जिले में महिला पुलिस थानों की शुरुआत की गई है। महिला पुलिस की संख्या भी छह प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत की गई है, जिसे 14-15 प्रतिशत तक लेकर जाने का लक्ष्य है। सरकार महिला शिक्षा को समर्पित है जिसके तहत हर 20 किलोमीटर में महिला कालेज स्थापित किये जा रहे है। प्रदेश में 67 नये कालेज खोले गए जिनमें से 42 सिर्फ लड़कियों के लिए खोले गए जबक शेष 25 कालेजों में भी सह-शिक्षा की व्यवस्था की गई। साथ ही 29 नई आईटीआई भी स्थापित की गई। इस दौरान उन्होंने खेलों में महिला खिलाड़ियों के सफल प्रदर्शन की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### महिला ऋण रिवोल्विंग फंड बढ़ाकर किया 20 हजार, स्वयं सहायता समूहों दिया 796 करोड़ का ऋण

## संक्षिप्त-समाचार

### बच्चों ने फौजियों के लिए भेजी राखियां



**कुरुक्षेत्र।** देश की रक्षा में दिन रात तैनात सैनिकों के लिए हर वर्ष की तरह इस बार भी राखी के अवसर पर कुरुक्षेत्र के सैंट थॉमस कान्वेंट स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने अपने हाथ से बनाई राखियां भेजी है। स्कूल के सहायक प्रबंध निदेशक कार्तिक मारवाह ने बताया कि स्कूल प्रबंधन का प्रयास रहता है की स्कूल सभी बच्चो के साथ मिलकर सभी त्यौहार मनाए ताकि बच्चों को इनका महत्त्व पता रहे स्कूल पिछले कई वर्षो से सरहद पर तैनात फौजियों के लिए राखियां भेजने का काम करता है जिसमें स्कूल के बच्चे अपने आप इसे तैयार करते है। कार्तिक ने बताया कि आज बच्चों द्वारा तैयार की गई राखियां कप्तान नरिन्दर पॉल चीमा प्रोजेक्ट एक एकलिंगगढ़ आर्मी कैंट, उदयपुर राजस्थान को भेज दी है। करीब एक हजार राखियों के साथ-साथ चोकलेट भी भेजी गई है। यह राखियां स्कूल के बच्चों द्वारा अपने हाथों से बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यह राखियां उन फौजी भाईयों के लिए एक हौसला है जो रक्षाबंधन पर घर नहीं आ सकते। उन्होंने बताया कि 11 अगस्त को रक्षाबंधन है और उससे पहले इन राखियों को तैयार कर फौजी भाइयों के लिए भेज दिया गया है।

### आजादी गौरव यात्रा में शामिल होगें सांसद दीपेन्द्र हुड्डा



**कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद।** शाहाबाद में 14 अगस्त को कांग्रेस वर्करों की ओर से भव्य आजादी गौरव यात्रा निकाली जाएगी। इसमें सांसद दीपेन्द्र हुड्डा व पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा शामिल होकर जनता को सामाजिक समानता व देश प्रेम का संदेश देंगे। इस तिरंगा यात्रा का आयोजन कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी व कांग्रेस वर्करों की ओर से किया जाएगा। शनिवार को निजी संस्थान में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने बताया कि तिरंगा यात्रा बराड़ा रोड के शहीद ऊधम सिंह स्मारक से शुरू होगी। जहां शहीद ऊधम सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद आजादी गौरव यात्रा प्रताप मंडी, सिविल अस्पताल रोड, कमेटी बाजार, सर्राफा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, डीएवी स्कूल रोड, देवी मंदिर रोड, लाडवा रोड से होते हुए रणबीर सिंह हुड्डा पार्क पहुंचेगी, जहां पर आजादी गौरव यात्रा का विश्राम दिया जाएगा। प्रेम हिंगाखेड़ी ने बताया कि इस यात्रा में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह आजादी गौरव यात्रा शांति, सौहार्द व राष्ट्र प्रेम का संदेश देगी। उन्होंने बताया कि पूरे शहर को तिरंगे झंडों से सजाया जाएगा और साथ-साथ देशभक्ति के गीत गूंजेंगे। इस अवसर पर रणजीत त्यौड़ी, प्रदुम्मन मंधेड़ी, बंटी छपरा, जनक राज छपरा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावन जोत महोत्सव की परंपरा बंटवारे से पूर्व से चली आ रही

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**शहरवासियों** द्वारा करोना संकट के बाद सावन जोत महोत्सव, हरिद्वार में धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाया गया। विशाल शोभायात्रा के बाद मां गंगा के चरणों में जोत प्रवाहित कर समाज के कल्याण, सुख समृद्धि की कामना की गई। शनिवार को जय हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में नंगली बेला आश्रम से निकाली गई शोभायात्रा में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम में धर्म के संदेशों से ओत-प्रोत झांकियां एवं हनुमान स्वरूप धारण करने वाले प्रिंस कुमार तथा आकाश बत्रा के साथ जय श्रीराम के नारे लगाता युवाओं का जत्था मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।

शोभायात्रा में साथ चल रहे भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि सावन जोत महोत्सव की परंपरा हिन्दुस्तान-पाकिस्तान के बंटवारे से पूर्व से चली आ रही है और उस समय मुलतान (पाकिस्तान) से श्रद्धालु जोत लेकर मां गंगा के चरणों में रौद्र रूप के शांत रखने की कामना लेकर आते थे, ताकि नदियों में बाढ़ से तबाही न हो।

# दूसरे आरोपी रोबिन को कोर्ट में किया पेश

**आरडीएक्स मामला**

### कोर्ट ने रोबिनप्रीत को भी भेजा 16 अगस्त तक पुलिस रिमांड पर

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र / शाहाबाद



आरडीएक्स मामला में दूसरे आरोपी रोबिन को न्यायालय में पेशी के लिए ले जाती एसटीएफ की टीम।

**शाहाबाद** में जीटी रोड पर मिर्ची होटल के पास एक्सप्लोसिव आरडीएक्स आईईडी रखने के मामले में काबू किए दूसरे आरोपी रोबिनप्रीत को शनिवार एसटीएफ ने शाहाबाद न्यायालय में पेश किया गया।

जहां न्यायधीश ने रोबिनप्रीत को भी 16 अगस्त तक के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि शमशेर सिंह के साथी रोबिनप्रीत को एसटीएफ की टीम ने जिला तरनतारन के एक गांव से गिरफ्तार किया था। जबकि हरियाणा व पंजाब पुलिस के संयुक्त आप्रेशन से इस मामले के तीसरे आंतकी बलजीत उर्फ मिक्का को कंबो दाईवाला तरनतारन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पहले आंतकी शमशेर सिंह से पूछताछ के बाद की है। रोबिनप्रीत आंतकी शमशेर सिंह का साथी है। इन्होंने अपने साथियों के साथ मिल कर जून माह में आईईडी टाईमर बम शाहाबाद मिर्ची होटल के पास जंगल में रखा था। तीसरे आंतकी बलजीत उर्फ मिक्का से डेढ किलो अफीम भी बरामद की गई है। माना जा रहा है कि इन आंतकियों के तार पाकिस्तान के जुड़े हैं। इससे पहले शुक्रवार को आंतकवादी शमशेर सिंह को न्यायालय में पेश कर 16 अगस्त तक के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रोबिन की पेशी के समय पुलिस का न्यायालय परिसर में सख्त पहरा रहा और रिमांड के बाद एसटीएफ आंतकी को अपने साथ ले गई है।

### ये था मामला

अंबाला एसटीएफ के एसपी सुमित कुमार को जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति पंजाब से कुछ विस्फोटक लाया है और शाहाबाद के नजदीक एक स्थान पर रखा है। उससे आगे एक अन्य व्यक्ति इसको लेकर जा सकता है। अंबाला एसटीएफ की टीम ने इनपुट के आधार पर पंजाब के तरनतारण निवासी शमशेर सिंह को गिरफ्तार किया। एसटीएफ उसकी निशानदेही पर वीरवार सायं पांच बजे शाहाबाद में जीटी रोड पर मिर्ची होटल के पास पहुंची। जहां शमशेर की निशानदेही पर एक्सप्लोसिव आरडीएक्स बरामद किया गया।

# मेलोरा के साथ रक्षाबंधन पर उपहार देना आसान : 17000 से अधिक हल्के, हॉलमार्क और किफायती सोने के आभूषण चुनें

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**मेलोरा** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती डी2सी कंपनियों में से एक है, जो हर रोज पहनने के लिए हॉलमार्क, किफायती और फैशनेबल सोने के आभूषण डिजाइन करती है। मेलोराने अपने रक्षा बंधन अभियान प्तक्लोजरविथमेलोर्रा का अनावरण किया है। अभियान एक भाई और बहन द्वारा साझा किए गए कालातीत और निरंतर बंधन पर प्रकाश डालता है। इस दिन मेलोरा यह सुनिश्चित कर रही है कि दूरी रक्षा बंधन पर उत्सव और उपहार देने की खुशी को कम न करें।

स्कूल के दिनों से लेकर वयस्कता तक और अलग-अलग रास्ते जाने के बाद भी भाई-बहनों के बीच प्यार बरकरार रहता है। इस बंधन का जश्न मनाते हुए, मेलोरा करोड़ों भारतीयों को उत्सव को और भी खास बनाने के लिए आमंत्रित कर रहा है, जिसमें 17,000 से अधिक हल्के और फैशनेबल सोने के आभूषण विकल्प हैं, जिन्हें भारत या विदेश में कहीं भी भेजा जा सकता है।

इस बारे में बात करते हुए, मेलोरा की संस्थापक और सीईओ, सरोजा येरामिली ने कहा, आज के समय में भाई-बहनों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक शारीरिक रूप से एक-दूसरे के साथ उपस्थित होना है। असीम प्यार और समर्थन के बावजूद, जीवन की प्रतिबद्धताएं मिलने और उपहार देने को एक चुनौती बना सकती हैं। यही अंतर है जिसे हम मेलोरा में प्लग करने का लक्ष्य बना रहे हैं। हमारे ग्राहक एक बटन के क्लिक पर भारत या विदेश में कहीं भी वैश्विक फैशन रुझानों से प्रेरित हल्के और हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण खरीद और वितरित कर सकते हैं। इस अभियान के माध्यम से, हम बताना चाहते हैं कि मेलोरा जब भी और कहीं भी आप शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं। मेलोरा की वर्तमान में बैंगलोर, पुणे, भुवनेश्वर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई, भोपाल और नोएडा में उपस्थिति है, जिसमें स्टोर की कुल संख्या 15 है। ब्रांड अगले कुछ वर्षों में पूरे भारत में अपने खुदरा पदचिह्नों का विस्तार करेगा। उपभोक्ता का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए, मेलोरा के प्रत्येक उत्पाद को बाहर भेजने से पहले 25 गुणवत्ता जांच से गुजरना पड़ता है। मेलोरा 30 दिन की मनी रिटर्न पॉलिसी और लाइफटाइम एक्सचेंज पॉलिसी प्रदान करता है। अब तक, मेलोरा ने देश के 3000 से अधिक शहरों, कस्बों, गांवों में डिलीवरी की है और 10,000 से कम आबादी वाले गांवों से लेकर 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों तक हर जगह अपनी पहचान बनाई है। इसने हाल ही में यूएस, यूके, सिंगापुर और यूएई में डिलीवरी क्षमताओं का विस्तार किया है। मेलोरा ने वित्त वर्ष 2026 तक एक बिलियन के राजस्व का लक्ष्य रखा है।

# भूजल की करोगे अगर बर्बादी, प्यासी ही रह जाएगी सारी आबादी: रविंदर पाल सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**शाहाबाद** खंड के गांव लंडी के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ की तरफ से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अटल भूजल योजना के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मंच का संचालन शशि बाला जेबीटी हेड टीचर ने किया।

पूर्व सरपंच अमरीक सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व नुक्कड़ नाटक की पूरी टीम का स्वागत किया। चाहत कला मंच से टीम लीडर कृष्ण शर्मा, पवन कुमार, अजय कुमार व रोहित ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों, महिलाओं व को भूजल संरक्षण का संदेश दिया।




ग्रामीणों को संबोधित करते अधिकारी।

अटल भूजल डीपीएमयू से सूचना संचार विशेषज्ञ व कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. सतविन्द्र टाया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रविंदर पाल सिंह ने सभी बच्चों, महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर हम यूं ही भूजल के बबार्दी करते रहे तो आने वाले समय में भूगर्भ में पानी की कमी होने से सारी आबादी प्यासी रह जाएगी, इसलिए हमें समय रहते हुए अटल भूजल योजना का सहयोग करते हुए भू जल संरक्षण को बढ़ावा देना होगा ताकि आने वाले समय में भूजल के कमी से हमें गंभीर परिणाम भुगतने पड़े। आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ममता ने भी सभी बच्चों को भूजल संरक्षण बारे संबोधित किया।

कार्यक्र म के अंत में डीआईपी टीम से संदीप कुमार व सुनील कुमार के द्वारा सभी बच्चों भूजल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर तरसेम कुमार, मीरा देवी, रामनिवास, जसप्रीत सिंह, आरती भोला, आरती भोला, अशोक कुमार व आंगनवाड़ी वर्कर अनीता देवी, सुनीता देवी, पुष्पा मानवन आदि मौजूद रहे।

## सुकवि-संवाद



**सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'**
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

जन्म

अंतर्हित है इसमें गहरा मर्म
दोनों ही करते हैं ये सत्कर्म
केवल माँ बालक को ना जन्मे
बालक भी देता है 'माँ' को जन्म समाया हुआ

सांप्रदायिक सौहार्द

# मुस्लिमों ने पहाड़ी मंदिर में मूर्तियां ले जाने में की मदद

एजेंसी। भद्रवाह (जम्मू कश्मीर)

**जम्मू** कश्मीर के डोडा में कुरसारी पंचायत के मुस्लिम निवासियों ने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम करते हुए यहां के एक प्राचीन मंदिर में विशाल मूर्तियों को ले जाने में हिंदू समुदाय के लोगों की मदद की।

कठिनाई को भांपते हुए कुरसारी पंचायत के सरपंच साजिद मीर ने न केवल सड़क निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय बजट से 4.6 लाख रुपये आवंटित किए, बल्कि अपने समुदाय के 150 ग्रामीणों को भी मदद करने के लिए कहा। मीर ने कहा, यह हमारी संस्कृति है और ये हमारे मूल्य हैं, जो हमें विरासत में मिले हैं। यही कारण है कि हम उन लोगों के नापाक मंसूबों के शिकार नहीं हुए जो हमें धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश करते हैं। आज हमने फिर से दिखाया है कि हम सब एकजुट हैं।

चार दिनों में, दोनों समुदायों के लोगों ने मूर्तियों को मंदिर तक ले जाने के लिए मशीनों और रस्सियों का इस्तेमाल किया, जहां उन्हें नौ अगस्त को एक धार्मिक समारोह में स्थापित किया जाएगा। मीर ने कहा, इस पर जो प्रतिक्रिया मिल रही है, उसे देखना वास्तव में उत्साहजनक है...सेना की स्थानीय टुकड़ी, सड़क निर्माण में जुटी कंपनियां और नागरिक प्रशासन भी आगे आए और अपना पूरा सहयोग दिया। शिव मंदिर समिति ने भी काम को पूरा करने में मुस्लिम समुदाय से मिले सहयोग के लिए उनकी प्रशंसा की है। मंदिर समिति के अध्यक्ष रविंदर प्रदीप ने कहा, हमारे पड़ोसियों के प्यार और स्नेह को देखकर खुशी होती है, इनसे हमें ताकत मिलती है। हमने मूर्तियों के परिवहन के प्रबंधन के लिए पिछले चार दिनों में कड़ी मेहनत की, जो एक समय में असंभव काम लग रहा था।

### कुरसारी पंचायत के सरपंच ने समुदाय के 150 ग्रामीणों को मदद को प्रेरित किया



एक स्थानीय निवासी हाजी अब्दुल गनी मस्ताना (75) ने कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हमारे युवा सांप्रदायिक सद्भाव और आपसी भाईचारे के लोकाचार को खूबसूरती से आगे बढ़ा रहे हैं।

### कुंटलों वजनी छह मूर्तियां स्थापित होंगी पुनर्निर्मित मंदिर में

भद्रवाह-डोडा राजमार्ग से तीन किलोमीटर दूर कुर्सारी में पर्वत की चोटी पर हाल में पुनर्निर्मित शिव मंदिर में स्थापित करने के लिए 500 किलोग्राम से 700 किलोग्राम वजन और ग्रेनाइट से बनी छह मूर्तियों को राजस्थान से खरीदा गया था।

### राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने भी किया सहयोग

भद्रवाह स्थित सेना की राष्ट्रीय राइफल्स इकाई ने सद्भावना के रूप में ग्रामीणों की मदद के लिए जवानों और मशीनों को भेजा।

# उत्तर कोरिया ने पेलोसी को अंतरराष्ट्रीय शांति नष्ट करने वाली नेता बताया

एजेंसी। सियोल

**उत्तर** कोरिया ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी पर उत्तर कोरिया के खिलाफ भावनाओं को भड़काने और चीन को नाराज करने का शनिवार को आरोप लगाते हुए उन्हें अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता को नष्ट करने वाली नेता करार दिया।

पेलोसी ने ताइवान का दौरा करने के बाद दक्षिण कोरिया की यात्रा की। अमेरिकी नेता के ताइवान के दौरे से नाराज चीन ने अभूतपूर्व पैमाने पर सैन्य अभ्यास किए। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र बताता है और विदेशी सरकारों के साथ उसके संबंधों का विरोध करता है। दक्षिण कोरिया के दौरे में पेलोसी ने उत्तर कोरिया के निकट एक सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा किया और दक्षिण कोरिया नेशनल असेंबली के अध्यक्ष किम जिन प्यो के साथ उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा की। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रेस एवं सूचना मामलों के विभाग के महानिदेशक जो योंग सैम ने पेलोसी की यात्रा और उत्तर कोरियाई प्रतिरोध संबंधी चर्चा को लेकर शनिवार को उनकी आलोचना की।

### नाराज चीन ने अभूतपूर्व पैमाने पर सैन्य अभ्यास किए

कहा, पेलोसी ताइवान का दौरा करके क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नष्ट करने के कारण चीन की उचित आलोचना के घेरे में आ गई हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान उत्तर कोरिया के साथ टकराव का माहौल पैदा किया है। पेलोसी को अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता की सबसे बड़ी विध्वंसक बताते हुए जो गोंग ने कहा कि दक्षिण कोरिया में पेलोसी के व्यवहार ने उत्तर कोरिया के प्रति बाइडन प्रशासन की शत्रुतापूर्ण नीति को स्पष्ट रूप से दर्शाया है।

# अल्वा ने धनखड़ को दी बधाई, ममता पर परोक्ष रूप से साधा निशाना

## कहा, भाजपा का समर्थन करके, कुछ दलों और उनके नेताओं ने विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया

उपराष्ट्रपति चुनाव

### कहा, लोकतंत्र की मजबूती और संसद की गरिमा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा

एजेंसी। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** चुनाव में हार के बाद विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विजई प्रत्याशी जगदीप धनखड़ को बधाई दी। इसके साथ ही, उन्होंने इस चुनाव में उनका समर्थन नहीं करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तथा कुछ अन्य विपक्षी नेताओं पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन करके, कुछ दलों और उनके नेताओं ने अपनी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है।

चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद उन्होंने उन विपक्षी दलों और सांसदों का आभार प्रकट किया जिन्होंने विपक्ष की साझा उम्मीदवार के तौर पर उनका समर्थन किया था। अल्वा ने ट्वीट किया, श्रीधनखड़ के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई। मैं विपक्ष के उन सभी नेताओं और सांसदों का आभार जताती हूं। जिन्होंने इस चुनाव में मुझे वोट किया। मैं उन सभी स्वयंसेवियों को भी धन्यवाद कहती हूं। जिन्होंने इस छोटे, लेकिन गहन चुनाव प्रचार के दौरान अपनी नि:स्वार्थ सेवा दी।

उनके मुताबिक, यह चुनाव विपक्ष के लिए साथ मिलकर काम करने, अतीत को भुलाने और विश्वास बहाल करने का अवसर था। उन्होंने कहा, भाजपा का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन करके, कुछ दलों और उनके नेताओं ने अपनी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। अल्वा ने कहा, चुनाव संपन्न हो गया। हमारे संविधान की रक्षा करने, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और संसद की गरिमा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। जय हिंद। पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ देश के नए उपराष्ट्रपति होंगे। उन्होंने विपक्ष की साझा उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को पराजित किया।



### धनखड़ उपराष्ट्रपति बनने वाले राजस्थान के दूसरे नेता : अशोक गहलोत

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति चुनाव में शनिवार को जीत दर्ज करने वाले जगदीप धनखड़, भैरोंसिंह शेखावत के बाद इस पद पर निर्वाचित हुए राजस्थान के दूसरे नेता हैं। राजस्थान के झुंझुनूं जिले के निवासी धनखड़ (71) देश के 14वें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति होंगे। धनखड़ के निर्वाचन के बाद अब संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की अध्यक्षता राजस्थान के नेता करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी राजस्थान से हैं। वह राज्य के कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव के परिणाम के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धनखड़ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गहलोत ने ट्वीट में कहा, जगदीप धनखड़ को भारत के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। धनखड़ राजस्थान से भैरोंसिंह शेखावत जी के बाद दूसरे उपराष्ट्रपति बने हैं, इस बात की राजस्थानवासियों को प्रसन्नता है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में 788 में से 780 सांसद थे पात्र

संसद के दोनों सदनों को मिलाकर कुल सदस्यों की संख्या 788 होती है, जिनमें से उच्च सदन की आठ सीट फिलहाल रिक्त है। ऐसे में उपराष्ट्रपति चुनाव में 780 सांसद वोट डालने के लिए पात्र थे।

### टीएमसी के 36 सांसद मतदान में नहीं हुए शामिल

तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ने उपराष्ट्रपति चुनाव से पूर्व ही खुद की पाटी टीएमसी को मतदान से अलग रखने की घोषणा कर दी थी। अपनी पहले की घोषणा के मुताबिक इस चुनाव से टीएमसी दूर रही। संसद के दोनों सदनों में उसके कुल 36 सांसद हैं।

# एनएमसी ने दवा कंपनियों से मुफ्त उपहार पाने वाले चिकित्सकों की जानकारी मांगी

## जवाबदेही में डोलो निर्माता सहित पांच अन्य कंपनी शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने आयकर विभाग से उन डॉक्टरों का ब्योरा मांगा है, जिन्होंने डोलो 650 बनाने वाली माइक्रो लैब्स सहित छह दवा कंपनियों से कथित तौर पर मुफ्त उपहार प्राप्त किए।

आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जुलाई में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली डोलो-650 टैबलेट के निर्माताओं पर अनैतिक प्रथाओं में लिप्त होने और चिकित्सा पेशेवरों एवं डॉक्टरों को इसके उत्पादों को बढ़ावा देने के बदले में लगभग 1,000 करोड़ रुपये के मुफ्त उपहार वितरित करने का आरोप लगाया था। आयकर विभाग ने छह जुलाई को बेंगलुरु स्थित माइक्रो लैब्स लिमिटेड के खिलाफ नौ राज्यों में 36 परिसरों पर छापेमारी की थी। एनएमसी ने गत तीन अगस्त को एक पत्र में, सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता से शामिल डॉक्टरों के नाम, पंजीकरण संख्या और पते भेजने का अनुरोध किया था ताकि उन विवरणों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित राज्य चिकित्सा परिषदों को भेजा जा सके।

### सीबीडीटी ने कहा था दवा निर्माताओं ने दवाओं के बढ़ावे के बदले चिकित्सकों को दिए 1000 करोड़ के उपहार



### एनएमसी ने सीबीडीटी से शामिल डॉक्टरों के नाम, पंजीकरण संख्या भेजने को कहा

एनएमसी के नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड (ईएमआरबी) के सदस्य डॉ. योगेंद्र मलिक ने पत्र में समय-समय पर संशोधित भारतीय चिकित्सा परिषद (व्यावसायिक आचरण, शिष्टाचार और नैतिकता) विनियम, 2002 की धारा 6.8 की ओर ध्यान आकर्षित किया, जो दवा कंपनियों और संबद्ध स्वास्थ्य क्षेत्र उद्योग के साथ डॉक्टरों के संबंधों में आचार संहिता निर्धारित करता है। उन्होंने कहा कि यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि पहली बार, पंजीकृत चिकित्सक द्वारा पेशेवर कदाचार के संबंध में किसी भी शिकायत का निस्तारण संबंधित राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा किया जाना है। मलिक ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड (ईएमआरबी), राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग पंजीकृत चिकित्सकों के जीवन में नैतिकता लाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी कदाचार को बर्दाश्त नहीं करेगा।

## विस्तारा ने ड्रीमलाइनर विमान किराए पर लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन कंपनी विस्तारा ने शनिवार को कहा कि उसने एक बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान को किराए पर लिया है, जिससे उसे फ्रैंकफर्ट और पेरिस तक अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यह पहला ड्रीमलाइनर विमान है, जिसे विस्तारा ने किराए पर लिया है। कंपनी के पास पहले से ही दो ड्रीमलाइनर विमान हैं, जो उसने बोइंग से खरीदे थे। विस्तारा को विमान किराए पर लेना पड़ा है, क्योंकि बोइंग ने दो साल से उसे चार और ड्रीमलाइनर विमान नहीं दिए हैं, जो कि उसे देने थे। अमेरिका का संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) चाहता है कि बोइंग विमानों की आपूर्ति करने से पहले ड्रीमलाइनर की गुणवत्ता में सुधार करें। विस्तारा ने 2018 में छह ड्रीमलाइनर विमानों का ऑर्डर दिया था, लेकिन फिलहाल उसे बोइंग से केवल दो विमान मिले हैं। दूसरा विमान अगस्त 2020 में हासिल हुआ था। विस्तारा ने कहा कि वह जर्मनी में फ्रैंकफर्ट और फ्रांस में पेरिस तक अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा रही है, क्योंकि उसे बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान मिलने वाला है, जो उसने हाल ही में किराए पर लिया है।

## 15 अगस्त पर समारोह में शामिल होंगी सिंगर मैरी मिलबेन

**वाशिंगटन।** 'ओम जय जगदीश हरे और जन गण मन' को नए अंदाज में पेश कर श्रोताओं की वाहवाही लूटने वाली अफ्रीकी-अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ से जुड़े समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली आएंगी।

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के निमंत्रण पर भारत आने से पहले मिलबेन ने एक बयान जारी कर कहा, 1959 में भारत की यात्रा करने वाले डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नक्शेकदम पर चलते हुए मुझे भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में एक सांस्कृतिक राजदूत के रूप में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। बयान के मुताबिक, मिलबेन पहली अमेरिकी कलाकार हैं, जिन्हें आईसीसीआर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का न्योता भेजा है। वह अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाली आधिकारिक अतिथि होंगी।



# संजय राउत की पत्नी पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुईं

### ईडी ने इस मामले में राज्यसभा सदस्य संजय राउत को एक अगस्त को किया था गिरफ्तार



एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** नेता संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत धन शोधन के एक मामले में शनिवार को मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। धन शोधन का यह मामला एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं और उससे संबंधित लेनदेन से जुड़ा है। ईडी ने इस मामले में संजय राउत को गिरफ्तार किया है।

केंद्रीय एजेंसी ने इस सप्ताह की शुरुआत में वर्षा राउत को समन भेजे थे। इसके बाद वह शनिवार सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर दक्षिण मुंबई में बलार्ड एस्टेट स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचीं। ईडी उन्हें संजय राउत और इस मामले के अन्य आरोपियों के आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर सकती है। ईडी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

केंद्रीय एजेंसी मुंबई के गोरेगांव इलाके में पात्रा चॉल के पुनर्विकास से जुड़े 1,034 करोड़ रुपये के कथित जमीन घोटाले की जांच कर रही है। ईडी ने इस मामले में राज्यसभा सदस्य संजय राउत को एक अगस्त को गिरफ्तार किया था।

## फिल्म काली के निर्माताओं के खिलाफ 29 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत फिल्म काली के पोस्टर और प्रोमो वीडियो में एक हिंदू देवी को कथित तौर पर आपत्तिजनक तरीके से चित्रित करने के लिए फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई के खिलाफ स्थाई रोक के आग्रह वाली याचिका पर 29 अगस्त को सुनवाई करेगी।

शनिवार को मामले की सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता राज गौरव ने भी अतिरिक्त दस्तावेज रिकार्ड में लेने के लिए एक आवेदन दाखिल किया। याचिका में कहा गया है, वादी अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करना चाहता है जो ऐसे ट्वीट हैं जो सीधे उसके मामले से संबंधित हैं। याचिकाकर्ता मुकदमा दायर करते समय इन दस्तावेजों को जमा नहीं कर सका क्योंकि फिल्म निर्माता ने ये ट्वीट बाद में किए थे।


# पाकिस्तान ने राहत पैकेज के लिए यूएई और सऊदी अरब से संपर्क किया

एजेंसी। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने नकदी की कमी से जूझ रहे अपने देश के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों के तहत अब सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से संपर्क किया है। मीडिया की एक रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी सामने आई है।

इससे कुछ दिन पहले जनरल बाजवा ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.7 अरब डॉलर का महत्वपूर्ण राहत पैकेज दिलाने के लिए अमेरिका से मदद मांगी थी। पाकिस्तान के दैनिक समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, जैसा कि आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की इस महीने के अंत में बैठक होने वाली है, जिसमें पाकिस्तान के लिए औपचारिक रूप से 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि की अगली किस्त को मंजूरी दी जाएगी। आईएमएफ चाहता है कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पाकिस्तान अपने मित्र देशों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करे।

### कुछ दिन पहले पाकिस्तान के जनरल बाजवा ने अमेरिका से भी मदद की गुहार लगाई थी



ऐसा माना जाता है कि आईएमएफ ने पाकिस्तान से कहा है कि वह इस बात की पुख्ता गारंटी दे कि उसके दोस्त उसकी बाहरी जरूरतों के लिए चार अरब डॉलर मुहैया कराएंगे। पाकिस्तान आवश्यक धन मुहैया कराने के लिए सऊदी अरब, यूएई और चीन जैसे प्रमुख सहयोगियों के साथ बातचीत कर रहा है।

अप्रैल में जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब की यात्रा की, तो वह खाली हाथ लौट आए क्योंकि रियाद ने उन्हें कोई पक्का आश्वासन नहीं दिया था। यूएई भी पाकिस्तान के बचाव में आने से हिचक रहा था। कर्ज देने के बजाय यूएई ने पाकिस्तान को शेयर और संपत्ति खरीदने की पेशकश की।

# संक्षिप्त समाचार

## सेना प्रमुख ने नियंत्रण रेखा पर अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा

**जम्मू।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम क्षेत्रों का शनिवार को दौरा किया और अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की। एक अधिकारी ने बताया कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे और उन्हें सुरक्षा संबंधी मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया। भारतीय सेना के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने ट्वीट किया, जनरल मनोज पांडे ने पुंछ और राजौरी सेक्टर में अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया। सीओएएस ने सभी रैंक के अधिकारियों से बातचीत की और उनसे समान जोश एवं उत्साह के साथ काम करते रहने का आह्वान किया। अधिकारी ने बताया कि जनरल पांडे ने शुक्रवार को यहां नगरोटा में व्हाइट नाइट कोर के मुख्यालय और जम्मू के बाह्य हलाके में स्थित अखनूर सेक्टर का भी दौरा किया।

## हरे चारे में नाइट्रेट पाए जाने से 61 गायों की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा की सांथलपुर गौशाला में हुई 61 गायों की मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पता चला है कि हरे चारे (बाजरा) में नाइट्रेट पाए जाने की वजह से इन गायों की मृत्यु हुई है। भारतीय पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान (आइवीआरआइ) इज्जतनगर के निदेशक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने शनिवार को बताया कि आइवीआरआइ के वैज्ञानिक डॉ. एजी तैलंग, डॉ. स्वामीनाथन और डॉ. आर रघुवरण की टीम ने अमरोहा के गांव साधलपुर स्थित गौशाला का गहन निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों ने गायों के दो शवों का पोस्टमार्टम किया। उन्होंने बताया कि गौशाला के गहन निरीक्षण में पता चला कि गायों की नांद में हरा चारा मिला था और जांच में सामने आया है कि गायों ने हरा बाजरा ज्यादा खाया था, जिसमें नाइट्रेटानाइट्राइट ज्यादा पाई जाती है।

## भर्ती परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर 72 शिक्षक बर्खास्त

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने यहां सरकारी विद्यालयों के 72 शिक्षकों द्वारा भर्ती परीक्षा के दौरान जमा कराई गई तस्वीरों और उनके बायोमेट्रिक के बीच मिलान नहीं होने के बाद उन्हें बर्खास्त किए जाने का नोटिस भेजा है। डीओई समिति ने कहा था कि इन उम्मीदवारों ने 2018 में दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) द्वारा आयोजित परीक्षा में बैठने के लिए अपनी जगह किसी और को भेजा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इन उम्मीदवारों को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विभिन्न पदों पर नामित किया गया था और उन्हें स्कूल आवंटित किए गए थे। डीएसएसएसबी ने 2021 की शुरुआत में उनके बायोमट्रिक को सत्यापित किया था था, जिसके बाद समिति ने डीओई को तस्वीरों का मिलान नहीं होने का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट सौंपी।

## एसकेएम 'अग्निपथ' के खिलाफ आज मुहिम शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) सेना में भर्ती संबंधी केंद्र की अग्निपथ योजना के खिलाफ रविवार को एक राष्ट्रव्यापी मुहिम शुरू करेगा। किसान संगठनों का नेतृत्व करने वाले एसकेएम ने कहा कि यह योजना किसान परिवारों के लिए एक गंभीर झटका है, जिनके युवा सशस्त्र बलों का हिस्सा रहे हैं। यह मुहिम सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के यूनाइटेड फ्रंट और विभिन्न युवा संगठनों के सहयोग से शुरू की जाएगी। अग्निपथ थलसेना, नौसेना और वायु सेना में सैनिकों की भर्ती संबंधी एक योजना है, जिसके तहत चार साल के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का प्रावधान है। योजना की घोषणा 14 जून को की गई थी।

# छत्तीसगढ़ का सुकमा: तीन साल में अज्ञात बीमारी से 61 लोगों की मौत

## प्रशासन की प्रारंभिक जांच में सामने आया, 47 लोगों की मौत बीमारियों और प्राकृतिक कारणों से हुई

एजेंसी। सुकमा

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के एक गांव के निवासियों ने दावा किया है कि पिछले तीन वर्षों में अज्ञात बीमारी के कारण 61 लोगों की मौत हुई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

जिले के कोंटा विकासखंड अंतर्गत रेंगडगट्टा गांव में ग्रामीणों ने दावा किया है कि पिछले तीन वर्षों में अज्ञात बीमारी के कारण 61 लोगों की मौत हुई है। गांव में 130 परिवार हैं तथा गांव की आबादी लगभग एक हजार है। हालांकि जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से जानकारी मिली है कि गांव में पिछले तीन वर्ष के दौरान बीमारियों और प्राकृतिक कारणों तथा अन्य कारणों से 47 लोगों की मौत हुई है। ग्रामीणों ने 27 जुलाई को सुकमा कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें दावा किया गया था कि गांव में वर्ष 2020 से अब तक हाथ-पैर में सूजन के लक्षण वाले 61 लोगों की मौत हो चुकी है, इनमें युवक और युवतियां भी शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौतों को रोकने तथा समस्या के समाधान के लिए चिकित्सकों का एक दल गांव भेजने की मांग की थी। सुकमा जिले के कलेक्टर हरीश एस ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद पिछले सप्ताह स्वास्थ्य कर्मचारियों और अन्य विशेषज्ञों की एक टीम वहां भेजी गई थी। कलेक्टर ने बताया, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पिछले तीन वर्षों में उस गांव में 47 लोगों की मौत हुई थी, लेकिन उन सभी की मौत एक ही कारण से नहीं हुई है, जैसा कि स्थानीय लोगों ने दावा किया है। उन्होंने बताया कि कुछ मृतकों के शरीर पर सूजन थी और यह विभिन्न कारणों से हो सकता है। कलेक्टर ने कहा, लेकिन अभी हम यह नहीं कह सकते हैं कि पानी में भारी धातु की मात्रा के कारण मौतें हुईं है, क्योंकि उच्च फ्लोराइड वाले पानी के सेवन से हड्डियों में कमजोरी होती हैं। स्थानीय आबादी में ऐसा कोई लक्षण नहीं हैं।

उन्होंने कहा, पानी में उच्च लौह तत्व भी कई जटिलताएं पैदा करता है, लेकिन इसके कारण अचानक मृत्यु नहीं हो सकती है। अन्य पर्यावरणीय कारण हो सकते हैं। शराब पीने के कारण गुर्दे से संबंधित बीमारियां एक कारण हो सकती है। उन्होंने कहा कि पानी और मिट्टी में भारी धातु सामग्री जैसे आर्सेनिक की पहचान के लिए विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। कलेक्टर ने कहा कि मामला सामने आने के बाद गांव का दौरा करने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम ने ग्रामीणों का चिकित्सकीय परीक्षण किया था, जिसमें 41 लोगों के शरीर में सूजन और गुर्दे से संबंधित समस्याओं से पीड़ित होने की पहचान की गई थी।

### गांव में रहते हैं 130 परिवार, आबादी एक हजार के करीब



### संयुक्त कारणों से हुई मौत : सीएमएचओ

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) यशवंत ध्रुव ने कहा कि मौत संयुक्त कारणों से हुई हैं, जिनमें गुर्दे की बीमारियां, बुढ़ापे से संबंधित समस्याएं और मलेरिया भी शामिल हैं। ध्रुव ने कहा कि उनमें से कितनों की मौत गुर्दे की बीमारी से हुई है, इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। अधिकारी ने कहा कि कुछ ग्रामीणों में पुरानी गुर्दे की बीमारी के हल्के लक्षण हैं। सभी का परीक्षण किया जा रहा है।

### ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए आठ जल स्रोतों का उपयोग न करने को कहा

कलेक्टर ने कहा कि जल स्रोतों के नमूनों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार दो जल स्रोतों में फ्लोराइड का स्तर सीमा से अधिक था, जबकि कुछ जल स्रोतों में लौह तत्व अधिक था। जांच किए गए 20 जल स्रोतों में से दो नलकूपों में फ्लोराइड की मात्रा अधिक पाई गई, जिसके बाद इसे उपयोग के लिए बंद कर दिया गया, जबकि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए आठ जल स्रोतों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई है, क्योंकि इसमें आयरन की मात्रा सीमा से अधिक है।

# महिला से अभद्रता करने वाला नेता श्रीकांत फरार

## आरोपी की घर पहुंची नोएडा पुलिस, 3 गाड़ी जब्त, 4 लोगों को हिरासत में लिया

● 48 घंटों में होगा सलाखों के पीछे, आरोपी का भाजपा से नहीं कोई संबंध : डॉ. महेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** में बीजेपी नेता द्वारा एक महिला के साथ बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। शनिवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। साथ ही तीन गाड़ियों को भी जप्त की। बता दें कि नोएडा के सेक्टर 93-बी में स्थित ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में दिन के दौरान विवाद हुआ था।

बीजेपी नेता श्रीकांत त्यागी के खिलाफ सोसाइटी की महिलाओं सहित अन्य लोगों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। मामले को बिगड़ता देख जिले के सांसद डॉ महेश शर्मा शनिवार शाम ओमेक्स सोसाइटी पहुंचे। सरकारों की तरफ से डॉ महेश शर्मा ने आश्वासन दिया कि श्रीकांत की गिरफ्तारी 48 घंटे में होगी। इसके लिए पुलिस को विशेष निर्देश दे दिए गए हैं, यही नहीं श्रीकांत के खिलाफ अन्य धाराओं को भी दर्ज किया गया है। भाजपा सरकार किसी भी महिला का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती। श्रीकांत जल्द जेल की सलाखों के पीछे होगा। हालांकि सांसद ने दावा किया कि श्रीकांत त्यागी नामक शक्स का भाजपा से कोई वास्ता ही नहीं है। वो पद तो छोड़ो, पार्टी का कार्यकर्ता भी नहीं हैं। सांसद ने कहा कि उनकी बात स्वयं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष से भी इसकी जानकारी ली, वहां से ऐसे किसी शख्स की कोई जानकारी नहीं है। सांसद ने कहा कि स्वयं गृह मंत्री अमित शाह और सूबे के मुख्यमंत्री के आदेश पर आये है। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित महिला मोर्चा की भी तमाम पदाधिकारी मौजूद रहीं।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को सेक्टर-98 बी स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में भाजपा नेता एक महिला के साथ बहस कर रहे हैं। कुछ ही देर में वह महिला के साथ गाली गलौच करना शुरू कर देते हैं। वह महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी करते हैं। इसके अलावा महिला के पति पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इसके बाद सोसाइटी की महिलाएं वहां इकट्ठा हो गईं। उन्होंने नेता के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि वह सोसाइटी में अतिक्रमण कर रहे हैं। पहले उन्होंने सोसाइटी में बड़े पौधे लगाकर अतिक्रमण किया। अब वह छोटे पौधे लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। जब सोसाइटी की एक महिला उन पौधों को हटाने लगी तो आरोपी नेता ने उसे धमकी दी कि वह पौधे को हाथ लगाएगी तो वह उसे छोड़ेंगे नहीं। इस मामले की सूचना मिलने के बाद फेज दो थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी श्रीकांत त्यागी के खिलाफविभिन्न धाराओं में केस

### वैश्य समाज में गुस्सा, डीसीपी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग

सेक्टर-93बी में स्थित ओमेक्स ग्रैंड हाउसिंग सोसाइटी में एक वैश्य समाज की महिला के साथ तथाकथित भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी ने बदतमीजी और मारपीट की। इस मामले के बाद वैश्य समाज के लोगों में तथाकथित भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी के खिलाफभारी रोष है। उन्होंने शनिवार को सेंट्रल नोएडा के पुलिस उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए मांग की है कि ऐसे अपराधी व्यक्ति के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। सेंट्रल नोएडा डीसीपी ने नोएडा वैश्य संगठन को आश्वासन दिया है कि श्रीकांत त्यागी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।

## भाजपा और पुलिस के सरंक्षण में फरार हुआ श्रीकांतः पंखुड़ी




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** की ओमेक्स सोसायटी में महिला से अभद्रता करने वाला श्रीकांत भारतीय जनता पार्टी और उसकी पुलिस के सरंक्षण में फरार हुए है। ये आरोप लगाते हुए नोएडा विधानसभा से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक ने शनिवार शाम को नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेस वार्ता कर भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

पंखुड़ी ने कहा कि नोएडा में ऐसी घटना पहली नहीं। भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार यहां की ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के लोग परेशान हैं। हालात तो ये हैं कई लोग पलायन कर गया। भाजपा अब श्रीकांत त्यागी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है। ये भाषा मात्र श्रीकांत की नहीं एबल्कि भाजपा की है। जो आज इनके लिए आम हो गई है। श्रीकांत का औपचारिक पत्र भी सोशल मीडिया पर है।

पंखुड़ी ने कहा कि 2019 में भी वीडियो वायरल हुआ, जिसमें ये अपने सरकारी गनर के साथ सोसायटी के लोगों को धमका रहा है। जिसके बाद डीएम ने पुलिस कप्तान को पत्र लिखकर इसकी सुरक्षा हटवाई थी। पंखुड़ी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ इसके सम्बंध हैं।

योगी आदित्यनाथ, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तक तमाम बड़े भाजपा नेताओं के साथ इसके फोटो बहुत कुछ बता रहे हैं। भाजपा इससे पल्ला झाड़ रही है, लेकिन अब तक इसे संरक्षण क्यों दे रही थी।इस दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट अनुमा आचार्य ने श्रीकांत पर हुई एफआईआर पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि धारा 503 और 506 नहीं लगाई गई।

## युवती की नहाते हुए वीडियो बनाते समय पकड़े जाने के बाद युवक ने की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**इलाहाबास** गांव में बाथरूम में नहा रही युवती की अश्लील वीडियो बनाते समय पकड़े गए युवक ने कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में युवक के दोस्त की तहरीर पर पुलिस ने युवती के पिता और मकान मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया है। दोनों पर युवक से मारपीट करने का आरोप है।

डीसीपी जोन द्वितीय राजेश एस ने बताया कि गुरुवार शाम को इलाहाबास गांव में नरेंद्र बैरागी के मकान में किराए पर रहने वाली युवती बाथरूम में नहा रही थी। उसी मकान में किराए पर रहने वाला 21 वर्षीय सुमित सिंह निवासी शाहजहांपुर नहा रही युवती का वीडियो बनाने लगा। युवती ने उसे ऐसा करते देख लिया और शोर मचा दिया। इस पर युवती के पिता ने सुमित के साथ मारपीट की और उसके दोस्त अंकित सिंह, सुजीत सिंह और विनय को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद युवती के पिता ने मामले की सूचना मकान मालिक नरेंद्र बैरागी को दी। नरेंद्र ने कमरे का ताला खोलकर सुमित के साथी अंकित, सुजीत और विनय को बाहर निकाल दिया। आरोप है कि युवती के पिता और मकान मालिक नरेंद्र बैरागी ने सुमित के साथ दोबारा मारपीट की और उसे कमरे में बंद करके बाहर से ताला लगा दिया। घटना के बारे में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई।

## हत्या और बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार पुलिसकर्मी निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**उत्तर** प्रदेश पुलिस के एक कर्मी को एक युवती से बलात्कार और उसकी हत्या के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उसे इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त (प्रथम जोन) हरीश चंदर ने आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस मामले में गिरफ्तार पुलिसकर्मी और उसके एक अन्य साथी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि फेज-3 थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में दो अगस्त को एक युवती का शव फंदे से लटका मिला था। इस मामले में युवती के परिजनों ने नोएडा में तैनात एक पुलिसकर्मी आकाश और युवती के सहकर्मी अर्जुन दुग्गल सहित पांच लोगों के खिलाफ बलात्कार तथा हत्या करने का आरोप लगाया था।

अपर पुलिस उपायुक्त (द्वितीय जोन) अंकिता शर्मा ने बताया कि सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने वाली युवती रेप के बाद हत्या कर दी गई थी।

## मां ने की बेटे की हत्या, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● प्रेमी संग देखकर गला दबाया

**गाजियाबाद** में शनिवार को एक मां ने बेटे की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बेटे ने उसे प्रेमी के साथ आपित्तजनक स्थिति में देख लिया था। इसका विरोध करने पर उसने प्रेमी संग मिलकर पहले उसका गला दबाया। इसके बाद प्राईवेट पार्ट पर डंडा मारकर हत्या कर दी।

मोदीनगर के सीओ सुनील कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में कृष्णा देवी व अभिषेक निवासी मोदीनगर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी देवेन्द्र फरार चल रहा है। मामला मोदीनगर के जगतपुरी कॉलोनी का है। यहां रहने वाले अनुज कुमार गत 18 जुलाई को संदिग्ध हालात में लापता हो गए थे। उनकी पत्नी अंजली ने मोदीनगर थाने में हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने 21 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज कर ली। तीन अगस्त को उसका शव मिल गया।

थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि युवक का शव देखकर हत्या की आशंका हुई। इसके बाद शक के आधार पर मां कृष्णा देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। लेकिन, उसने बेटे के आत्महत्या करने बता रही थी। लेकिन जब सख्ती की तो उसने सब कुछ उगल दिया।

कृष्णा देवी ने बताया कि दो अगस्त को अनुज ने उसे देवेन्द्र के साथ अपित्तजनक स्थिति में देख लिया था। इस बात को लेकर विवाद हुए विवाद में उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि देवेन्द्र ने अनुज के साथ पहले मारपीट की और फिर दुपट्टे से गला दबा दिया था।

गला दबाने के बाद देवेन्द्र ने उसके प्राईवेट पार्ट में डंड़ा भी डाल दिया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। अनुज की हत्या के बाद उसने अपने छोटे बेटे अभिषेक को फोन करके अपने पास बुला लिया।

## निगम में चपरासी और चौकीदार कर रहे हैं टैक्स वसूली

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

**निगम** के हाउस टैक्स विभाग हर रोज नए नए कारनामे कर रहा है। ऐसा ही निगम में एक और कारनामा सामने आया है। निगम में शासनादेश के विपरीत जाते हुए चौकीदार और अनुचर और लिपिक को निगम राजस्व निरीक्षक बनाकर उनसे टैक्स की वसूली का काम लिया जा रहा है। इन कर्मचारियों में चौकीदार प्रदीप राठी, अनुचर रवीन्द्र पाल, विनोद शर्मा, यशपाल त्यागी, प्रमोद प्रजापति, सुनील कुमार, रीगन नागर, और राहुल कुमार, दिनेश शर्मा, राजकुमार शर्मा को भी नियम के खिलाफ राजस्व निरीक्षक बनाकर उनसे राजस्व की वसूली कराई जा रही है। गत दिनों ऐसे ही एक मामले में शासन की ओर से निगम में शासनादेश आ चुका है। जिसमें कहा गया था कि नगर निगम या नगर पालिका आदि नगर निकाय में किसी भी कर्मचारी को मूलपद से ऊंचे पद पर कर्मचारी को तैनात कर उससे काम नहीं लिया जा सकता है। नगर निगम में यह एक बड़ा खेल चला आ रहा है।

## लूट के आभूषण खरीदने वाला सुनार गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर.20 थाना पुलिस ने लूटपाट करने वाले बदमाशों से आभूषण खरीदने वाले एक सुनार को शनिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से लूट की एक सोने की चेन बरामद की है। बता दें कि थाना पुलिस शुक्रवार सुबह मुठभेड़ के दौरान विशाल नाम के एक बदमाश को गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया था। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ था कि बदमाश व उसके गिरोह के अन्य साथी लूट के आभूषण गाजियाबाद के ब्रिज विहार में रहने वाले कृष्णा वर्मा नाम के सुनार को बेचते थे।

## छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर किया वायरल तीन छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के एक नामी स्कूल में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। छात्रा के परिजनों ने बीटा दो कोतवाली में आरोपी तीनों छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के एक नामी स्कूल में एक छात्रा 12वीं क्लास में पढ़ती है। इसी स्कूल की 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले तीन छात्रों ने छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर उसे अश्लील बनाया और इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। छात्रा ने इंस्टाग्राम पर अपना फोटो देखा तो घटना की जानकारी स्कूल प्रबंधन और अपने परिजनों को दी। परिजनों ने मामले में तीनों आरोपी छात्रों के खिलाफबीटा दो कोतवाली में तहरीर दी।

कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपी छात्रों के खिलाफआईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस में मुकदमा दर्ज होने के बाद प्रबंधन ने तीनों आरोपी छात्रों को स्कूल से निकाल दिया है।

लेकिन, जब इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल से बात की गई तो उन्होंने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है। प्रिंसिपल का कहना है कि स्कूल से किसी को नहीं निकाला गया है। यह स्कूल पहले भी विवादों में रहा है। काफी समय पहले बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। इस मामले में काफी हंगामा भी हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार



गाजियाबाद के वसुंधरा ग्रैंड सोसाइटी में शनिवार को 'ट्रीमैन' के नाम से मशहूर डॉ. दीपक गौर और एओए अध्यक्ष स्वप्निल की मौजूदगी पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके सोसाइटी के पदाधिकारी एओए अभिनव, आरके महाजन, पवन कुमार तथा राज्यसभा सचिवालय के राजेश शर्मा भी उपस्थित थे। इस अभियान का नारा है, ' पेड़ों को बचाइये, वे भविष्य में आपको बचाएंगे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायतें

**गाजियाबाद।** माह के पहले शनिवार को नेहरू नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम आरके सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें अवैध कब्जे से सम्बंधितए आरटीई के तहत निजी स्कूलों द्वारा दाखिला न देने के सम्बंध में थी। इस दौरान लोगों ने बारिश के कारण जलभराव और अन्य शिकायतें भी डीएम के समक्ष रखी। डीएम ने कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया।

### दो दिवसीय राखी प्रदर्शनी शुरू

**गाजियाबाद।** बगीचा द आर्ट एंड डेकोर स्टोर, डीवी इवेन्ट्स और लायन्स क्लब गाजियाबाद समर्पण द्वारा दो दिवसीय वोग शोग राखी एडिशन मेला आरडीसी में शुरू हो गया है। इस स्टॉल में पर्व से सम्बंधित आइटमों के अलावा होम डेकोरेशन, डिजाइनर ड्रेस, विभिन्न डिजाइन की राखी, फूड स्टॉल, आर्टिफिशीयल ज्वैलरी के स्टॉल लगाए गए हैं। पहले दिन राखी स्टॉल की प्रदर्शनी लगाई गई है।

### लैब की छत उखाडकर चुराया लाखों का माल

**गाजियाबाद।** पुलिस की निष्क्रियता के चलते जनपद में बदमाश कितने बेखौफहो गये हैं इसका जीता जागता सबूत उस समय मिल गया कि जब बीती रात बदमाशों ने चिरौड़ी मार्ग पर स्थित पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित ओम डायग्नोस्टिक एण्ड अल्ट्रा साउंड सेंटर की छत उखाडकर वहां रखे 20 हजार से अधिक नगदी व लाखों की मशीनों के सहित पचास लाख का माल चुरा लिया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के आला अफसर डॉग स्कॉवड की टीम के साथ पहुंच गये।

### जेवर से लापता छात्र का शव बुलंदशहर में मिला

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर थाना क्षेत्र से लापता हुए छात्र का शव बुलंदशहर के खुर्जा जंक्शन के पास मिला। पुलिस ने बताया कि जहांगीरपुर कस्बा निवासी निखिल चौधरी (16 वर्ष) 12वीं कक्षा में पढ़ता था। वह 18 जुलाई की सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन लौट कर नहीं आया। इस मामले में छात्र के पिता अजीत ने जेवर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। छात्र के परिजनों को शुक्रवार को पता चला कि निखिल का शव खुर्जा जंक्शन के पास मिला है।

### ट्रैक्टर.ट्रॉली चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा

**नोएडा।** सेक्टर.113 थाना पुलिस ने शुक्रवार को गश्त के दौरान ट्रैक्टर.ट्रॉली चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी का ट्रैक्टर.ट्रॉली बरामद कर लिया है। परथला गांव के रहने वाले कालू यादव ने सेक्टर.113 थाना पुलिस को शिकायत दी थी। उनका कहना था कि महेंद्र नाम का चालक उनकी ट्रैक्टर.ट्राली चलाता है। आरोप था कि महेंद्र उनकी ट्रैक्टर.ट्रॉली चोरी कर फरार हो गया।

## ग्रेटर नोएडा में 5000 युवाओं को रोजगार देगी एलेनटेक कंपनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**मोबाइल** पार्ट्स और इलेक्ट्रिक उत्पाद बनाने वाली दक्षिण कोरियाई कंपनी एलेनटेक इंडिया लिमिटेड अब ग्रेटर नोएडा में अपनी इकाई स्थापित करने जा रही है। कंपनी यहां के 5000 युवाओं को रोजगार देगी और करीब 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

एलेनटेक इंडिया लिमिटेड को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर इकोटेक वन एक्सटेंशन वन में करीब तीन माह पहले भूखंड आवंटित किया गया था। कंपनी को दो भूखंड आवंटित हुए थे। कंपनी प्रबंधन दोनों भूखंडों को जोड़कर इकाई लगाना चाह रहा था। कंपनी के प्रतिनिधि बीते मंगलवार को जन विश्वास दिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह से मिले। उन्होंने दो अलग.अलग भूखंडों को जोड़ने की अपील की। सीईओ ने उद्योग विभाग को इस पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को कंपनी के दो भूखंडों को जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करते हुए चेक लिस्ट जारी कर दी है।

## पुलिस मुठभेड़ में चिंकी को लगी गोली, गिरफ्तार

**नोएडा।** मुठभेड़ फेज-1 थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 के नाले से करीब 150 मीटर आगे हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाश चिंकी को गोली मारी है। उसके पैर में गोली लगी।

बदमाश को जिला अस्पताल भेजा गया है। इसका एक साथी इस्तेखार मौके से फरार हो गया। एडीसीपी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि चिंकी ने शुक्रवार को ही सेक्टर.63 से बाइक चोरी की। उन्होंने बताया कि चिंकी दिल्ली एनसीआर में मोबाइल और लूट की वारदातों को करता था। इसका टारगेट बार्डर एरिया होते थे।

## 20 लाख के 15 ई-रिक्शा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**दिल्ली** व एनसीआर क्षेत्र में नशीला पदार्थ देकर वाहन विशेषकर ई.रिक्शा लूटने वाले गैंग के आधा दर्जन बदमाशों को सिहानी गेट थाने के एसएचओ नरेश कुमार शर्मा की टीम ने उस समय दबोच लियाए।

पकड़े गये बदमाशों के पास से 20 लाख से अधिक कीमत की एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा व नशीले पदार्थ की खेप के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक लुटेरों के जिस गैंग को पकड़ा गया, उसके सरगना का नाम शफीक व उसके दाएं हाथ का नाम पप्पू है। इनका गैंग टोली बनाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वाहन चालकों विशेषकर ई-रिक्शा चालकों को निशाना बनाकर उनसे वाहन लूट लेता था।

एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल व सीओ सैंकेंड आलोक दुबे बदमाशों से पूछताछ कर रहे थे। प्राथमिक पूछताछ में गैंग के लीडर शफीक ने बताया कि वह और उसके गैंग के सदस्य ई.रिक्शा को हायर करते और फिर सुनसान स्थान पर नशीले पदार्थ को कोल्ड ड्रिंक्स आदि के जरिए सेवन करवाकर चालक को बेहोश कर देते थे और उसकी ई-रिक्शा लेकर फरार हो जाते थे।

## औद्योगिक विकास मंत्री की नाराजगी का पत्र वायरल

● अधिकारियों पर गलत रिपोर्ट देकर महाप्रबंधक को बचाने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी नाराज हैं, जिनका नाराजगी भरा पत्र शुक्रवार को सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

28 जुलाई को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को लिखे गये इस पत्र में औद्योगिक विकास मंत्री ने विभिन्न बातों को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी है। मंत्री ने लिखा है कि 22 जून 2022 को लिखे पत्र में पीके कौशिक महाप्रबंधक नोएडा प्राधिकरण और तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक ग्रेटर नोएडा के द्वारा तैनाती के दौरान बरती गई अनियमितताओं को लेकर जांच रिपोर्ट मांगी गई थी। 1 जुलाई 2022 को आयी रिपोर्ट के परीक्षण से स्पष्ट है कि तथ्यों को पूर्णता छिपाते हुए पीके कौशिक को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें सही रिपोर्ट नहीं दी गई। पत्र में उन्होंने चार आरोपों के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन उन्हें सतही तौर पर रिपोर्ट भेजी गई।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सीईओ द्वारा उन्हें भेजे जाने किसी पत्र का सम्यक परीक्षण नहीं किया जाता।

## सालों तक रहे किराएदार अब बने मकान मालिक

### सीईओ के प्रयास से 13 साल बाद मिला आवंटियों को उनका हक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** के सेक्टर 78 में किराए पर रहने वाले नवीनदीप शर्मा का खुद के घर में रहने का सपना अब शीघ्र पूरा हो सकेगा। ग्रेटर नोएडा की आवासीय भूखंड योजना 2009 के प्लॉट पर शुक्रवार को उनको पजेशन मिल गया। पजेशन पाने की खुशी उनके चेहरे पर साफझलक रही थी। अब वे अपना घर बनाकर रह सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की पहल पर ऐसे पांच लोगों को अपने घर के प्लॉट पर पजेशन मिल गया है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 2009 आवासीय भूखंड योजना के तहत सेक्टर दो में 162 वर्ग मीटर के भूखंड आवंटित किए थे। जमीन पर विवाद हो जाने के कारण कुछ आवंटियों को पजेशन नहीं दिया जा सका। बीते मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से आयोजित जन विश्वास दिवस में इन आवंटियों ने प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह से गुहार लगाई । भूखंड पर पजेशन दिलाने की मांग की। सीईओ ने इन आवंटियों को अतिशीघ्र पजेशन दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने एसीईओ दीप चंद्र, प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट केआर वर्मा व वर्क सर्किल एक और तीन के प्रभारी चेतराम को किसानों से बात करके आवंटियों को पजेशन दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी। बातचीत करने पर किसान सहमत हो गए और आवंटियों को पजेशन देने पर राजी हो गए। शुक्रवार सुबह पांचों आवंटियों नवीनदीप शर्मा, वासुदेव शर्मा, ललित त्यागी, पीयूष जैन व हरपाल सिंह को मौके पर पजेशन दे दिया गया। आवंटी ललित त्यागी, नवीनदीप शर्मा व वास्तुदेव शर्मा शुक्रवार दोपहर बाद सीईओ व एसीईओ का आभार जताने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी पहुंचे। इन आवंटियों को कहना था कि अपने खुद के घर के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। जन विश्वासव दिवस में सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने प्लॉट पर शीघ्र पजेशन दिलाने का आश्वासन दिया था और तीन दिन में ही पजेशन दिला दिया। इन आवंटियों ने एसीईओ दीप चंद्र व वर्क सर्किल एक व तीन के प्रभारी चेतराम को धन्यवाद ज्ञापन भी सौंपा। सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने साफकहा है कि किसी भी आवंटी के प्लॉट पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। ऐसे सभी आवंटियों को पजेशन जरूर दिलाया जाएगा।

भारत की मेडल्स टैली में लंबी छलांग

# बजरंग, दीपक पुनिया और साक्षी ने मारा गोल्ड पर हाथ

## राष्ट्रमंडल खेलों में आठवें दिन भारत के खाते में पहुंचे 26 पदक

एजेंसी। बर्मिंघम

कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन पहलवानों ने दमखम दिखाते हुए भारत की पदकों के सूची में तीन गोल्ड मेडल के साथ कुल छह पदक का इजाफा किया। कुश्ती में अब तक भारत के छह पदक दांव पर थे और हर पहलवान ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए मेडल जीते। बजरंग पुनिया, दीपक पुनिया और साक्षी मलिक ने जहां गोल्ड मेडल जीतकर भारत का मान बढ़ाया, वहीं अंशु मलिक को फाइनल में हारकर सिल्वर से संतोष करना पड़ा। इनके अलावा दिव्या काकरान और मोहित ग्रेवाल ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। आठवें दिन तक भारत के पदक की कुल संख्य 26 हो गई है, जिसमें नौ गोल्ड, आठ सिल्वर और नौ ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। आठवें दिन कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 की मेडल टैली में भारत दो पायदान की छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने शुक्रवार को इस सूची में स्कॉटलैंड और साउथ अफ्रीका को पछाड़ा जिनके नाम आठ और सात गोल्ड मेडल हैं। भारत के आगे चार देश ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कनाडा और न्यूजीलैंड है।

भारत ने अभी तक वेटलिफ्टिंग में सबसे अधिक 10 मेडल जीते हैं, इसके बाद कुश्ती में भारत के हाथ सफलता लगी है, रेस्लिंग में भारत ने अभी तक छह पदक अपने नाम किए हैं। वहीं जूडो में तीन और एथलेटिक्स में दो मेडल के साथ लॉन बॉल्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, स्क्वॉश, पैरा पावरलिफ्टिंग में भारत ने 1-1 पदक जीता है। इधर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पदक जीतने वाले पहलवान दीपक पुनिया, दिव्या काकरान और मोहित ग्रेवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से देश को बहुत खुशी मिली और उसका गौरव बढ़ा। मुर्मू ने ट्वीट करके कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर युवा पहलवान दीपक पूनिया को बधाई। आपका आत्मविश्वास और सकारात्मक रवैया देखने लायक था। आप ने भारत को बहुत खुशी दी और उसका गौरव बढ़ाया।





### महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में हारी

राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट 3-0 से हरा दिया। फुल टाइम के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। इस तरह मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा था। शूटआउट में दोनों टीमों को पांच-पांच प्रयास मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती तीनों गोल दागे, जबकि भारतीय टीम की ओर से कोई खिलाड़ी गोल नहीं दाग सका। पहले तीन प्रयासों में विफल रहने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत गई। अब महिला हॉकी के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं, भारतीय महिला टीम के लिए अभी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं। टीम इंडिया अब कांस्य पदक के लिए न्यूजीलैंड से रविवार को भिड़ेगी।

### मोहित ग्रेवाल और दिव्या काकरन ने जीता कांस्य

भारतीय पहलवान मोहित ग्रेवाल ने फ्रीस्टाइल 125 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया है। उन्होंने जमैका के एरॉन जॉनसन को 6-0 से हरा दिया। कुश्ती में भारत का यह छठा पदक हैं। शुक्रवार को छह पहलवान उतरे और सभी ने देश को पदक दिलाया। 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता दिव्या काकरन बर्मिंघम से भी खाली हाथ नहीं लौटेंगी। उन्होंने फ्रीस्टाइल 68 किग्रा वर्ग में टोंगा की लिली कॉकर को 2-0 से हराया। यह मैच सिर्फ 30 सेकेंड में अपने नाम कर लिया। मोहित की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके कहा, हमारे पहलवानों ने बेहतरीन फॉर्म दिखाई है।




# पैदल चाल में प्रियंका और स्टीपलचेज में अविनाश ने जीता रजत

एजेंसी। बर्मिंघम

**दस हजार मीटर पैदल चाल में प्रियंका गोस्वामी ने पदक अपने नाम किया**

**साबले ने भी तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक को अपने पाले में लिया**

**एथलेटिक्स** में भारत के लिए शनिवार का दिन अच्छा रहा। पहले महिलाओं की दस हजार मीटर पैदल चाल में प्रियंका गोस्वामी ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके बाद अविनाश साबले ने भी तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में रजत जीता। इन दोनों पदकों के साथ भारत ने मौजूदा कॉमनवेल्थ गेम्स में एथलेटिक्स में चार पदक जीत लिए हैं। इन दोनों से पहले तेजस्विन शंकर ने हाई जंप और मुरली श्रीशंकर ने लॉन्ग जंप में पदक जीते थे। तेजस्विन ने कांस्य और श्रीशंकर ने रजत पदक अपने नाम किया था।

अविनाश साबले ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा का रजत पदक जीता जबकि प्रियंका गोस्वामी ने 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। दो रजत के साथ भारतीय एथलेटिक्स टीम के चार पदक हो गए हैं जबकि 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने ट्रैक और फील्ड पर एक स्वर्ण, रजत और कांस्य जीता था। ऊंची कूद में तेजस्विन शंकर और लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर कांस्य और रजत जीत चुके हैं। साबले ने 8 :11.20 सेकेंड का समय निकालकर 8:12.48 का अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। वह कीनिया के अब्राहम किबिवोट से महज 0.5 सेकेंड से पीछे रह गए। कीनिया के एमोस सेरेम ने कांस्य पदक जीता। किबिवोट यूजीन में पिछले महीने विश्व चैम्पियनशिप में पांचवें स्थान पर और साबले 11वें स्थान पर रहे थे। एथलेटिक्स में आने से पहले सेना की नौकरी में सियाचिन में तैनात रह चुके साबले डायमंड लीग में पांचवें स्थान पर रहे थे।

### अमित पंघाल और नीतू गंघास फाइनल में रजत पदक किए पक्के

**बर्मिंघम।** भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल (51 किग्रा) ने शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की फ्लाईवेट स्पर्धा में जबकि पदार्पण कर रही नीतू गंघास ने महिलाओं के (45-48 किग्रा) मिनिममवेट के फाइनल में प्रवेश कर रजत पदक पक्के किए। सबसे पहले रिंग में उतरी नीतू अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंच गई, जिसमें वह इंग्लैंड के रेश्जटान डेमी जेड के सामने होंगी। उन्होंने सेमीफाइनल में कनाडा की प्रियंका ढिल्लों को आरएससी (रैफरी द्वरा मुकाबला रोकना) से पराजित कर अपना रजत पदक पक्का किया। इसके बाद पंघाल रिंग में उतरे, उन्होंने शानदार प्रदर्शन के बूते राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार फाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था जिससे इस बार वह पदक का रंग बदलना चाहेंगे।

### रवि दहिया ने फाइनल में जगह बनाई सिंधु अंतिम-4 में

**बर्मिंघम।** पहलवान रवि दहिया ने पाकिस्तान के असद अली को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने 14-4 से मुकाबला जीता। इसी के साथ रेसलिंग में भारत का एक और मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले रवि ने 1 मिनट 14 सेकेंड में न्यूजीलैंड के पहलवान सूरज को 10-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु विमेन सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने मलेशिया की जिन वी को 19-21, 21-14, 21-18 से हराया। सिंधु अपना पहला गेम हार गई थीं, लेकिन उसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए मुकाबला जीता।

## विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सेल्वा पी थिरुमारन को रजत



एजेंसी। कैली (कोलंबिया)

**भारतीय** त्रिकूद खिलाड़ी सेल्वा पी थिरुमारन ने यहां विश्व अंडर20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। भारत के 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 16.15 मीटर की कूद लगाई और वह एस्तोनिया के विक्टर मोरोजोव से दो सेंटीमीटर आगे रहे। स्वर्ण पदक जमैका के जेडॉन हिबर्ट को मिला जिन्होंने अपने 17.27 मीटर प्रयास से चैंपियनशिप का नया रिकॉर्ड बनाया।

थिरुमारन ने अपने दूसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। इस बीच भारतीय महिला रिले टीम ने चार गुणा 400 मीटर के फाइनल में जगह बनाई। सुमी, प्रिया हब्बाथनहल्ली मोहन, रजिता कुंजा और रूपल की चौकड़ी ने तीन मिनट 34.18 सेकेंड का समय लिया और वह कुल चौथे स्थान पर रहीं। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने 2016 में पोलैंड में यह कारनामा किया था। इस प्रतियोगिता को पहले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था। भारतीय एथलीटों ने अभी तक तीन पदक अपने नाम कर लिए हैं जिसमें दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने पिछली बार 2021 में नैरोबी में खेली गई चैंपियनशिप में भी दो रजत और एक कांस्य पदक सहित तीन पदक जीते थे।

## किर्गियोस संघर्षपूर्ण जीत से सिटी ओपन के सेमीफाइनल में

**वाशिंगटन।** विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में फ्रांसिस टिफोउ को हराकर सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले रेली ओपेल्का को बारिश से प्रभावित मैच में हराने वाले किर्गियोस ने टिफोउ को 6-7 (6-7), 7-6 (14-12), 6-2 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने भी दो मैचों में जीत हासिल की। उन्होंने पहले मैक्सिम क्रेसी को 6-4, 7-6 (8) से हराया और फिर वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले अमेरिकी जेजे वुल्फ 6-2, 6-3 से पराजित करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका दिन के अपने दूसरे मैच में जियू वांग से 6-1, 6-3 से हार गईं। ऑस्ट्रेलिया की डारिया सैविल ने रेबेका मारिनो को 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त काया कानेपी ने दो घंटे 33 मिनट तक चले मैच में अन्ना कालिंस्काया को 6-7 (4), 6-4, 6-3 से हराया।

# फीफा ने एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी

## महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी छीनने को भी कहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**विश्व** फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष के प्रभाव के कारण अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर प्रतिबंध लगाने और अक्टूबर में होने वाले महिला अंडर-17 विश्वकप की मेजबानी छीनने की धमकी दी है। ऐसा उसने उच्चतम न्यायालय के राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव करवाने के निर्देश देने के कुछ दिन बाद किया है।

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एआईएफएफ की कार्यकारी समिति को प्रशासकों की समिति के द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार चुनाव कराने का निर्देश दिया था। प्रशासकों की समिति अभी राष्ट्रीय महासंघ का संचालन कर रही है। भारत को 11 अक्टूबर से फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी करनी है। चुनाव 28 अगस्त को करवाए जाएंगे और चुनाव प्रक्रिया 13 अगस्त से शुरू हो जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने प्रशासकों की समिति द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रम को स्वीकार कर लिया है।फीफा ने एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर को भेजे गए पत्र में कहा, हम एआईएफएफ से अनुरोध करते हैं कि वह हमें उच्चतम न्यायालय के तीन अगस्त 2022 के फैसले की आधिकारिक प्रतिलिपि नौ अगस्त 2022 को भारतीय समयानुसार शाम पांच बजे तक उपलब्ध कराए। पत्र में आगे कहा गया है, उपरोक्त दस्तावेज के प्राप्त होने और उसके गहन विश्लेषण करने के बाद हम फीफा के कानूनों के अनुसार आगे के संभावित फैसलों के लिए इसे अपने निर्णय लेने वाले निकाय को भेजेंगे। संभावित फैसला में एआईएफएफ का निलंबन और भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी के अधिकारों को वापस लेना भी शामिल है।

### फीफा किसी तीसरे पक्ष हस्तक्षेप के खिलाफ

फीफा ने बताया कि वह अपनी सदस्य इकाइयों के संचालन में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के खिलाफ है। फीफा ने कहा, इस संदर्भ में हम एआईएफएफ को फीफा और एएफसी सदस्य संघों पर लागू वैधानिक दायित्वों को याद कराना चाहेंगे, जिसमें स्वतंत्र रूप से अपने मामलों का प्रबंधन करने की बाध्यता शामिल है और यह सुनिश्चित करना है कि उसके अपने मामले किसी तीसरे पक्ष से प्रभावित नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप किया

**हेग।** मिशेल सेंटर और डेरिल मिशेल के बीच अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नीदरलैंड को आठ विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। सेंटनर ने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 77 रन की पारी खेली और मिशेल (नाबाद 51) के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 गेंदों पर 123 रन की अटूट साझेदारी की। इससे न्यूजीलैंड ने छह ओवर शेष रहते हुए दो विकेट पर 149 रन बनाकर जीत हासिल की। इससे पहले नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 147 रन बनाए थे। उसकी तरफ से बास डी लीडे सर्वाधिक 53 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को पहला टी20 मैच 16 रन से जीता था।

### जिंबाब्वे ने 2013 के बाद बांग्लादेश पर वनडे में पहली जीत दर्ज की

**हरारे।** सिकंदर रजा और इनोसेंट काया के शतकों की मदद से जिंबाब्वे ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया। जिंबाब्वे की यह बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में 2013 के बाद पहली जीत है।रजा ने 109 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 135 रन बनाए। उन्होंने काया (110 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 194 रन की साझेदारी की। इससे जिंबाब्वे ने तीन विकेट पर 62 रन की खराब शुरुआत से उबरकर पांच विकेट पर 307 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले बांग्लादेश ने दो विकेट पर 303 रन बनाए थे। उसके शीर्ष क्रम के चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए। बांग्लादेश की तरफ से लिटन दास ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले सर्वाधिक 81 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान तमीम इकबाल ने 62, अनामुल हक ने 73 और मुशफिकुर रहीम ने नाबाद 52 रन का योगदान दिया। दूसरा वनडे रविवार को खेला जाएगा।

### दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड से टी20 श्रृंखला जीती

**ब्रिस्टल।** हेनरिक क्लासेन के 39 रन और वेन पार्नेल के पांच विकेट से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को दूसरे टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 44 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।दक्षिण अफ्रीका ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 182 रन बनाए। उसकी तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने सर्वाधिक 42 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 18.5 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई। हेंड्रिक्स को 12वें ओवर की पहली गेंद पर गैरेथ डेलानी ने बोल्ड किया और इस स्पिनर ने दो गेंद बाद एडेन मार्कराम (27) को भी पवेलियन भेजा। इसके बाद क्लासेन और कप्तान डेविड मिलर ने पांचवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। मिलर ने नाबाद 32 रन बनाए जिसमें तीन छक्के शामिल हैं। आयरलैंड इसके जवाब में शुरू में ही लड़खड़ा गया। उसकी तरफ से हैरी टेक्टर ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि बैरी मैकार्थी ने 19 गेंदों पर 32 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए पार्नेल ने 30 रन देकर पांच और ड्वेन प्रिटोरियस ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए।

### प्रीमियर बैडमिंटन लीग का छठा सत्र 17 दिसंबर से

**नई दिल्ली।** प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के छठे सत्र का आयोजन 17 दिसंबर से 14 जनवरी तक होगा। कोविड-19 महामारी के कारण लीग दो साल के ब्रेक के बाद वापसी करेगी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के अध्यक्ष हिमंता बिस्वा सरमा ने एक विज्ञप्ति में कहा, हम पीबीएल की वापसी से रोमांचित हैं। यह भारतीय बैडमिंटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसने देश में खेल के विकास में योगदान दिया है। लीग के पिछले पांच सत्र में साइना नेहवाल, पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत जैसे भारतीय सितारों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भाग लिया है जिसमें ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन, विक्टर एक्सेलसन, ताई त्जू-यिंग और ली चोंग वेई जैसे नाम शामिल है।

### भारतीय टीम ने लॉन बॉल्स पुरुष फोर में रजत जीता

**बर्मिंघम।** भारत ने शनिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स स्पर्धा का दूसरा पदक जीता जिसमें पुरूषों की फोर टीम ने फाइनल में उत्तरी आयरलैंड से हारकर रजत पदक से संतोष किया। उत्तरी आयरलैंड ने 18-5 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम में सुनील बहादुर (लीड), नवनीत सिंह (सेंकेड), चंदन कुमार सिंह (थर्ड) और दिनेश कुमार (स्किप) शामिल थे। उत्तरी आयरलैंड ने लॉन बॉल्स में अंतिम स्वर्ण पदक 1998 राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था। उसकी टीम में आज कैम बार्कले (लीड), एडम मैकियोन (सेकेंड), इयान मैकल्यूर (थर्ड) और मार्टिन मैकह्यूज (स्किप) थे। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में मेजबान इंग्लैंड को करीबी मुकाबले में 13-12 से मात देकर कम से कम रजत पदक पक्का कर दिया था। महिलाओं की चौकड़ी ने मंगलवार को भारत को इस स्पर्धा का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया था। उसमें लवली चौबे (लीड), पिंकी (सेकेंड), नयनमोनी सैकिया (थर्ड) और रूपा रानी टिर्की (स्किप) शामिल थे।

### परिस्थितियों में खेलने से टी20 विश्व कप में मदद मिलेगी



**लॉडरहिल।** विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि कैरेबियाई दौरे में भिन्न परिस्थितियों में खेलने से भारत को ऑस्ट्रेलिया में इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। भारत ने वर्तमान टी20 श्रृंखला के पहले तीन मैच वेस्टइंडीज में खेले जबकि बाकी बचे दो मैच वह फ्लोरिडा में खेलेगा। पहले तीन मैचों में भारतीय टीम को भिन्न परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। कार्तिक ने चौथे मैच से पूर्व कहा, मैं इसे बेहद दिलचस्प मानता हूं क्योंकि विश्व कप को लेकर मेरे दिमाग में तीन मैदान आते हैं। इनमें एक सिडनी है जिसमें अगल बगल की सीमा रेखा छोटी जबकि सीधी सीमा रेखा लंबी है। उन्होंने कहा, एडिलेड के बारे में हम सभी जानते हैं कि वहां की अगल-बगल की सीमा रेखा भी छोटी है और सीधी सीमा रेखा लंबी है जबकि मेलबर्न में ठीक इसके विपरीत है वहां सीधी सीमा रेखा छोटी जबकि अगल बगल की सीमा रेखाएं काफी लंबी है। कार्तिक ने कहा, इसलिए जाहिर है कि जहां भी हम खेलने जा रहे हैं वहां हमें भिन्न परिस्थितियां मिलेंगी। इसलिए चुनौतिया भिन्न तरह की होंगी। भारत पहला और तीसरा मैच जीतने के बाद अभी श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

# गुकेश की आठ मैचों में आठवीं जीत से भारत ने अमेरिका को हराया

**शतरंज ओलंपियाड**

**पांचवें नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को शिकस्त दी**

एजेंसी। मामल्लापुरम



**किशोर** ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी गुकेश ने दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को शिकस्त दी जिससे भारत बी टीम ने 44वें शतरंज ओलंपियाड में शनिवार को यहां ओपन वर्ग में पुरूषों की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम अमेरिका को 3-1 से हराया।

शानदार लय में चल रहे गुकेश की यह आठ मैचों में आठवीं जीत है जिससे वह लाइव रेटिंग में महान विश्वनाथन आनंद से दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय बन गए। टीम के एक अन्य किशोर खिलाड़ी जीएम रौनक साधवानी अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी जीएम लिनियर डोमिनिग्ज पेरेज को ने 45 चालों में शिकस्त देकर चौका दिया।

इसे बाद जीएम निहाल सरीन और आर प्रज्ञानानंद ने क्रमश: लेवोन अरोनियन और वेस्ले सो के खिलाफ अपने ड्रॉ खेलकर टीम को जीत दिला दी। ओपन वर्ग के एक अन्य मुकाबले में भारत सी की टीम पेरू के खिलाफ 0.5-2.5 से पीछे है। भारत ए और तालिका में शीर्ष पर काबिज आर्मेनिया के बीच बराबरी का मुकाबला चल रहा है। जीएम विदित संतोष गुजराती और एस एल नारायणन ने क्रमश: हरंत मेलकुम्यन और रॉबर्ट होवननिस्यान के खिलाफ ड्रॉ खेला।

महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत ए और यूक्रेन का मुकाबला 1.5-15 की बराबरी पर है। भारत सी को पोलैंड से 1-3 की हार का सामना करना पड़ा जबकि भारत बी ने क्रोएशिया को 3.5-1.5 से हराया।

# हॉकी कोच ने कहा, घड़ी की गलती के चलते लय गंवा दी

## ऑस्ट्रेलिया ने पेनल्टी शूटआउट में भारत को विवादास्पद तरीके से 3-0 से हराया

एजेंसी। बर्मिंघम

**राष्ट्रमंडल** खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम की ऑस्ट्रेलिया के हाथों से सेमीफाइनल में विवादास्पद हार के बाद राष्ट्रीय टीम की कोच यानेक शोपमैन ने कहा कि घड़ी की गलती के कारण उनकी खिलाड़ियों ने लय खो दी और इससे वे काफी निराश और गुस्से में थी। ऑस्ट्रेलिया ने पेनल्टी शूटआउट में भारत को विवादास्पद तरीके से 3-0 से हराया। वह स्वर्ण पदक के मुकाबले में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

पेनल्टी शूटआउट के दौरान अपना पहला प्रयास चूकने वाली ऑस्ट्रेलिया की रोजी मेलोन को एक और मौका दिया गया क्योंकि स्कोर बोर्ड पर आठ सेकेंड की उलटी गिनती शुरू नहीं हुई थी। मेलोन दूसरा मौका मिलने पर नहीं चूंकी और उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इंग्लैंड के तकनीकी अधिकारी बी मोर्गन के इस फैसले से भारतीय प्रशंसक गुस्से में थे। प्रत्येक खिलाड़ी को शूटआउट में गेंद को जाली में डालने के लिए आठ सेकेंड का समय मिलता है। मेलोन को दोबारा मौका मिलने के बाद भारतीय टीम लय गंवा बैठी और अपने पहले तीन प्रयास में गोल करने में नाकाम रही। दूसरी तरफ आस्ट्रेलिया ने अपने सभी मौकों को भुनाया। शोपमैन ने मैच के बाद कहा, इससे हमने थोड़ी लय गंवा दी। इस फैसले से हर कोई निराश था।



उन्होंने कहा, मैं इसे बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं कर रही हूं लेकिन जब आप शूटआउट में बचाव करते हैं तो इससे आपका मनोबल बढ़ता है। हमारी खिलाड़ी इस फैसले से वास्तव में बहुत निराश थी। उन्होंने घटना का जिक्र करते हुए कहा, अधिकारी ने हाथ ऊपर उठा रखा था लेकिन वास्तव में मुझे पता नहीं था। दोनों अंपायर इंग्लैंड के ए चर्च और एच हैरिसन को भी पता नहीं था। इसलिए मैं निराश थी क्योंकि अंपायर ने कहा कि इस शॉट को फिर से लेना होगा। शोपमैन ने कहा, मैंने खिलाड़ियों को शांत बनाए रखने की कोशिश की। यह बराबरी का मुकाबला था लेकिन इस घटना के बाद उनकी एकाग्रता थोड़ी भंग हो गई। दोनों टीम नियमित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।

### विवाद पर एफआईएच ने माफी मांगी

**बर्मिंघम।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के दौरान घड़ी से जुड़े विवाद पर माफी मांगी और कहा कि वह इस घटना की पूरी समीक्षा करेगा। पेनल्टी शूटआउट के दौरान अपना पहला प्रयास चूकने वाली ऑस्ट्रेलिया की रोजी मेलोन को एक और मौका दिया गया क्योंकि स्कोरबोर्ड पर आठ सेकेंड की उलटी गिनती शुरू नहीं हुई थी। मेलोन दूसरा मौका मिलने पर नहीं चुकी और उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने सेमीफाइनल का मुकाबला आखिर में शूटआउट में 0-3 से गंवाया। दोनों टीमें नियमित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। दर्शकों ने भी तकनीकी अधिकारियों के फैसले पर रोष जताया था। एफआईएच ने बयान में कहा, बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया और भारत की महिला टीमों के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के दौरान शूटआउट गलती से बहुत जल्दी शुरू हो गया था (तब घड़ी संचालित होने के लिए तैयार नहीं थी) जिसके लिए हम माफी मांगते हैं। बयान में आगे कहा गया है, इस तरह की परिस्थिति में दोबारा पेनल्टी शूटआउट लेने की प्रक्रिया है और ऐसा किया भी गया। एफआईएच इस घटना की पूरी जांच करेगा ताकि भविष्य में इस तरह के मसलों से बचा जा सके।

# निगमायुक्त की ताजा कार्रवाई ने चौटाला राज की याद ताजा करवा दी



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

**दरअसल कुछ आईएएस अधिकारी अपने आपको कानून से ऊपर समझते हैं, उन्हें लगता है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जबकि वो चाहें तो किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हमारे जनप्रतिनिधि भी उन्हें एक लोकसेवक के बजाए लाट साहब समझते हैं क्योंकि उन्हें भी अपने कुछ उल्टे-सीधे काम इन्हीं की कलम से हल करवाने होते हैं, लिहाजा जब कोई अधिकारी अपनी मनमानी करता है तो जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे रखते हैं।**

मंथन



यूं तो हरियाणा के कई आईएएस अधिकारी अपनी विवादित कार्यशैली के लिए विख्यात रहे हैं। हाल ही में फरीदाबाद निगमायुक्त यशपाल यादव ने भी एक जानी मानी सोसायटी का गेट खोल डाला और उसके आगे जेसीबी से सड़क काट डाली, इससे पूर्व फरीदाबाद में इसी पद पर रह चुके महताब सिंह सहरावत व मोहम्मद शाईन भी इसी प्रकार की मनमानी कार्यशैली को अंजाम दे चुके हैं।

दरअसल कुछ आईएएस अधिकारी अपने आपको कानून से ऊपर समझते हैं, उन्हें लगता है कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जबकि वो चाहें तो किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। हमारे जनप्रतिनिधि भी उन्हें एक लोकसेवक के बजाए लाट साहब समझते हैं क्योंकि उन्हें भी अपने कुछ उल्टे-सीधे काम इन्हीं की कलम से हल करवाने होते हैं, लिहाजा जब कोई अधिकारी अपनी मनमानी करता है तो जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे रखते हैं। हाल ही की घटना ने पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के कार्यकाल की याद ताजा कर दी, उस वक्त लिबर्टी शू कंपनी के आगे सड़क इसलि खोद दी गई थी क्योंकि लिबर्टी के मालिकों ने चौटालाजी की बात मानने से इंकार कर दिया था। आप समझ सकते हैं कि कोई उद्योगपति ऐसे कदम तब उठाता है, जब वो मांग तर्कसंगत न हो, इस बार फरीदाबाद में भी कुछ ऐसा ही हुआ। चार्मवुड विलेज के डायरेक्टर रमन सूद है, बड़े रसूकदार आदमी है। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित उनके कई शॉपिंग माल रैंजीडेंशियल सोसाइटीज व फाइव स्टार होटल है।

सूत्रों का कहना है कि किसी कार्य के लिए चार्मवुड के डायरेक्टर को निगम में हाजरी लगाने को कहा जा रहा था। हालांकि उनके कई नुमाइंदे नगर निगम में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके थे परंतु उन्हें कोई महत्व नहीं दिया गया और फिर साहब नाराज हो गए। उन्होंने नगर निगम की जमीन पर गेट लगाने की एवज में दो लाख से ज्यादा आबादी वाले क्षेत्र की सड़क बंद करने का तुगलकी फरमान जारी कर दिया। पुलिस की व्यवस्था से गेट सील किया गया, सड़क खोद दी गई परंतु इस पर जब चार्मवुड के डायरेक्टर वगैरा ने उनको टहल तवज्जो नहीं दी तो कई नोटिस जारी कर दिए। इन नोटिसों व गेट खुलवाने के लिए अपना पक्ष रखने चार्मवुड के स्टाफ के सीनियर लोग कमिश्नर कार्यालय गए परंतु उन्हें घास नहीं डाली गई। बाद में वहां की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने भी निगामयुक्त से गेट खुलवाने की गुहार लगाई पर नहीं खोला गया। इसी बीच एक स्थानीय पत्रकार ने उनकी तुलना चौटाला शासनकाल से करते हुए एक छोटी खबर लिखी और खबर का असर चंडीगढ़ तक हुआ। दोपहर बाद ही गेट खोलने का फरमान दबाव में जारी कर दिया गया परंतु जैसा कि हर बार होता है, स्थानीय विधायक इसका श्रेय लेने मौके पर पहुंच गईं और ऐसा जताया कि मानो उनके प्रयासों से गेट खोला गया है, अगर ऐसा सच में ही होता तो विधायक महोदय गेट ही न बंद होने देतीं।

खैर उपरोक्त एक घटना तो एक उदाहरण मात्र है, इन बड़े अधिकारियों को 35 साल पुराने गेट को बंद करने की जल्दी तो हो गई परंतु उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं कि उनकी नाक के नीचे निगम में भारी घोटाला हो रहा है। पिछले कमिश्नरों के कार्यकाल में भी ऐसे वाक्या हुए। कई घोटाले हुए जनता से उगाहा गया करोड़ों रूपया बिना काम करवाये बंदरबाट कर लिया गया। अभी तो चंद मुद्दों से पर्दा उठा है, गहराई से जांच होगी तो और इससे भी ज्यादा बड़े घोटाले सामने आ सकते है। लोगों को इस बात की हैरानी है कि मोहम्मद शाईन के वक्त भी अनेक बिल्डरों की इमारतें नापी गई और फिर भारी जुर्माने का डर दिखाया गया, बाद में चुपचाप सैटलमेंट हो गई। ऐसे एक नहीं दर्जनों मामले है, जब अधिकारियों ने केवल नगर निगम को लूटने दिया बल्कि आम जनता व बिल्डरों, ठेकेदारों, सप्लायरों का भी जमकर शोषण किया। दरअसल जब से यहां नगर निगम बना है, काम कम हुए है और भ्रष्टाचार ज्यादा हुआ। पहले जिले में एक आइएएस अधिकारी जिला उपायुक्त होता था या उसके मताहत अतिरिक्त जिला उपायुक्त का पद होता था। इसी प्रकार पुलिस विभाग में एक एसएसपी पूरे जिले की कानून व्यवस्था संभाल लेता था, उसके नीचे तीन-चार डीएसपी होते थे परंतु जैसे ही पुलिस कमिश्नर का पद बना यहां भी आम जनता को राहत के बजाए तंग होना पड़ गया। कानून वयवस्था पहले से ज्यादा खराब हो गई, जबकि अधिकारियों की फौज लग गई। दरअसल कोई अधिकारी जनसेवा भाव से काम नहीं कर रहा, उसका मकसद अपना स्वार्थ पहले है। यही कारण है कि फरीदाबाद की तर्ज पर हरियाणा के कई आला अधिकारी अपने पद का नजायज लाभ ले रहे है और आम जनता का शोषण कर रहे है। देखना यह होगा कि मनोहर सरकार ऐसे आला अधिकारियों का क्या इलाज करती है।

## कुलदीप भाजपा में एक तीर से दो निशाने

**पूर्व** मुख्यमंत्री गैरजाटों के निर्विवाद नेता माने जाने भजनलाल की विरासत के वारिस कुलदीप बिश्नोई विभिन्न राजनीतिक पार्टियों व खुद की पार्टी का विश्व भ्रमण कर आखिरकार गैरजाटों की पार्टी माने जाने वाली भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में आने पर जहां उन्होंने राहत की सांस ली है वहीं भाजपा ने भी हिसार, भिवानी क्षेत्र में से एक सशक्त नेता को पार्टी में शामिल कर भविष्य की चाल चल दी है। अब भाजपा की इस चाल को संभालना दुष्यंत चौटाला के लिए मुश्किल होगा। गौरतलब है कि श्री चौटाला हिसार से विधायक चुने गए थे और उनका परिवार आसपास के इलाकों को अपना क्षेत्र मानते हैं। जानकारों का कहना है कि दुष्यंत चौटाला ने जबसे भाजपा से गठबंधन किया है, भाजपा में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा। भाजपा के पूर्व कार्यकाल यानी 2014 से 2019 तक का समय काफी अच्छा रहा था। भाजपा अकेली अपने दम पर सत्ता पर आई थी, लिहाजा अपना एजेंडा चलाने में उन्हें कोई दिक्कत नहीं आई परंतु 2019 के विधानसभा चुनावों में टिकटों के गलत बंटवारे के चलते भाजपा मात्र 40 सीटों तक सिमट गई थी, लिहाजा उसे जजपा से गठबंधन को मजबूर होना पड़ा, जो जजपा के लिए तो काफी अच्छा रहा परंतु भाजपा के लिए अब तक का यह मुश्किल भरा दौर था यूं कह लीजिए मजबूरी से चलाया जा रहा राज रहा। दरअसल जजपा सुप्रीमो हरियाणा के पुराने राजनैतिक घरानों से ताल्लुक रखते है और वो राजकाज से फायदा कैसे उठाना है। अच्छी तरह से जानते है, भाजपा चाह कर भी उनकी कार्यशैली का विरोध करने की स्थिति में नहीं है परंतु अब कुलदीप बिश्नोई को भाजपा में शामिल करवा कर भाजपा ने उनका विकल्प खोज लिया है। कुलदीप किसी भी मामले में दुष्यंत चौटाला से कम नहीं है, पूरे हरियाणा में उनकी आज भी लोकप्रियता है और उनके समर्थक प्रत्येक जिले में है, जहां दुष्यंत चुनाव लड़े हैं वो कुलदीप का गृहक्षेत्र है। चर्चा है कि कुलदीप के साथ हरियाणा के कुछ और विधायक भी टूटकर भाजपा में शामिल हो सकते हैं, जिसका ऐलान आने वाले कुछ दिनों में होने की संभावना है, जैसे ही अन्य दलों के विधायक टूट कर आएंगे, उनका स्थान दलबदल कानून के तहत रिक्त हो जाएगा और ऐसे सभी विधायकों को या उनके परिजनों को भाजपा उपचुनाव में टिकट देकर विधायक बनवा सकती है, ऐसा होने से भाजपा जो अभी छह विधायकों की कमी के चलते जजपा से गठबंधन को मजबूर है। इस गठबंधन को बाय-बाय कह सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि दुष्यंत चौटाला कुलदीप को भाजपा में शामिल किए जाने के पक्ष में नहीं थे क्योंकि उन्हें पता था कि अगर ऐसा हो गया तो हिसार-भिवानी जिलों में उनका वर्चस्व कम हो जाएगा परंतु अब भाजपा वहां पहले से अधिक मजबूत होगी और सभी उपचुनाव जीतने की उम्मीद के साथ लड़ेगी।



# अद्भुत है शिवलिंग महिमा

### कस्तूरी, चंदन, कुमकुम से बने 'गंधलिंग' पूजन से शिव सायुज्य का लाभ मिलना तय : पंडित कृष्ण मेहता

प्रलय की अग्नि में सब कुछ भस्म होकर शिवलिंग में समा जाता है। लिंगोपासना की महिमा का वर्णन शास्त्रों में मिलता है। लिंग शब्द का साधारण अर्थ चिह्न अथवा लक्षण है। देव-चिह्न के अर्थ में लिंग शब्द शिवजी के ही लिंग के लिए आता है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की पुराणों में लयनालिंगमुच्यते कहा गया है अर्थात लय या प्रलय से लिंग कहते हैं। प्रलय की अग्नि में सब कुछ भस्म होकर शिवलिंग में समा जाता है। वेद-शास्त्रादि भी लिंग में लीन हो जाते हैं। फिर सृष्टि के आदि में सब कुछ लिंग से ही प्रकट होता है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की शिव मंदिरों में पाषाण निर्मित शिवलिंगों की अपेक्षा बाणलिंगों की विशेषता ही अधिक है। अधिकांश उपासक मृण्मय शिवलिंग अर्थात बाणलिंग की उपासना करते हैं।
गरुड़ पुराण तथा अन्य शास्त्रों में अनेक प्रकार के शिवलिंगों के निर्माण का विधान है। उसका संक्षिप्त वर्णन भी पाठकों के ज्ञानार्थ यहां प्रस्तुत है। दो भाग कस्तूरी, चार भाग चंदन तथा तीन भाग कुंकुम से 'गंधलिंग' बनाया जाता है। इसकी यथाविधि पूजा करने से शिव सायुज्य का लाभ मिलता है।
'रजोमय लिंग' के पूजन से सरस्वती की कृपा मिलती है। व्यक्ति शिव सायुज्य पाता है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की जौ, गेहूं, चावल के आटे से बने लिंग को 'यव गोधूमशालिज लिंग' कहते हैं।
इसकी उपासना से स्त्री, पुत्र तथा श्री सुख की प्राप्ति होती है। आरोग्य लाभ के लिए मिश्री से 'सिता खण्डमय लिंग' का निर्माण किया जाता है।पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की हरताल, त्रिकटु को लवण में मिलाकर लवज लिंग बनाया जाता है। यह उत्तम वशीकरण कारक और सौभाग्य सूचक होता है। पार्थिव लिंग से कार्य की सिद्धि होती है।
भस्ममय लिंग सर्वफल प्रदायक माना गया है। गुडोत्थ लिंग प्रीति में बढ़ोतरी करता है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की वंशांकुर निर्मित लिंग से वंश बढ़ता है। केशास्थि लिंग शत्रुओं का शमन करता है।
दुग्धोद्भव लिंग से कीर्ति, लक्ष्मी और सुख प्राप्त होता है। धात्रीफल लिंग मुक्ति लाभ और नवनीत निर्मित लिंग कीर्ति तथा स्वास्थ्य प्रदायक होता है।
स्वर्णमय लिंग से महाभुक्ति तथा रजत लिंग से विभूति मिलती है।
कांस्य और पीतल के लिंग मोक्ष कारक होते हैं। पारद शिवलिंग महान ऐश्वर्य प्रदायक माना गया है।

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की लिंग साधारणतया अंगुष्ठ प्रमाण का बनाना चाहिए। पाषाणादि से बने लिंग मोटे और बड़े होते हैं। लिंग से दोगुनी वेदी और उसका आधा योनिपीठ करने का विधान है। लिंग की लंबाई उचित प्रमाण में न होने से शत्रुओं की संख्या में वृद्धि होती है। योनिपीठ बिना या मस्तकादि अंग बिना लिंग बनाना अशुभ है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की पार्थिव लिंग अपने अंगूठे के एक पोर के बराबर बनाना चाहिए। इसके निर्माण का विशेष नियम आचरण है जिसका पालन नहीं करने पर वांछित फल की प्राप्ति नहीं हो सकती।

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की लिंगार्चन में बाणलिंग का अपना अलग ही महत्व है। वह हर प्रकार से शुभ, सौम्य और श्रेयस्कर होता है। प्रतिष्ठा में भी पाषाण की अपेक्षा बाण लिंग की स्थापना सरल व सुगम है। नर्मदा नदी के सभी कंकर 'शंकर' माने गए हैं। इन्हें नर्मदेश्वर भी कहते हैं। नर्मदा में आधा तोला से लेकर मनों तक के कंकर मिलते हैं। यह सब स्वतः प्राप्त और स्वतः संघटित होते हैं। उनमें कई लिंग तो बड़े ही अद्भुत, मनोहर, विलक्षण और सुंदर होते हैं। उनके पूजन-अर्चन से महाफल की प्राप्ति होती है। मिट्टी, पाषाण या नर्मदा की जिस किसी मूर्ति का पूजन करना हो, उसकी विधिपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा, स्थापना आदि की विधियां अनेक ग्रंथों मे वर्णित है।



पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि पवित्र मनुष्य सदा ही उत्तराभिमुख होकर शिवार्चन करें। मृत्तिका, भस्म, गोबर, आटा, तांबा और कांस का शिवलिंग बानाकर जो मनुष्य एकबार भी पूजन करता है वह अयुतकृप तक स्वर्ग में वास करता है। नौ, आठ, और सात अंगुल का शिवलिंग उत्तम होता है। तीन, छह, पांच तथा चार अंगुल का शिवलिंग मध्यम होता है। तीन, दो, और एक अंगुल का शिवलिंग कनिष्ठ होता है। इस प्रकार यथा क्रम से चर प्रतिष्ठित शिवलिंग नौ प्रकार का कहा गया है।
पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की शूद्र, जिसका उपनयन संस्कार नहीं हुआ है, स्त्री और पतित ये लोग केशव या शिव का स्पर्श करते हैं तो नरक प्राप्त करते हैं। (स्कन्द पुराण)

स्वयं प्रदुर्भूत बाणलिंग में, रत्नलिंग में, रसनिर्मित लिंग में और प्रतिष्ठित लिंग में चण्ड का अधिकार नहीं होता। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि जहां पर चण्डाधिकार होता है वहां पर मनुष्यों को उसका भोजन नहीं करना चाहिये। जहां चण्डाधिकार नहीं होता है वहां भक्ति से भोजन करें। पृथिवी, सुवर्ण, गौ, रत्न, तांबा, चांदी, वस्त्रादि को छोड़कर चण्डेश के लिये निवेदन करें। अन्य अन्न आदि, जल, ताम्बूल, गन्ध और पुष्प, भगवान् शंकर को निवेदित किया हुआ सब चण्डेश को दे देना चाहिये।विल्वपत्र तीन दिन और कमल पांच दिन वासी नहीं होता और तुलसी वासी नहीं होती।
पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि अंगुष्ठ, मध्यमा और अनामिका से पुष्प चढ़ाना चाहिये एवं अंगुष्ठ-तर्जनी से निर्माल्य को हटाना चाहिये।
'अहं शिवः शिवश्चार्य, त्वं चापि शिव एव हि।
सर्व शिवमयं ब्रह्म, शिवात्परं न किञ्चन।।
में शिव, तू शिव सब कुछ शिव मय है। शिव से परे कुछ भी नहीं है। इसीलिए कहा गया है- 'शिवोदाता, शिवोभोक्ता शिवं सर्वमिदं जगत शिव ही दाता हैं, शिव ही भोक्ता हैं। जो दिखाई पड़ रहा है यह सब शिव ही है। शिव का अर्थ है-जिसे सब चाहते हैं। सब चाहते हैं अखण्ड आनंद को। शिव का अर्थ है आनंद। शिव का अर्थ है-परम मेंगल, परम कल्याण।
रोगं हरति निर्माल्यं शोकं तु चरणोदकं।
अशेष पातकं हन्ति शम्भोर्नैवेद्य भक्षणम् ।।
पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की भगवान् शिव का निर्माल्य समस्त रोगों को नष्ट कर देता है । चरणोदक शोक नष्ट कर देता है तथा शिव जी का नैवेद्य भक्षण करने से सम्पूर्ण पाप विनष्ट हो जाते हैं।

